ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण शुक्ल पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 26 अगस्त 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-310 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

मैंने अपनी फिल्मों से महिलाओं को बहुत ... पेज 10 पर




TATA MOTORS
Connecting Aspirations

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

Cummins







वर्ष 2024 से चरणबद्ध तरीके से उत्पादन होगा शुरू

## ऐतिहासिक शुरुआत

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन** के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में देश का पहला हाइड्रोजन इंजन संयंत्र स्थापित करने की ओर बढ़ा झारखण्ड

### खास बातें :

- **₹ 350 करोड़** से अधिक का निवेश
- जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए देश की प्रतिबद्धता के साथ सजग खड़ा झारखण्ड
- स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों और कार्बन के कम उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदम
- कमर्शियल वाहन उद्योग के लिए उन्नत तकनीकी उत्पादों के निर्माण के खुले द्वार
- हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन, बैटरी इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रणाली, फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रणाली और फ्यूल डिलीवरी प्रणाली जैसे उत्पाद होंगे निर्मित
- युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार तथा कौशल विकास का होगा सृजन


### कम-से-शून्य उत्सर्जन पावरट्रेन समाधान बनाए जाएंगे

**उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार और टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड** (टाटा कमिंस प्राइवेट लिमिटेड (टीसीपीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) **के बीच हुआ एमओयू**




आज का दिन सिर्फ झारखण्ड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। मुझे खुशी है कि स्वच्छ ऊर्जा की परिकल्पना को धरातल पर उतारने का यह ऐतिहासिक कदम झारखण्ड सरकार और टाटा मोटर्स तथा कमिंस ने उठाया है।

**- हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड



PR No. 305602 (Industries) 2023-24

उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार

# शहीद एसआई के दशगात्र में शामिल हुए भाजपा नेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नक्सलियों से मुठभेड़ में शहीद हुए एसआई अमित तिवारी के दशगात्र में वरीय भाजपा नेता ब्रजेंद्र पाठक शामिल हुए। इस दौरान श्री पाठक ने शहीद के परिजनों को ढांढस बंधाया।शहीद दरोगा अमित तिवारी को श्रद्धांजलि भी अर्पित किया।उन्होंने कहा कि अमित तिवारी ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनका यह बलिदान ब्यर्थ नही जायेगे। भाजपा शहीद परिवार के साथ खड़ा है।मौके पर गढवा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, आनंद मोहन तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## नगदी समेत आभूषण की चोरी, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के गम्हर बिगहा गांव निवासी प्रमोद सिंह के घर से एक लाख रुपये नगदी, आभूषण समेत आठ लाख रुपए मूल्य की संपत्ति की चोरी कर ली गई। घटना गुरूवार की देर रात की है। गृहस्वामी तथा परिवार के अन्य सदस्यों को घटना की जानकारी शुक्रवार की अहले सुबह हुई। जब सोकर उठे तो देखा की घर के कमरे का सारा समान बिखड़ा पड़ा है और कमरे में रखे पांच बक्सा गायब है।

### अपराध नियंत्रण व सड़क सुरक्षा के तहत चलाया जा रहा वाहन चेकिंग अभियान

# हरिहरगंज अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर 12 बाइक जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** एनएच 98 थाना के पास बने अंतराज्यीय चेकपोस्ट पर शुक्रवार को बाइक चेकिंग के दौरान 12 बाइक को जब्त किया है। प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि पलामू पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण व सड़क सुरक्षा के तहद वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक हर एक बाइक चलाने वाले हेलमेट नहीं पहनते तब तक सख्ती से कार्रवाई की जायेगी। और वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिंदगी को सलामत रखने और परिवार को खुशहाली के लिए गाड़ी चलाते समय गाइडलाइन का पालन जरूर करें, छोटी सी लापरवाही बड़ी परेशानी की वजह बन सकती है।

## अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर बैठक

**नौडीहा।** अखिल भारतीय यादव महासभा पलामू के तत्वाधान में प्रांतीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव के नेतृत्व में दिन रविवार 28 अगस्त को स्थान रविंद्र यादव के मकान में चन्द्रा रेजिडेंसी के सामने समय 11:30 बजे कई मांगो को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला से लेकर प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं समाज के प्रबुद्ध जनों की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है। प्रस्तावित 5 नवंबर को चतरा में आयोजित राज्य स्तरीय शताब्दी समारोह में पलामू के उचित भागीदारी हेतु व अहीर रेजिमेंट की मांग हेतु चर्चा हुई। राष्ट्रव्यापी आंदोलन में पलामू के यादवों की उचित हिस्सेदारी कैसे सुनिश्चित हो एवं अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा हुई।

# अभियुक्त के आवास पर विश्रामपुर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पुलिस ने थाना में दर्ज नामजद प्राथमिकी के फरार अभियुक्त के आवास पर इश्तहार चिपकाया है।जिसमे अविलंब अभियुक्त को पुलिस ने कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होने की बात कही गई है अन्यथा आगे कोर्ट के आदेश पर कुर्की जप्ती भी की जा सकती है। जानकारी देते हुए एएसआई राजकुमार चौधरी ने बताया कि शातिर अपराधी आरिफ चूड़ी फरोस थाना में दर्ज कांड का अभियुक्त है और वह फरार चल रहा है। वहीं माननीय कोर्ट के आदेश पर शातिर अपराधी के सभी ठिकानों पर पुलिस छापेमारी कर रही है। उसी कड़ी में आज विश्रामपुर दर्जी मुहल्ला में स्थित उसके ससुराल वाले आवास पर इश्तेहार चिपकाया गया है। वहीं शातिर आरिफ चूरी फरोस मूल रूप से बिहार के बक्सर जिले के ददुआ गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।जो की फिलहाल फरार चल रहा है। मौके पर एएसआई संजय सिंह, महेंद्र चौधरी, हवलदार पवन कुमार, हवलदार पवन सरदार, कमरूदीन अंसारी सहित शस्त्र बल के दर्जनों जवान मौजूद थे।

# सोना सोबरन योजना के तहत लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के वार्ड 16 में डीलर विनोद कुमार के जन वितरण प्रणाली दुकान पर लाभुकों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत शुक्रवार को धोती, साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया। कार्डधारियों के बीच धोती साड़ी व लुंगी का वितरण निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी और समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। विजय कुमार रवि ने कहा कि सरकार क ी हर कल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए। पूनम देवी ने बताया कि 340 साड़ी, 240 धोती और 136 लोगों को लूंगी दिया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## गाड़ी जलाने के मामले में कई नक्सलियों पर एफआईआर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के छतरपुर और हुसैनाबाद सीमावर्ती क्षेत्र में हुए नक्सली हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। 10 लाख के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव, संजय गोदराम, सिताराम रजवार समेत कई अज्ञात नक्सली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। 23 अगस्त की घटना को लेकर छतरपुर के लठेया पिकेट प्रभारी के फर्द बयान के आधार पर आरोपी माओवादियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 148, 149, यूएपीए की धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया है। प्राथमिकी होने के बाद में माओवादियों के खिलाफ पुलिस का सर्च अभियान जारी है।

### नौकरी का सपना दिखा दिल्ली ले जाये जा रहे

# नाबालिग लड़कों को आरपीएफ टीम ने मानव तस्करी से बचाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** यह 9 नाबालिग लड़के दिल्ली जा रहे थे। इन्हें यह कहकर मनाया और फुसलाया गया था की इन सभी 9 को दिल्ली के खिलौना कारखाने में नौकरी मिल जाएगी। उन्हें यह भी सपना दिखलाया गया था कि इन 9 बच्चों को भोजन ,आवास सुविधा के अतिरिक्त 12 हजार रूपए प्रति माह इस खिलौने फैक्ट्री से मिलेगा। आरपीएफ के एक टीम जिसकी अगवाई उसके इंस्पेक्टर बनारसी यादव कर रहे थे, इन 9 नाबालिगों को डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर देखे। यह सभी 9 बच्चे अपर क्लास वेटिंग रूम के पास थे और दिल्ली जाने वाली स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इन नौ बच्चों के चेहरे पर चिंता घबराहट और अनिश्चिय साफ झलक रहा था। आरपीएफ टीम ने इनके पास जाकर पूछताछ करा तो यह पता चला कि यह सब दिल्ली के लिए टिकट लिए हुए हैं और स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना होने वाले हैं । जब इन बच्चों से पूछा गया कि उन्हें कौन दिल्ली ले जा रहा है और किसने यह सपना दिखलाया है कि वह सभी खिलौना फैक्ट्री में 12 12 हजार की नौकरी पर काम पर लगा दिये जाएंगे तो इन बच्चों ने बेड़मा गांव, जो रामगढ़ थाना के अंतर्गत आता है के 19 वर्षीय युवक मुनिफ अंसारी का नाम लिया। आश्चर्य ये है कि सभी नौ के नौ बच्चे एक ही गांव सेमरा के है। यह सेमरा गांव चैनपुर थाना अंतर्गत आता है, जबकि मुनिफ अंसारी बेडमा गांव जो रामगढ़ थाना के अंतर्गत आता है, उसका रहने वाला है। आरपीएफ टीम ने मोनीफ अंसारी से बच्चों को ले जाने से संबंधित उनके माता-पिता के सहमति पत्र को मांगा, जो मुनिफ अंसारी के पास नहीं था। मुनिफ अंसारी यह भी नहीं बता सका से इनकी नौकरी किस खिलौना फैक्ट्री में दिल्ली में लगने वाली है। आरपीएफ को संदेह हुआ कि इस मुनीफ अंसारी एक मानव तस्करी में लिप्त है और यह 9 बच्चे बाल श्रम और मानव तस्करी के शिकार होने वाले हैं। आरपीएफ ने तेजी दिखलाते हुए इन सभी नौ बच्चों को सकुशल बचा लिया और डाल्टनगंज चाइल्ड लाइन हवाले कर दिया। जबकि आरपीएफ ने कथित मानव दस्तक मुनीफ अंसारी को टाउन थाना डाल्टनगंज को सौंप दिया। मुनीफ अंसारी पर आइपीसी की धारा 363 और 370 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इसके अतिरिक्त मुनीफ अंसारी पर जेजे एक्ट की धारा 75 और 79 भी लगा दी गई है। आरपीएफ ने पुरी पारदर्शिता और स्पष्ट के साथ सुसंगत धाराओं में इन दोनों नाबालिक पुरुष बच्चों को न केवल मानव तस्करी से बचा लिय बल्कि एक कथित मानव तस्कर मुनीफ अंसारी को कानून के हवाले भी कर दिया।

# मुखिया ने जन वितरण लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पाटन के सगुना पंचायत के मुखिया मंजू देवी व डीलर मानती कुंवर के द्वारा ग्राम सगुनी मे झारखंड सरकार के सोना सुबरन धोती साड़ी योजना के तहत 100 जन वितरण प्रणाली के लाभ को के बीच धोती साड़ी लूंगी का वितरण किया। वितरण के मौके पर मुखिया मंजू देवी ने बताया कि सरकार के योजना हर लोगों तक पहुंचेगी। जिससे लोग लाभान्वित होंगे वितरण के मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र सिंह ,सईदुल अंसारी, रूपेश सिंह, प्रिंस कुमार, इमामुद्दीन अंसारी, समिति ग्रामीण उपस्थित थे।


## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा ।
(मनरेगा)

"महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) अन्तर्गत सृजित पदों के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु सूचना"

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकाँक्षी योजना "महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी" अन्तर्गत क्षेत्रीय कर्मियों के संविदा आधारित सृजित पदों पर नियुक्ति हेतु निर्गत नियुक्ति, सेवा शर्त कर्त्तव्य नियमावली–2007 एवं संशोधित नियुक्ति, सेवा शर्त कर्त्तव्य नियमावली–2017 द्वारा सृजित पदों के रिक्त पदों के विरूद्ध विभिन्न पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र Online (https://applyrdd.jharkhand.gov.in/) के माध्यम से दिनांक 29/08/2023 से 12/09/2023 तक समर्पित कर सकते है । निर्गत विज्ञापन संख्या–01/2023–24 यथा सूचना/विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है ।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक
चतरा ।

PR 305514 Rural Development(23-24)D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक .............. दिनांक ..................

**शुद्धि – पत्र**

शिवाजी मैदान के बाहर सड़क किनारे आने वाले वाहनों की पर्किंग बन्दोबस्ती करने हेतु कार्यालय ज्ञापांक 2901 दिनांक 22.08.2023 द्वारा निकाली गयी अतिअल्पकालीन सूचना में दिनांक 30.08.2023 को सरकारी अवकाश होने के कारण उक्त तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक 29.08.2023 की जाती है। शेष शर्ते यथावत् रहेगी। जिसका PR No. - 305242 है।

ह0/–
उप नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 305520 District(23-24)#D



## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

पत्रांक– 727 /दिनांक– 23.08.2023

**अति अल्पकालीन/दर आमंत्रण सूचना : 20/2023–24**

नगर पंचायत मझिऑंव क्षेत्रांतर्गत Urban Health and Wellness Centre के अंतर्गत Tele-consultantion के संचालन हेतु विभिन्न सामग्रियों की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/ विक्रेता दिनांक 02.09.2023 को 02 बजे अपराह्न तक अपना कोटेशन/ दर नगर पंचायत मझिऑंव के कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगा।

List of equipment for tele consultation Urban Health and Wellness Centre, NP Manjhiaon

| Tele Consultation Items | | | Company/Brand | Rate per pcs. | Total Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl No | Name of Items | Unit | Specification attached here | | |
| 1 | All in one computer (i5 11 Generations) | 1 | Desktop computer All in one 20-24' inc- Intel core/511th generation onwards RAM-8GB, Hard Drive 1TB or 512 SSD, UPS with inbuilt Antivirus, MS Office | | |
| 2 | Head phone with Microphone | 1 | | | |
| 3 | (View Stand) X-ray stand | 1 | | | |
| 4 | Camera | 1 | | | |
| 5 | Speaker | 2 | | | |
| 6 | Color Printer with Scanner | 2 | HP/Cannon/Epson | | |
| 7 | Internet (5G fiber) | 1 | | | |
| 8 | Computer table wodden 1 | 1 | | | |

नोट :– कोटेशन से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं Website- https://udhd.jharkhand.gov.in/पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव

PR 305508 Urban Development(23-24)#D



## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

पत्रांक– 726 / दिनांक– 23.08.2023

अति अल्पकालीन / दर आमंत्रण सूचना : 19 / 2023–24

नगर पंचायत मझिऑंव क्षेत्रांतर्गत Urban Health and Wellness Centre के संचालन हेतु Basic Equipment and Stationary की आवश्यकता है। Basic Equipment & Stationary क्रय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/ विक्रेता दिनांक 02.09.2023 को 02 बजे अपराह्न तक अपना कोटेशन/ दर नगर पंचायत मझिऑंव के कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगा।

| क0 सं0 | उपकरण / सामग्री का नाम | मात्रा | दर प्रति अदद | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Pulse Oximeter | 01 | | |
| 2 | Gluco Meter | 01 | | |
| 3 | Hemoglobin Meter | 01 | | |
| 4 | Stethoscope | 02 | | |
| 5 | BP Machine Digital | 01 | | |
| 6 | Weight Machine Digital | 01 | | |
| 7 | Height meter | 01 | | |
| 8 | Thermometer Digital | 02 | | |
| 9 | Register Large | 10 | | |
| 10 | Register Medium | 10 | | |
| 11 | Bed side Screen | 01 | | |
| 12 | Emergency Drug Tray | 01 | | |
| 13 | Nebulizer Machine | 01 | | |
| 14 | Fire Extinguisher | 02 | | |
| 15 | Ambu Bag | 01 | | |
| 16 | I/V Stand | 01 | | |
| 17 | Tongue Depression | 01 | | |
| 18 | Mouth Gag | 01 | | |
| 19 | Inverter with Battery Tobler | 01 | | |
| 20 | Dustbin | 10 | | |
| 21 | Color Coded bin | 16 | | |
| 22 | Sharp container | 02 | | |
| 23 | Towel | 06 | | |
| 24 | Suction Machine | 01 | | |
| 25 | Foot step | 01 | | |
| 26 | Nebulizer | 01 | | |
| 27 | Torch | 01 | | |
| 28 | फूल झाड़ू | 03 | | |
| 29 | Mop | 03 | | |
| 30 | सींक झाड़ू | 03 | | |
| 31 | [illegible] | 02 | | |
| 32 | A4 Paper | 02 पेटी | | |
| 33 | Pen | 10 | | |
| 34 | Bucket | 02 | | |
| 35 | Mug | 02 | | |
| 36 | Baby weight machine Digital | 01 | | |

नोट:– कोटेशन से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं Website- https://udhd.jharkhand.gov.in/पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव।

PR 305507 (Urban Development) 23-24 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, चतरा

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-04/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माणविभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 11.09.2023 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 12.09.2023 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12.09.2023 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. जिला नियंत्रण कक्ष चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Safe House in Police Line at Chatra. | 24,23,300.00 | 48500.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 2. | Development of Room and Lightning arrester at Koleshwari Mandir Hunterganj, Dist-Chatra | 11,15,600.00 | 22500.00 | 2500.00 | 04 Months |
| 3. | Construction of Community Hall Near SarnaTongri at DadhaPakaria, Dist-Chatra | 24,98,650.00 | 50000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 4. | Construction of Community Hall at Kari (Moktama) Dist-Chatra | 24,98,650.00 | 50000.00 | 5000.00 | 04 Months |
| 5. | Laying of Paver Block &Chequerred Tile Infront of VikashBhawan DRDA at Chatra | 23,56,950.00 | 47500.00 | 5000.00 | 02 Months |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल,चतरा

PR 305582 Building(23-24).D


## कांग्रेस नेता ने विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में पार्क बनवाने की मांग की

**विश्रामपुर।** कांग्रेस के विश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से रांची जाकर मुलाकात की। श्री पांडेय ने आलमगीर आलम व राजेश ठाकुर को अपना मांगपत्र सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ऋषि पांडेय ने विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में पार्क बनवाने की मांग रखी है। श्री पांडेय ने बताया कि पार्क निर्माण हेतु दो करोड़ की राशि भी विभाग द्वारा नगर परिषद को दी गयी है। लेकिन भूमि की अनुपलब्धता के चलते पार्क का निर्माण नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार के स्तर से विश्रामपुर सीओ को जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाना चाहिए। ताकि पार्क का निर्माण कार्य शुरू हो सके। ऋषि पांडेय ने कहा कि पार्क के निर्माण हो जाने से विश्रामपुर नगर परिषद की सुंदरता बढ़ेगी।आलमगीर आलम व राजेश ठाकुर ने श्री पांडेय को आश्वस्त किया कि इस दिशा में राज्य सरकार जल्द ही सकारात्मक पहल करेगी।

# आर. वाई ए सदस्यों ने किसानों की समस्या के बारे में कराया अवगत




**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** आर. वाई. ए प्रत्येक शुक्रवार की भांति इस बार भी पांकी प्रखंड कार्यालय के समक्ष सहायता केंद्र लगाई गई। सहायता केंद्र के पास कुछ किसानों ने आकर, पीएम किसान योजना का लाभ नहीं मिल पाने की बात बताई। किसानों का आवेदन लिख, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार से मिलकर उन्हें समस्या से अवगत कराया गया। बीडीओ ने आश्वस्त किया की वो किसानों के आवेदन पर गौर कर तुरंत करवाई करेंगे। आरवाईए जिलाध्यक्ष इजहार हैदर ने मौके पर कहा की, प्रखंड के लोग खुद आकर अधिकारियों से अपनी समस्या को लेकर मिलें, उन्हें किसी दलाल या प्रतिनिधि की अवश्यकता नही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी खुद आम जनों को बात सुनने के लिए शुक्रवार और मंगलवार को जनता दरबार लगा रहे हैं। साथ ही हमारा नौजवान संगठन आरवाईए भी प्रत्येक शुक्रवार को सहायता केंद्र लगा रहा है, अगर कोई भी समस्या आती है तो बेझिझक पदाधिकारियों से या सहायता केंद्र पर बैठे किसी साथी से मिल सकते हैं। प्रखंड कार्यालय जनता का है, हर सरकारी कार्यालय जनता का ही कार्यालय होता है। जरूरत है अपने कार्यालय पर अधिकार जताने का, आरवाईए आपसे अपील करती है की अपने अधिकारों को जताने के लिए शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय आइये और नौजवानों का हौसला आफजाई कीजिए। आइसा राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ भी नौजवानों का हौसला बढ़ाने प्रखंड कार्यालय पहुंचे थें। सहायता केंद्र में अखिलेश रवि, विजय कुमार, गुड्डू भुइयां, शाहिद, शमीम के साथ दर्जनों नौजवान साथी मौजूद थें।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण शुक्ल पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 26 अगस्त 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-310 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

मैंने अपनी फिल्मों से महिलाओं को बहुत ... पेज 10 पर



**NEWS** इन ब्रीफ

### नेतरहाट में महिला की गर्दन काट कर हत्या

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत रचांग बटूवाटोली गांव में गुरुवार की रात एक महिला की धारदार हथियार (टांगी) से गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। महिला का शव उसके घर से कुछ दूर मकई टांड में मिला। शुक्रवार लगभग 11 बजे रचांग बटूवाटोली गांव के ग्रामीणों द्वारा फोन करके नेतरहाट मुखिया रामबिशुन नगेसिया को हत्या होने की खबर दी गई। मुखिया द्वारा नेतरहाट थाना को खबर किया गया। वहीं थाना प्रभारी बंधन भगत और मुखिया पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल में पहुंचे तो घर के पीछे मकई टांड में महिला रनकी देवी (45) पति सुखचरण किसान का शव मिला। महिला की गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया गया था। पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर नेतरहाट थाना लाया गया। शनिवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा जाएगा। ज्ञात हो कि बटुआटोली गांव जंगल के बीच बसा हुआ है। इस संबंध में प्रभारी श्री भगत ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। हत्या की वजह का पता किया जा रहा है। हत्या के आरोपी के गिरफ्तारी को लेकर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

### जमीन घोटाले के आरोपी तल्हा खान की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** जमीन घोटाले के आरोपित तल्हा खान की जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने शुक्रवार को जमानत याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व अदालत ने बीते 19 अगस्त को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट में तल्हा खान के अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने और ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। तल्हा खान को ईडी ने अप्रैल महीने में जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार किया था।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल के छत से गिरी छात्रा, अस्पताल में भर्ती

**रांची।** तुपुदाना ओपी क्षेत्र के हुलहुंडू में स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल में क्लास छह बी की छात्रा शुक्रवार को संदेहास्पद स्थिति में छत से गिर गई। आनन फानन में स्कूल प्रबंधन ने छात्रा को गंभीर रूप से घायल अवस्था में पारस अस्पताल में भर्ती कराया है। छात्रा आराध्या श्रेष्ठ के सिर और शरीर के कई हिस्सों में गम्भीर चोट लगी है। वह आईसीयू में भर्ती है। डॉक्टर के अनुसार छात्रा की हालत गंभीर है। इस संबंध में तुपुदाना ओपी प्रभारी मीरा सिंह ने बताया कि पुलिस की एक टीम स्कूल में जांच कर रही है जबकि दूसरी टीम अस्पताल में है। बच्ची किन परिस्थितियों में छत से नीचे गिरी है इसकी जांच की जा रही है।

## देवघर श्रावणी मेले में तैनात पुलिसकर्मियों की छुट्टी स्थगित, नेम प्लेट लगाना अनिवार्य

**देवघर।** जिले में राजकीय श्रावणी मेले में तैनात पुलिसकर्मियों की अगले आदेश तक के लिए सभी प्रकार की छुट्टी स्थगित कर दी गई है। देवघर एसपी ने शुक्रवार को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि मलमास की समाप्ति के बाद बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलार्पण के लिए काफी भीड़ होने की संभावना है। इसको देखते हुए सभी प्रकार के अवकाश को अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है। सभी ओपी, टीओपी, थाना प्रभारी और शाखा



प्रभारी अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। आदेश में कहा गया है कि श्रावणी मेले के दौरान प्रायः देखा गया कि पुलिसकर्मी बिना नेम प्लेट के डयूटी में रहते हैं। इसलिए सभी ओपी, टीओपी एवं क्यूआरटी प्रभारी को आदेश दिया जाता है कि डयूटी के दौरान सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मी नेम प्लेट निश्चित रूप से लगायेंगे। डयूटी के दौरान बिना नेम प्लेट के पाये जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

### कुख्यात अमन साहू के नाम पर मांगी रंगदारी, मामला दर्ज

**मेदिनीनगर।** पलामू कुख्यात अपराधी अमन साहू के नाम पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में डालटनगंज के चियांकी स्थित सेकेंड हैंड गाड़ी शोरूम के मालिक गोविंद विश्वकर्मा ने गुरुवार को मेदिनीनगर शहर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। शोरूम मालिक रेड़मा के प्रतापनगर निवासी गोविंद ने पुलिस को बताया है कि उसके मोबाइल पर बब्लू शूटर नामक व्यक्ति ने फोन कर अमन साहू के नाम पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। अनुपालन न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद उनकी मुश्किलें बढ़ गयीं हैं। इसके अलावा उनका परिवार परेशान है। गोविंद ने नगर थाने में मामला दर्ज कर सुरक्षा की गुहार लगायी है।

थाना क्षेत्र के बरवाटोली पंचायत के जमुआरी गांव की घटना

## चंदवा में युवक की गोली मारकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाटोली पंचायत के जमुआरी गांव में गुरुवार की रात अज्ञात बदमाशों ने प्रदुमन यादव (35) के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बबलू कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच करते हुए शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। युवक की हत्या किसने और क्यों की है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक के पिता सहंगु यादव ने बताया कि वे लोग रात में अपने घर में थे। किसी रिश्तेदार का फोन आया था और घर के लोग उससे बात कर रहे थे। प्रदुम्न भी फोन लेकर उनसे बात करने लगा और टहलते हुए घर से बाहर चला गया। इसी बीच अचानक गोली चलने की आवाज सुनायी दी। घर के लोग बाहर निकले तो देखा कि प्रदुम्न जमीन पर गिरकर छटपटा रहा है। अंधेरा होने के कारण कुछ पता नहीं चल सका। हालांकि, इस दौरान कुछ लोगों के भागने की आवाज भी सुनायी दी। जब तक हमलोग कुछ समझ पाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि प्रदुमन की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। वह वन विभाग में छोटे-मोटे काम करता था। इसके अलावा टेंपो भी चलाता था। इधर घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक का एक आठ साल का बेटा और एक चार साल की बेटी है। इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का अनुसंधान करते हुए पूरी घटना का खुलासा कर लिया जायेगा।

टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन व उद्योग विभाग के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

# राज्य के विकास को गति देगी हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना : हेमंत सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना के लिए टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस के संयुक्त उपक्रम तथा झारखंड सरकार के बीच एमओयू होना निश्चित रूप से झारखंड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। ईश्वर ने इस राज्य को विभिन्न प्रकार की खनिज संपदाओं से आच्छादित किया है। यही कारण है कि झारखंड में कई छोटे-बड़े उद्योगों के साथ बड़े-बड़े तकनीकी उद्योग भी स्थापित हुए हैं। हाइड्रोजन इंजन निर्माण परियोजना निश्चित रूप से राज्य के विकास को गति देगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय के सभागार में टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशन प्रा. लिमिटेड (टाटा मोटर्स लिमिटेड और टाटा कमिंस लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम) के साथ उद्योग विभाग, झारखंड सरकार के बीच हाइड्रोजन इंजन निर्माण से संबंधित नई परियोजना के लिए एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से दो दिन पहले देशभर में चंद्रयान मिशन को लेकर काफी चर्चाएं हो रही थीं। अंततोगत्वा भारत ने चंद्रयान मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया। हमारे वैज्ञानिकों ने यह फिर साबित कर दिखाया कि भारत किसी से कम नहीं है। इस अभियान में झारखंड के बोकारो जिले के निवासी एक आदिवासी युवा शिवशंकर बेसरा का भी सराहनीय योगदान रहा है। शिवशंकर बेसरा इसरो की टीम में वैज्ञानिक के रूप में शामिल हैं।

### झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में शामिल है। हमारा राज्य पिछड़े राज्यों की लाइन में क्यों खड़ा है, मैं इसका मुकम्मल हल नहीं ढूंढ पाया हूं लेकिन हल ढूंढने के लिए निरंतर प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार झारखंड के युवा पीढ़ी की सोच के अनुरूप, यहां की जन भावनाओं के अनुरूप विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए राज्य को आगे बढ़ने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य सरकार झारखंड की धरती पर हाइड्रोजन इंजन निर्माण के लिए टाटा मोटर्स एवं टाटा कमिंस के संयुक्त उपक्रम के साथ समझौता हस्ताक्षर कर रही है। परियोजना के शुरूआती दौर में हाइड्रोजन इंजन का इस्तेमाल सिर्फ हैवी व्हीकल में किया जाएगा लेकिन धीरे-धीरे इसके दायरे बढ़ेंगे तथा छोटे वाहनों में भी हाइड्रोजन इंजन इस्तेमाल करने की परिकल्पना को पूरा किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि ऐसे ही प्रयासों से झारखंड पिछड़े राज्यों की श्रेणी से निकलकर देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रदेश का 30 प्रतिशत हिस्सा जंगलों से घिरा हुआ है। छोटे-छोटे झार-वनों को मिला दें तो यह बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाता है।

इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022

## 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में रांची नंबर वन

### केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय ने की घोषणा

**रांची।** केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 का परिणाम घोषित कर दिया है। भारत सरकार द्वारा जारी इस अवार्ड कॉन्टेस्ट में फिर से एक बार झारखंड की राजधानी रांची ने अपना परचम लहराया है। पूर्वी क्षेत्र के 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में रांची को नंबर वन अवार्ड से नवाजा गया है, बहुत जल्द राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले एक बड़े कार्यक्रम में अवार्ड वितरण किया जाएगा। जिसमें रांची स्मार्ट सिटी को भी सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अवार्ड की घोषणा की है। राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव एवं रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार चौबे ने नगर विकास विभाग ,रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन और स्मार्ट सिटी के विकास में जुड़े विभिन्न एजेंसियों के पदाधिकारी एवं कर्मियों को बधाई दिया है इसके साथ ही, रांची की जनता को भी सहयोग के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है। विभागीय सचिव ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है और इसी कुशल नेतृत्व की वजह से हमारा प्रदेश और स्मार्ट सिटी रांची, स्मार्ट सिटी मिशन की योजनाओं में लगातार अग्रणी पंक्ति में खड़ा है। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ अमित कुमार ने इस अवार्ड के लिए केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है साथ ही राज्य सरकार के कुशल नेतृत्व और माननीय मुख्यमंत्री तथा विभागीय सचिव के कुशल मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि रांची स्मार्ट सिटी आने वाले वर्षों में और भी कई अवार्ड का हकदार बनेगा। उन्होंने रांची स्मार्ट सिटी के विकास और प्रगति के लिए पूरी टीम को बधाई दी है। गौरतलब है कि भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन की ओर से देश के 100 चुने हुए शहरों में स्मार्ट सिटी की योजना चल रही है। इन योजनाओं की प्रगति और शहरों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्य को आधार बनाकर प्रतिवर्ष भारत सरकार की ओर से इंडिया स्मार्ट सिटी अवार्ड कॉन्टेस्ट का आयोजन किया जाता है। इस कांटेस्ट में कई बार रांची स्मार्ट सिटी को सम्मानित किया गया है।

रामलला मंदिर उद्घाटन के दिन देश-विदेश के मंदिरों में जलेगा दीप

## हर घर में पांच दीपक जलाने का होगा कार्यक्रम

**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** अयोध्या में राम लला मंदिर के उद्घाटन के दिन पूरे देश व विदेश में सारे मंदिरों में दीप जलाने का कार्यक्रम होगा। पूरे विश्व के हर हिन्दू परिवारों को भी पांच दीप जलाने के कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया जायेगा। इस तरह न केवल देश भर में, बल्कि विश्व भर में रामलला मंदिर निर्माण उद्घाटन दीप महोत्सव मनाया जाएगा। और यह एक सप्ताह यानी सात दिन चलेगा। उद्घाटन के समय अयोध्या के राम मंदिर के साथ-साथ देश व विश्व के सभी हिन्दू मंदिरों में भी पूजा-पाठ करने, कराने की तैयारी है। भारत



में उस दिन सायं काल सभी मंदिरों में दीप जलाने का कार्यक्रम होगा। जिसमें हर समाज के लोगों को बुलाया जाएगा। भगवान राम के अयोध्या वापसी समारोह की तरह इसे मनाने का कार्यक्रम है।

## योगेंद्र कराता था ईडी अफसरों की जासूसी, पूछताछ आज

### शराब, जमीन खरीद में योगेंद्र की भूमिका संदिग्ध

**रांची।** झारखंड में थोक शराब कारोबार सिंडिकेट बनाकर हथियाने व देवघर जमीन खरीद मामले में कारोबारी योगेंद्र तिवारी व उसके सगे भाई अमरेंद्र तिवारी से ईडी शनिवार को पूछताछ करेगी। ईडी ने दोनों को दिन के 11 बजे तक उपस्थित होने का निर्देश समन के जरिए किया है। ईडी के अधिकारियों को जानकारी मिली है कि योगेंद्र तिवारी के द्वारा ईडी के अफसरों की जासूसी भी करायी जाती थी, साथ ही उनके गतिविधियों पर नजर भी रखा जाता था।

### प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी से मदद की सूचना

ईडी को जानकारी मिली कि योगेंद्र तिवारी बीते कई महीनों से ईडी के अफसरों की जासूसी कराते थे। बकायदा इसके लिए प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी की भी मदद योगेंद्र तिवारी के द्वारा लिए जाने की सूचना ईडी को मिली है। बुधवार को योगेंद्र तिवारी से पूछताछ के दौरान अधिकारियों ने इस संबंध में भी जानकारी मांगी। जानकारी के मुताबिक, प्रेम प्रकाश के यहां हुए छापे के बाद ही योगेंद्र तिवारी ईडी की रडार पर आ गया था। तब से ही उसके द्वारा ईडी के अफसरों की गतिविधि पर नजर रखी जाती थी। कई बार ईडी के अफसरों के कहीं आने जाने की रेकी भी कराने की बात सामने आयी है।

### विष्णु अग्रवाल की पत्नी से भी पूछताछ

**रांची।** रांची में चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद को लेकर जेल में बंद कारोबारी विष्णु अग्रवाल की पत्नी अनुश्री अग्रवाल से ईडी शनिवार को पूछताछ करेगी। ईडी ने उन्हें रांची जोनल आफिस में आकर बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया है। पूर्व में भी एक बार ईडी अनुश्री अग्रवाल से पूछताछ कर चुकी है। तब उन्होंने बताया था कि जमीन की खरीद के बारे में उन्हें अधिक जानकारी नहीं है। उनके पति ही कारोबार देखते हैं। गौरतलब है कि फर्जी डीड के जरिए चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन का सौदा विष्णु अग्रवाल के द्वारा किया गया था। इस मामले में ईडी जल्द ही चार्जशीट दायर करने वाली है। इस मामले में जेल में बंद पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को भी आरोपी बनाया गया है।

नवाचार — देश का पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्कूल, जिसमें

# पढ़ेंगे 8 वीं से 12वीं तक के छात्र

**- आरपी सिंह**



**नई दिल्ली।** अब कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्कूल भी खुलने लगे,और वह भी भारत में। भारत में भी बेंगलुरू या पूना या हैदराबाद या गुड़गांव या नोएडा जैसे इनफारमेशन टेक्नालाजी के हब स्थानों पर नहीं , बल्कि गैर भाजपा शासित राज्य केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में खुला है। यह देश का पहला एआई स्कूल है। जो शांतिगिरी विद्या भवन में खुला है। इसका शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। जिसमें कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक के छात्रों को पढ़ाया जाएगा।

इस एआई स्कूल में छात्रों को कई शिक्षकों का समर्थन, टेस्टिंग के विभिन्न स्तर, योग्यता परीक्षण, परामर्श, करियर के लिए योजना बनाने में मदद व चीजों को बेहतर ढंग से याद रखने की ट्रिक जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इस एआई स्कूल में छात्रों के सीखने के अनुभव को बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व एडवांस्ड टेक्नोलॉजिकल सिस्टम की मदद ली जाएगी। एआई स्कूल, आई-लर्निंग इंजन अमेरिका और वैदिक ई-स्कूल के बीच सहयोग से खोला गया है। इस प्रोजेक्ट पर पूर्व मुख्य सचिव, डीजीपी और कुलपति जैसे विशेषज्ञ लोग काम करेंगे। इसमें एआई की मदद से पाठ्यक्रम डिजाइन, पर्सनलाइज्ड लर्निंग, मूल्यांकन व छात्र सपोर्ट सहित शिक्षा के विभिन्न पहलुओं में मशीन लर्निंग, नैचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और डाटा एनालिसिस जैसी एआई टेक्नोलॉजीज का एंट्रीग्रेशन शामिल है। स्कूल की एआई-संचालित सुविधाओं में मल्टी-टीचर रिवीजन सपोर्ट, मल्टीलेवल असेसमेंट, एप्टीट्यूड टेस्ट, साइकोमेट्रिक काउंसलिंग, करियर मैपिंग, क्षमता में वृद्धि, मेमोरी तकनीक, संचार और लेखन कौशल, इंटरव्यू और ग्रुप डिस्कशन स्किल, मैथमेटिक्स स्किल, व्यवहार शिष्टाचार, अंग्रेजी भाषा में अच्छी पकड़ और इमोशनल व मेंटल क्षमताओं का विकास प्रशिक्षण शामिल हैं।

### के श्रीनिवासन सहित तीन आइएएस अधिकारियों का तबादला

**रांची।** राज्य सरकार ने दो आईएएस अफसरों की पोस्टिंग और एक आईएएस का तबादला किया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार पदस्थापना के प्रतीक्षारत आईएएस के श्रीनिवासन को एटीआई का निदेशक बनाया गया है। जबकि एटीआई के निदेशक मुकेश कुमार का तबादला करते हुए वित्त विभाग के अंकेक्षण निदेशालय का निदेशक बनाया गया है। कुमार को अपने कार्यों के अतिरिक्त निदेशक पेंशन लेखा निदेशायल वित्त विभाग के अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। इसके अलावा पदस्थापना के प्रतीक्षारत शशि रंजन को जियाडा का एमडी बनाया गया है। रंजन को अगले आदेश तक के लिए मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड का मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## खनन के बाद माइंस के रख-रखाव की जरूरत : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि देश के विकास के लिए औद्योगिक विकास का होना नितांत आवश्यक है लेकिन हमें यह देखना होगा कि इसका पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। खनन किये जाने के पश्चात सुनियोजित तरीके से माइंस के रख-रखाव एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उस पर कार्रवाई करने की जरूरत है। राज्यपाल शुक्रवार को होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित द्वितीय झारखंड माइनिंग में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज की दृष्टिकोण से अहम स्थान रखता है और देश के औद्योगिक विकास के क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन यहां के लोगों के जीवनस्तर में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। राज्यपाल ने कहा कि माइनिंग का स्वरूप अब लगातार



बदल रहा है। पारंपरिक तरीके से की जाने वाली माइनिंग के स्थान पर अब अग्रणी तकनीक से माइनिंग करना प्रारंभ हो गया है। इस अग्रणी तकनीक में ऑटोमेशन, रोबोट, डाटा एनालिटिक्स इत्यादि का उपयोग होने से माइनिंग की क्षमता, वहां कार्य करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पर्यावरण की रक्षा पहले की अपेक्षा बेहतर तरीके से करना शुरू कर दिया गया है। इसके साथ माइनिंग के अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन पर भी जोर दिया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि माइनिंग में काम करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा एवं उनके स्वास्थ्य की रक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। माइनिंग क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं पर भी ध्यान देना जरूरी है, तभी हम सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए इस समिट में गंभीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है।

## रमना प्रखंड में दर्जनों पशुओं की मौत, विभाग संसाधनों की कमी का रोना रहा

# लंपी ने मचाई तबाही, पशुपालक परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। रमना** प्रखंड में लंपी वायरस ने भयंकर तबाही मचाई हुई है। प्रखंड में इस वायरस से दर्जनों गायों की मौत हो चुकी है, जिससे पशुपालकों का पशुपालन व्यवसाय में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। अभी भी यह बीमारी तेजी से पशुओं में फैल रही है। इसकी रोक-थाम के लिए पशुपालन विभाग की तरफ से कोई भी कारगर कदम या दिशा निर्देश पशुपालकों को अभी तक नहीं दिया गया है। अगर समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो यह महामारी का रूप ले लेगा, जिससे पशुपालकों को आर्थिक रूप से भारी नुकसान होगा।

### यह बीमारी विषाणु जनित संक्रामक रोग

यह बीमारी एक संक्रामक रोग विषाणु जनित बीमारी है, जो गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में पायी जाती है। इस रोग का प्रसार पशुओं में मक्खी, चिचडी (किलनी/अठई) एंव मच्छरों के काटने से होता है। इस बीमारी से संक्रमित पशुओ में हल्का बुखार हो जाता है और पूरे शरीर पर जगह-जगह गांठे उभर आती है। जल्द से इलाज नहीं कराया गया तो पशु के पूरे शरीर में फैल जाता है और पशु की मृत्यु हो जाती है।

### क्या कहत हैं क्षेत्र के पशुपालक किसान

सिलिदाग ग्राम के पशुपालक किसान संजय राम ने बताया कि उसकी भी एक बाच्छी इस बीमारी से ग्रसित हुई, जिसका इलाज कराया तो दूसरे पशु को हो गया और उसके पूरे शरीर में फैल गया। पहले बरसात में पशुओं को बीमारी से बचाव के लिए पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को पशुओं को रोग से बचाव के लिए जागरूक और जरूरी दिशा निर्देश दिया जाता था। साथ ही पशुओं को टीकाकरण किया जाता था, लेकिन इस बार टीकाकरण भी नहीं हुआ। हरादाग ग्राम निवासी समाजसेवी देवदास प्रजापति ने बताया कि इस पंचायत में भी गांठ वाली (लंपी) बीमारी से सैकड़ों पशु ग्रसित हैं। इस प्रकार की अचानक आयी नयी बीमारी से पशुपालक भयभीत हैं। पशु पालन विभाग द्वारा अभी तक कोई भी कारगर पहल नहीं की गयी है। पशुपालक अपने से ही लोकल मैत्री से इलाज करा रहा है, लेकिन यह इलाज कारगर साबित नहीं हो रहा है।

### प्रभावित पशु को अन्य से अलग रखें किसान

इस संबंध में रमना प्रखंड के पशु चिकित्सापदाधिकारी चंदन कुमार चौधरी ने बताया कि यदी किसी भी पशुपालक को अपनी गायों में इस बीमारी का लक्षण दिखे तो वह तत्काल पशु चिकित्सा विभाग को सूचित करें और इलाज कराएं। पशुओं में तेजी से फैल रही लंपी बीमारी की प्रभावी रोकथाम एवं जागरुकता के संबंध में बताते हुए पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी पशु में बीमारी के लक्षण दिखे तो तत्काल निकटतम पशु चिकित्साधिकारी को सूचित करें। प्रभावित पशु को अन्य पशुओं से अलग रखें। साथ ही उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सकों की कमी के कारण मुझे चार प्रखंडो का प्रभार मिला है और इसके कारण टीकाकरण का कार्य करने में मुश्किल हो रही है। फिर भी कर्णपुरा प्रखंड में टीकाकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। मैत्री कर्मियों के द्वारा इस विपरीत परिस्थिति में भी भरपूर सहयोग नहीं मिलने से इस प्रखंड की 11 पंचायतों के 40 ग्रामों में उक्त बीमारी का समुचित निदान नहीं हो पा रहा है और टीकाकरण का कार्य भी तेजी से नहीं हो पा रहा है। विभाग से 1000 टीकों की मांग की गयी है। जल्द ही लंपी बीमारी और खोरहा चपका का टीकाकारण किया जायेगा। साथ ही कैंप लगाकर पशुपालकों को जागरूक एवं आवश्यक दवा का वितरण किया जायेगा।

### क्या कहती हैं सिलिदाग पंचायत की मुखिया



इस संबंध में सिलिदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने कहा कि पशुओं की हो रही मृत्यु से पशुपालकों को आर्थिक रूप से काफी नुकसान हो रहा है। इस संबंध में रमना प्रखंड के पशु चिकित्सापदाधिकारी से बात कर पशुओं का टीकाकरण जल्द कराया जायेगा, जिससे पशुओं को बीमारियों से बचाया जा सके और पशुपालको को आर्थिक नुकसान नहीं हो।

## बागवानी योजना के लाभुकों को मिला प्रशिक्षण

**केतार।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शुक्रवार को बागवानी सखी और बागवानी लाभुकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ मुकेश मछुआ और बीपीओ मनोज कुमार के द्वारा बारी- बारी से बागवानी के बारे में लाभुकों को विस्तार रूप से जानकारी दी गई। बीपीओ मनोज कुमार ने लाभुकों को वर्मी कम्पोस्ट, निमखली और डोलोमाइट, फास्फेट को उचित मात्रा में मिश्रित कर गड्ढा की भराई करने को कहा। गड्ढा भराई के एक सप्ताह बाद पौधरोपण करने का निर्देश लाभुकों को दिया गया। पौधरोपण के बाद पौधों की देख-रेख निडाई गुड़ाई करने, नियमित सिंचाई करने को कहा गया ताकि पौधरोपण के बाद पौधा शत प्रतिशत सुरक्षा बनी रहे। बीडीओ ने कहा कि बागवानी योजना का लाभ उठाकर किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इससे जहां एक ओर स्थानीय मजदूरों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है, वहीं बागवानी योजना से किसान भी आत्मनिर्भर बन सकेंगे। मौके पर पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, जेई अमर भारती, आनंद कुमार, रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, राम कुमार प्रजापति, बागवानी सखी मीना कुमारी, प्रियंका, रेणु देवी, सुषमा कुंवर, लाभुक सुरेंद्र सिंह, सुबा सिंह, शंभू साह आदि मौजूद थे।

# पक्की सड़क से जुड़ेगा हर गांव : मंत्री मिथिलेश

### सात करोड़, 36 लाख की लागत से होगा तीन सड़कों का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में सात करोड़, 36 लाख रुपये की लागत से तीन नये सड़कों का निर्माण किया जाएग। राज्य के ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड अंतर्गत चेचरिया पंचायत में गढ़वा - मंझिआव पीडब्ल्यूडी पथ से बाजूडीह शिव झरना वाया राजकीय प्राथमिक विद्यालय तक चार करोड़, 50 लाख, 36 हजार, 700 रुपए की लागत से 3.830 किमी, गढ़वा प्रखंड के बिरबंधा पंचायत में ग्राम जड़गड़ टोला नावादोहरी से त्रिवेणी चौक होते हुए बंडा पुल तक एक करोड़, 51 लाख, 22 हजार, 300 रुपए की लागत से 1. 210 किलोमीटर तथा संग्रहे खुर्द पंचायत में बेलचंपा- मंझिआव राजमार्ग से गिद्दा बस्ती होते हुए लुकमान अंसारी के घर तक एक करोड़, 34 लाख, 83 हजार, 400 रुपए की लागत से 1.3 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि ये सभी सड़कें काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं। ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी उत्पन्न होती है। जनहित में सड़कों का निर्माण अति आवश्यक था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने भी स्थिति को देखा है। लंबे समय से ग्रामीण इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। अब ग्रामीणों की मांग पूरी हो गई है। शीघ्र ही उन्हें बेहतर सड़क उपलब्ध होगा। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में कई अन्य सड़कें भी काफी जर्जर स्थिति में हैं। वे सभी सड़कों के निर्माण के लिए प्रयासरत हैं। आने वाले समय में बहुत जल्द ही अन्य जर्जर सड़कों का भी निर्माण कार्य कराया जाएगा। कहा कि पूरे गढ़वा में बेहतर सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। गढ़वा का एक-एक गांव पक्की सड़क से जुड़ जाए इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। अब तक कई गांव को बेहतर पक्की सड़कों से जोड़ दिया गया है। शेष की योजना पाइप लाइन में है। शीघ्र ही वह भी पूरी होगी। गढ़वा वर्षों से विकास के मामले में उपेक्षित रहा है, परंतु अब स्थिति बदल गई है। जनता ने जिस उम्मीद व विश्वास से उन्हें चुना है वे उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए दिन-रात प्रयासरत हैं।

# बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

### प्राथमिकी का शिकार बने राजकुमार ने कार्रवाई को बताया मनगढ़ंत

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई** बिजली चोरी के आरोप में विभाग के कनीय अभियंता राहुल कुमार के द्वारा शुक्रवार को प्रखंड के सात लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिक की दर्ज करायी गयी है। उक्त लोगों में तीन डंडई गांव के हैं जबकि तीन ही जरही और एक झोंतर गांव का निवासी है।

डंडई गांव के राजकुमार साहू, दिलीप कुमार मेहता, पप्पू पटवा, जरही गांव के सरजू साह, धनंजय साह, सुदामा चौधरी और झोंतर गांव के रामजी चौधरी का नाम शामिल है। कार्रवाई का शिकार बने लोगों पर अलग-अलग तरह का आरोप लगा कनीय अभियंता के द्वारा उक्त लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं उसके आरोप में उक्त लोगों पर अलग-अलग राशि का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। उसके अनुसार न्यूनतम 5600 रुपये की राशि से लेकर अधिकतम 12000 रुपये तक की राशि शामिल है। कनीय अभियंता ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कराये गये लोगों में कुछ लोग अवैध तरीके से मोटर चलाने का काम कर रहे थे तो कुछ लोग टोका लगाकर बिजली चोरी का काम कर रहे थे। जांच पड़ताल के दौरान पकड़े जाने के बाद उक्त लोगों के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिक के दर्ज कराया गया है। साथ ही अलग-अलग राशि के अनुसार उक्त लोगों के खिलाफ आर्थिक दंड भी लगाया गया है।

उधर कार्रवाई की जानकारी मिलते ही राजकुमार साह अपने नवनिर्मित भवन के पास पहुंचकर उक्त अधिकारी के खिलाफ दम तक भड़ास निकाली। कहा कि ऊर्जा आधारित बिजली से मोटर चलाने की बात तो दूर आज तक ऊर्जा की बिजली से अपने घर में बल्ब तक भी नहीं जलाया गया है। उन्होंने कहा कि मुझे जब-जब मोटर चलाने या बल्ब जलाने की जरूरत पड़ती है तब तब सिद्धेश्वर प्रसाद के जनरेटर से लाइन को टैग कर अपने कामों को निपटारा करने का काम कर लेता हूं, लेकिन जिस दिन कनीय अभियंता के द्वारा बिजली चोरी की जांच पड़ताल की जा रही थी उस दिन मेरे घर में ताला लटका हुआ था। सुबह से शाम तक घर में बंद ताला खुला ही नहीं तो उनके द्वारा कहां से घर में चलता हुआ मोटर और कमरे में जलता हुआ बल्ब दिखाई दे दिया कि मेरे ऊपर प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नेक इंसान के ऊपर झूठ के थाने में प्राथमिकी दर्ज करा कर बेवजह मुझे परेशान करने का काम उक्त अधिकारी के द्वारा किया गया है। राजकुमार ने मामले की लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों को करने की बात कही है।

## 17 वर्षीय लड़की ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चिनिया।** थाना क्षेत्र के रानीचेरी गांव निवासी राजमुनी कोरवा के 17 वर्षीय पुत्रि संजू कुमारी ने धनकुटी दामर में महुआ के पेड़ पर अपने ही दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार की देर रात की बताई जा रही है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि संजू कुमारी बुधवार की देर शाम घर से निकली थी। उसके बाद हम लोगों के द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं उसका पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह उसका शव ग्रामीण बकरी चरवाहा ने धनकुटी दामर में स्थित महुआ के पेड़ पर उसके ही दुपट्टे से फांसी पर झूलता हुआ देखा। संजू चिनिया प्लस टू उच्च विद्यालय की इंटर की छात्रा थी। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया। पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टिया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है।

## खतरे को आमंत्रित कर रहा है सूखे आम का विशाल पेड़



**बड़गड़। टेहरी मुख्य मार्ग पर बाड़ीखजुरी स्थित संत पीटर स्कूल के पास वर्षो से सूखे आम के पेड़ खतरे को आमंत्रित करता प्रतीत हो रहा है। सड़क के किनारे उक्त आम का पेड़ लगभग दो वर्ष पूर्व वज्रपात होने के कारण पूरी तरह सूख गया है। विशाल पेड़ की डाली टूट टूट कर हमेशा सड़क पर गिरते रहती है जिस कारण कभी भी यहां बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। यहां बता दें कि यह मुख्य मार्ग व्यस्त रहता है। उक्त मार्ग से ही यात्री बस सहित अन्य छोटे बड़े वाहनों का दिन भर आवागमन होते रहता है। सड़क किनारे सूखे आम के नीचे से होकर संत पीटर स्कूल में पढ़ने वाले छात्र एवं अभिभावक स्कूल लगने एवं छुट्टी के समय गुजरते हैं। पेड़ की डाली टूटकर गिरने एवं चोटिल होने का भय लोगों में बना रहता है। विद्यालय परिवार सहित छात्र एवं अभिभावकों तथा प्रतिदिन उक्त सड़क से गुजरने वाले प्रखंड के विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने स्थानीय प्रसासन एवं जिले के उपायुक्त से सूखे आम के पेड़ से होने वाले संभावित खतरे से बचाने को लेकर उक्त पेड़ को कटवाने की मांग की है।**

## संक्षिप्त

### आंगनबाड़ी केंद्र पर किया गया पोषाहार वितरण



**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह के द्वारा शुक्रवार को ताली गांव के चांदनी चौक स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषाहार का वितरण किया गया। इस दौरान 13 गर्भवती महिला,24 धात्री महिलाएं एवं 37 बच्चों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया है। मुखिया ने आंगनबाड़ी सेविका सोनी देवी एवं सहायिका कलावती देवी से बच्चों और महिलाओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली सामग्री को ससमय उन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आज सरकार के द्वारा बच्चों को गुणात्मक विकास को लेकर अनेकों तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर ओम नारायण गुप्ता मणिलाल गुप्ता, नरेश गुप्ता, सुनील राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराने की मांग की

**मझिआंव।** नगर पंचायत मझिआंव के युवा समाजसेवी सह नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारूत नंदन सोनी के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन दे कर सभी वार्डो में नया हाई मार्कस टावर लाइट एंव स्ट्रीट लाईट लगाने साथ ही साथ खराब पड़े सभी हाई मार्कस लाईट एंव स्ट्रीट लाइट बनवाने की मांग की गई है। आवेदन में उन्होंने लिखा है कि नगर पंचायत मझिआंव के सभी वार्डों में हाई मार्कस टावर लाइट एंव स्ट्रीट लाइट लगाने साथ-साथ खराब पड़े सभी हाई मार्कस टावर नया लाइट एंव स्ट्रीट लाइट की यथा शीघ्र मरम्मती कर बनवाने का कार्य किया जाये। जिससे कि हो रही लाइट की परेशानी से नगर पंचायत मझिआंव वासियों को छुटकारा मिल सके। इसके लिए नगर पंचायत मझिआंव के समस्त वासीगण आपका सदा अभारी रहेंगे। उनके साथ आवेदन देते वक्त मझिआंव नगर पंचायत के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### गढ़वा में 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा गढ़वा में पहली बार आगामी 6 दिसंबर को 101 कन्याओं का हाथ पीले किए जाएंगे। इसको लेकर गांव से लेकर पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। इसकी जानकारी संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने दी। मौके पर सहायक सचिव सह झारखंड प्रभारी हसीबुल्लाह अंसारी कोषाध्यक्ष उषा कुमारी मीडिया प्रभारी सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

## करंट प्रवाहित खंभे के स्पर्श से बच्चे की मौत

**केतार।** थाना क्षेत्र के छाताकुड़ गांव निवासी मनीष कुमार कमलापुरी के तीन वर्षीय पुत्र मयंक कुमार की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मयंक कुमार अपने घर के समीप खेल रहा थाञ। इसी दौरान विधुत धारा प्रवाहित बिजली के खंभे को स्पर्श करते ही जोरदार करंट के झटके से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजनों द्वारा इलाज के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुए इस घटना से पूरे गांव में मातम छा गया।

# सब जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता के लिये पहलवानों का चयन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** चौथी सब जूनियर बालक/ बालिका राज स्तरीय ग्रेपलिंग कुश्ती चयन प्रतियोगिता सीक्रेड मिशन हाई स्कूल रांची में 27 अगस्त को भाग लेंगे। गढ़वा जिला स्तरीय ग्रैपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता के लिये चयनित पहलवानों में 39 किलोग्राम में मुन्ना कुमार, 42 किलोग्राम में बादल कुमार, 46 किलोग्राम में मुन्ना कुमार रवि, 50 किलोग्राम सुरज उरांव, 54 किलोग्राम में चंदन कुमार मेहता, 58 किलोग्राम में पवन कुमार, 63 किलोग्राम में अभिजीत सिंह, 69 किलोग्राम में धीरज कुमार, स्टैंड बाय में दीपक कुमार, उत्तम कुमार, आयुष कुमार सिंह शामिल हैं। इसकी जानकारी गढ़वा जिला ग्रैपलिंग कुश्ती संघ सचिव ओम प्रकाश गुप्ता ने शुक्रवार को दी।

गढ़वा ग्रैपलिंग कुश्ती संघ के अध्यक्ष आशीष दुबे, वरीय उपाध्यक्ष, राम परवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष विष्णु दुबे, गढ़वा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, महासचिव आलोक मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, संघरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, गढ़वा क्रिकेट संघ सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद धीरज दुबे, अरविंद दुबे, सुशील तिवारी, किशोर कुणाल, चंद्र बहादुर सिंह, शिव कुमार, संतोष कुमार, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, सतेंद्र यादव, धर्मेंद्र पाल ने पहलवानों को शुभकामनाएं दी है।

## मेराल में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता कल



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल** हाई स्कूल के मैदान में फिजिकल ग्रुप के सदस्यों द्वारा पहली बार मेराल में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मेराल फिजिकल ग्रुप के सदस्यों ने सहबान माही को अध्यक्ष बनाया है, जबकि सचिव उप मुखिया अलिशेर अंसारी, कोषाध्यक्ष सोनू जाटव, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, उप सचिव शहादत अंसारी, उप कोषाध्यक्ष बबलू आरो को बनाया गया है। यह मैराथन दौड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम प्रतियोगिता कार्यक्रम 27 अगस्त की सुबह 6:00 बजे रखा गया है। इस दौड़ प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में मेराल थाना प्रभारी नीतीश कुमार विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी निकिता बाला वीडियो प्रवेश कुमार साव चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार एएसआई शैलेंद्र सिंह कोआमंत्रित किया गया हैं। फिजिकल ग्रुप के अध्यक्ष साहबान माही ने बताया कि मेराल में पहली बार 5 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता रखा गया है इस प्रतियोगिता में विशेष कर नवयुवक भाग लेकर अपने करियर के लिए बेहतर कर सकते हैं। इस दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लाने वाले को शूज एवं लैपटॉप बैग तथा मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को टी शर्ट एवं लैपटॉप बैग तथा मेडल से सम्मानित किया जाएगा जबकि तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को लैपटॉप एवं मेडल दिया जाएगा इस प्रकार टॉप टेन में आने वाले युवक को भी सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

## धर्म-कर्म

### चिंतन से करें समस्या का समाधान : जीयर स्वामी

# अपमान को सम्मान में बदलना ही बड़प्पन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** परमात्मा के अनंत अवतार हैं। जब-जब पृथ्वी पर उनकी आवश्यकता होती है, वे अवतरित होते हैं। महाप्रलय के समय एकमात्र परमात्मा ही विराजमान रहते हैं। वे सारे अवतारों के कर्ता हैं। परमात्मा वस्तुतः अवतार नहीं, अवतारी हैं। समस्त अवतार परमात्मा (नारायण) से ही निःसृत होते हैं। सभी अवतार परमात्मा के रूप हैं। वे परमात्मा से अभिन्न हैं। जीयर स्वामी ने भागवत कथा के सूत-शौनक संवाद की चर्चा करते हुए कहा कि धान का एक बीज बोने से सैकड़ों दाने आ जाते हैं। बीज रूप में बोया गया धान का मूल अलग है और उससे प्राप्त दाना का स्वरूप अलग है। उसी तरह परमात्मा मूल से ही अनेक रूपों में अवतार लेते हैं। परमात्मा के अनेक अवतारों को आश्चर्य नहीं मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि परमात्मा के अनन्त अवतार हैं। इनमें एक हजार विशेष हैं। उनमें एक सौ आठ प्रसिद्ध है, जिनमें 24 अवतार प्रमुख है। इनमें से चार अवतारों की विशेष प्रसिद्धि है। इन चार अवतारों में भी दो बहुचर्चित हैं। इनमें से भी एक अवतार को सर्वाधिक प्रमुख माना गया है, जो कृष्णावतार है। स्वामी जी ने कहा कि चारों युगों की अवधि अलग-अलग है। कलियुग का काल चार लाख बतीस हजार वर्ष, द्वापर का आठ लाख चौसठ हजार, त्रेता का बारह लाख छियान्वे हजार और सत्युग का सत्रह लाख अट्ठाइस हजार है। स्वामी जी ने कहा कि छल-छद्म और पाखंड से बड़ा आदमी बनने वाला बहुत दिनों तक टिक नहीं पाता, क्योंकि उसकी बुनियाद कमजोर होती है। वह हमेशा निडर होने का दिखावा करता है, लेकिन भीतर से काफी कमजोर होता है।

# एसपी से होटल में मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** थाना अंतर्गत खजूरी न्यू बदल लाइन होटल के संचालक हीरा साह ने शुक्रवार को गढ़वा एसपी को लिखित आवेदन देकर होटल में काम करने वाले मजदूरों के साथ मारपीट करने के मामले में रोहित कुमार सहित पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हीरा साह द्वारा एसपी को दिए गए आवेदन के अनुसार विगत 29 जून को होटल के मजदूर अमर भुइयां के साथ रोहित में अन्य सहयोगियों के साथ मारपीट की थी। उक्त मामले को लेकर हीरा साह द्वारा गढ़वा थाने में कार्रवाई के लिए आवेदन दिया गया था। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ा तथा पुनः 24 अगस्त को रोहित ने उसके होटल के मजदूर अमर भुइयां पिता सुखराज भुइया के साथ मारपीट की जिससे अमर का माथा फट गया। अमर भुइया पलामू जिला अंतर्गत पाटन थाना क्षेत्र के नव जयपुर का रहने वाला है। हीरा साह ने एसपी से होटल तथा होटल में काम करने वाले लोगों की जान माल की सुरक्षा तथा अपराधियों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। एसपी से मिलने वालों में मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गोरख साह शामिल थे।

NEWS इन ब्रीफ

## बसपा नेता ने सीएस से स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने की मांग की

**मेदिनीनगर।** बसपा- पलामू लोकसभा प्रभारी, पूर्व प्रत्याशी डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र,विनोद कुमार सोनी ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि मेदिनी नगर अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधित व्यवस्था चरमरा गई है जिसे सुधारने की आवश्यकता है, पलामू सिविल सर्जन कारगर सिद्ध नहीं है, सरकारी व्यवस्था रहने के वावजूद मरीज को स्वास्थ्य संबंधित हल्का बीमारी में भी सीधे रांची रेफर कर दिया जाता है जिससे यहां के गरीब,गुरुवा जनता परेशान और हैरान हो जाती तब जब,रांची जाने के लिए रुपया कहां से व्यवस्था किया जाए, कोरोना के बाद से आम जनता का आमदनी बहुत नीचे चला गया है जो रोजी-रोटी का प्रबंध नहीं कर सकता है वह इलाज करने में अक्षम साबित हो रही है, पलामू सिविल सर्जन से मैं कहना चाहता हूं की वैसे मरीजों को आज स्वास्थ्य संबंधी सुविधा मेदिनीनगर हॉस्पिटल में किया जाए। हॉस्पिटल कैंपस में जो लोग मरीज को लेकर टेंपो से या मोटरसाइकिल से किसी अन्य गाड़ी से आते हैं उनसे पैसा लिया जाता है,जो मरीज को देना पड़ रहा है यह किसी भी कीमत पर उचित नहीं है।

# तीसीबार की मुन्नी गेंदे के फूल की खेती कर चला रही आजीविका

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांडू प्रखंड के तीसीबार गांव की निवासी मुन्नी देवी गेंदे के फूल की खेती कर चला रही अपना परिवार का भरण पोषण कर रही है। मुन्नी देवी ने बताया कि सालों भर पसंद आने वाला और लोकप्रिय फूल गेंदा के फूल को माना जाता है। ये फूल सभी जगह आसानी से मिल जाता है। पर्व त्योहारों के साथ साथ शादी के सीजन में भी इसका डिमांड बढ़ जाता है। गाड़ियों को सजाना, घर को सजाना, मंडप सजाने समेत अन्य कामों में गेंदे के फूल का डिमांड बढ़ जाता है।अगर उसकी खेती अच्छे से की जाए तो किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते है।किसान अपने खाली पड़े जमीन में गेंदे के फूल की खेती कर अच्छी कमाई कर सकते है। गेंदे के फूल की मांग बाजारों में ज्यादा होती है। इसका उत्पादन किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकता है। बताते चले की मुन्नी देवी पलामू जिले के पांडू प्रखंड के तिसीबार गांव की निवासी है वह गेंदे के फूल की खेती अपने परिवार का भरण पोषण कर रही है। मुन्नी देवी करीबन 10 कट्ठा में गेंदा के फूल की खेती कर रही है। वर्ष 2019 से वो इस फूल की खेती करना शुरू की। मुनाफा अच्छा होता गया तो इसके उत्पादन में हर वर्ष वृद्धि



करने लगी। मुन्नी देवी ने बताया की उन्हें इसकी खेती करने में 5000 से 6000 का खर्च आता है। इसके लिए वो पौधे कोलकाता से मंगवाती है।साल में दो बार गेंदे के पौधे लगाए जाते है। बड़े बड़े और सुगंधित फूल के लिए इसमें खाद्य और पानी का प्रचुर मात्रा में पटवन किया जाता है। उन्होंने बताया की 3 महीने में फूल तैयार हो जाता है।जिसकी बिक्री गढ़वा पलामू के अलग अलग हिस्सों में मांग के आधार पर बेचा जाता है। 15 रुपए माला के हिसाब से इसकी बिक्री की जाती है।जिसमे 40 गेंदा के फूल आते है। इससे उन्हे काफी मुनाफा होता है।गेंदे के फूल की खेती साल में दो बार किया जाता है।साल के शुरूआत में जनवरी महीने में पौधे लगाए जाते है जो गर्मी के मौसम आने तक तैयार हो जाते है। इसका प्रयोग रामनवमी, नवरात्र और शादियों में मांग ज्यादा होता है।वही दूसरी बार अगस्त-सितंबर में फूलों की की रोपनी की जाती है। ये ठंडा के दिनो ज्यादा बड़ा और सुगंधित निकलता है।विशेष रूप से इसका व्यापार माला और सजावट के लिए किया जाता है।मुख्य रूप से गेंदा ठंडी जलवायु का फसल है। इसका गुणवत्ता ठंड के मौसम में ज्यादा अच्छा होता है।वैसे तो इसकी खेती मानसून, सर्दी और गर्मी तीनों मौसमों में किया जाता है।

## बस व बोलेरो में टक्कर बाल-बाल बचे लोग




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के कसियाडीह एन एच 39 यादव लाइन होटल के समीप विंध्यवासिनी बस गाड़ी संख्या जेएच 01 डीपी 6150 और बोलोरो गाड़ी संख्या 6915 की की आमने-सामने की टक्कर हो गई । यात्री बस डालटनगंज की तरफ से आ रही थी वहीं बोलेरो लातेहार की ओर से पाटन थाना क्षेत्र के शोले गांव जा रही थी । हालांकि बोलेरो में सवार तीन लोगों को मामूली चोटे आई है ।इस भीषण दुर्घटना में लोग बाल- बाल बच गए। सतबरवा पुलिस दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। और आगे की कार्रवाई में जुड़ गई है।

## 'अंजामे गुलिस्ता क्या होगा, जब हर डाल पे उल्लू बैठा हो'

# पंचायतों में पानी के नाम पर गड़बड़झाला

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कहावत है 'अंजामे गुलिस्ता क्या होगा, जब हर डाल पे उल्लू बैठा हो' यह कहावत आज सरकार की प्रशासनिक सिस्टम पर साफ लागू होता दीख रहा है। इसकी महज एक बानगी यहां देखी जा सकती है। जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर प्रखंड के पंचायतों में पेयजल के नाम पर भारी गड़बड़झाला चल रहा है। पंचायतों में बिना किसी प्राक्कलन या सिस्टेमिक प्रक्रिया के चापाकलों की मरम्मत कराने के नाम पर पंचायत की राशि खर्च की जा रही है। हाल यह है कि कई पंचायतों में अलग अलग चापाकलों की मरम्मत के नाम पर मनमाफीक राशि सम्बन्धित मुखिया द्वारा पंचायत सचिवों की मिलीभगत से खर्च की गई है। इस बात का खुलासा दो दिन पूर्व बुधवार को 20सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की प्रखंड स्तरीय तीसरी बैठक में हुआ है। इस सम्बन्ध में प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रंजन दूबे ने उक्त मामले की पुस्टि करते हुए बताया है कि नियमतः पंचायत की राशि को तकनिकी स्वीकृति कराकर ही खर्च किया जाना चाहिए था, लेकिन बिना किसी स्टीमेट के बिना प्रशासनिक स्वीकृति के पेयजल के लिए चापाकलों की मरम्मत के नाम पर मनमुताबिक राशि खर्च किया जाना वित्तीय अनियमितता ही कहा जायेगा । उन्होंने कहा कि यह हाल प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों का है। उन्होंने कहा कि 20 सूत्री प्रखंड कमिटी की हुई बैठक में इस मामले के खुलासे के बाद इस वित्तीय अनियमितता की जांच कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि तत्काल अनियमितता के इस मामले को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पंचायतों को पत्र जारी कर किसी भी योजना के लिए ग्रामसभा की स्वीकृति के बाद ही राशि खर्च करने का निर्देश दिया है। बहरहाल कहा यह जा रहा है कि पंचायतों में चापाकलों कि मरम्मत के नाम पर बड़ा गड़बड़झाला किया गया है, जिसकी जांच हुई तो बड़ा वित्तीय अनियमितता सामने आ सकता है।

### अस्पताल की सरकारी जमीन की मापी करा पायेंगे 20सूत्री अध्यक्ष?

चैनपुर की प्रखंड स्तरीय 20सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की उक्त बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन के पास के अस्पताल की जमीन का अतिक्रमण किये जाने का भी एक अहम मामला सदस्यों ने उठाया था। बैठक में अस्पताल की जमीन की मापी कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्णय लिया गया है। लेकिन बैठक के दो दिन बाद भी अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा अस्पताल की जमीन के कागजात तक उपलब्ध नहीं कराये गये है।ऐसे में अस्पताल की जमीन की मापी का होने पर भी सवाल खड़ा होने लगा है। इस बाबत 20सूत्री अध्यक्ष श्री दूबे ने कहा कि जब संस्थान के पदाधिकारी ही गंभीर नहीं हैं तो क्या कहा जा सकता है। फिर भी अस्पताल कि भूमि की मापी कराकर अतिक्रमण मुक्त कराने का प्रयास किया जायेगा। इधर जानकार बताते हैं कि जिनको मापी कराने का अधिकार है उनके लोग ही जमीन की अवैध बंदोबस्ती कर रहे हैं। अब इनसे मापी की उम्मीद कैसे की जा सकेगी?

### चैनपुर में बालू का अवैध धंधा धड़ल्ले से

प्रखंड 20सूत्री समिति की बैठक में चैनपुर में सरकारी रोक के बाद भी कोयल से बालू का उत्तखनन कर ट्रेक्टरों से कंकारी के रास्ते लाकर चैनपुर के अलग अलग इलाकों में धड़ल्ले से बेचे जाने का भी मामला कतिपय सदस्यों द्वारा उठाते हुए इस पर रोक लगाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई थी। तब बैठक में मौजूद चैनपुर के थानेदार ने बालू के उत्तखनन से अनभिज्ञता जताते हुए कहा था कि अगर बालू कि ढूलाई हो रही हो तो तत्काल इसकी सूचना दें, जिसपर तत्काल कार्रवाई होगी। बैठक दिन में हुई और इसी दिन पूरी रात चैनपुर में अवैध बालू का धंधा धड़ल्ले से होता रहा। ट्रेक्टरों की गड़गड़ाहट से मुख्य सड़कों के किनारे रहने वाले परिवारों की नींद उचट गई, लेकिन पुलिस या प्रशासनिक पदाधिकारियों को न आवाज सुनाई दी और न ही नींद खुली । इतना ही नहीं बालू लदे ट्रेक्टरों की आवाजाही अलग अलग मुहल्ले की दुकान व मकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में न सिर्फ कैद हुआ,बल्कि सुबह सड़क के किनारे कई स्थानों पर बालू के ढेर आम आदमी को दीखता रहा पर प्रशासनिक सिस्टम को कुछ नजर नहीं आया। इस सबंध में शुक्रवार को जब 20सूत्री अध्यक्ष रंजन दूबे से बात की गई तो उन्होंने तत्काल चैनपुर के थानेदार को फोन लगाया तो थानेदार ने श्री दूबे को चैनपुर सीओ से बात करने की सलाह दें डाली । बहरहाल जानकारों की माने तो बालू के इस अवैध धंधे में चौतरफा मिलीभगत है। बहुत ही सुनियोजित तरीके से इस धंधे से जुड़े कारोबारी निर्भीकता के साथ बेधड़क बालू का धंधा कर रहे हैं। इनकी सेवा ने ही प्रशासनिक सिस्टम के संचालकों की आँखों पर पर्दा डाल रखा है। बता दें कि अभी 14अक्टूबर तक बालू के उत्तखनन पर पूरी तरह रोक है। इस आलोक में डीएमओ द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है, लेकिन चैनपुर में बालू के धंधेबाजो पर कोई असर नहीं है।

## एसएच हॉस्पिटल में एडवांस तकनीक से कैंसर का ऑपरेशन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** माउथ कैंसर से जूझ रहे गढ़वा के एक महिला मरीज को एसएच हॉस्पिटल में मिला जीवनदान। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के सुगवादामर निवासी स्वर्गीय जगदीश राम की पत्नी छठनी कुंवर उम्र 51 वर्ष पिछले कई महीनो से माउथ कैंसर से पीड़ित थी। वह सभी जगह चिकित्सकों से अपना इलाज करवा कर परेशान हो चुकी थी। इसके बाद किसी व्यक्ति के माध्यम से उसे आबादगंज स्थित एसएच हॉस्पिटल के बारे में जानकारी मिली और पता चला कि वहां पर कम पैसा में इस बीमारी का इलाज संभव है। वहीं डॉक्टर रोहित पांडे ने बताया कि एडवांस तकनीक और कम खर्चे में महिला का सफल सर्जरी किया गया।



मौके पर उपस्थित डॉक्टर रोहित पांडे ने बताया कि एसएच हॉस्पिटल में एडवांस तकनीक से लो कास्ट में सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। यहां पर कम पैसा देकर भी मरीज अपना सही इलाज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एसएच हॉस्पिटल में मेडिकल से दवा खरीदने पर 10 परसेंट की छूट भी मरीज को दी जाती है।

### विद्यार्थी परिषद ने छात्रों के नामांकन को ले काटा बवाल, सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता के संबंध में कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में सि०यू०इ०टी के छात्रों के नामांकन नहीं होने की स्थिति में परिषद के कार्यकताओं ने जमके बवाल काटा, साथ ही ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से परिषद के कार्यकताओं ने महाविद्यालय प्रशासन से मांग किया कि सि०यू०इ०टी के छात्रों के नामांकन हेतु दो दिनों का अतिरिक्त समय महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा छात्रों को दिया जाए ताकि उनका नामांकन सुनिश्चित हो सकें,महाविद्यालय में जमें कचरे को महाविद्यालय प्रशासन अभिलंब साफ-सफाई कराएं,महाविद्यालय के सभी कक्षाओं में पंखा एवं साफ सफाई का समुचित व्यवस्था अभिलंब महाविद्यालय प्रशासन सुनिश्चित करें,,महाविद्यालय में पूछताछ केंद्र की स्थापना की जाए ताकि छात्रों को सहूलियत मिल सके,महाविद्यालय के लैब में किसी भी प्रकार की सुविधा न होना दुर्भाग्यपूर्ण है इसे महाविद्यालय प्रशासन अभिलंब ठीक करें,सभी विभागों के खुलने एवं बंद होने का समय सुनिश्चित किया जाए,जंतु विज्ञान के विद्यार्थियों का आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा का अंक और उपस्थिति प्रपत्र विश्वविद्यालय को भेजा जाए ताकि परिणाम अभिलंब निकाला जा सकें। उक्त अवसर पर उपस्थित नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन छह दिनों के अंदर हमारी मांगों पर अभिलंब त्वरित कार्रवाई नहीं करती है तो विद्यार्थी परिषद पुरजोर आंदोलन करेगी,इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे,श्रीकांत तिवारी,मनोज कुमार, संजय कुमार पासवान,अभिषेक रवि,आदित्य गुप्ता,जागृति कुमारी चांदनी मिंज आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन मोदी सरकार की हुई आलोचना

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह एवं जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कैग की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी की नाक के नीचे धांधली हो रही है। भारतमाला प्रोजेक्ट की बिडिंग प्रक्रिया में फजीर्वाड़े में बनाई की लागत 100 प्रतिशम बढ़ गई। द्वारका एक्सप्रेस-वे में भारी धांधली हुई व सड़क बनाने की कीमत 18 करोड़ प्रति किलोमीटर से 250 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर पहुँच गई। आयुष्मान भारत में मृत लोगों को जीवित दिखा कर भुगतान और एक ही नंबर से 7.5 लाख लाभार्थियों के जुड़े होने का फजीर्वाड़ा सामने आया। अयोध्या डेवेलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों के गल्ले में अनुचित लाभ पहुंचाने का घोटाला व टोल नियमों का उल्लंघन, एनएचएआई ने गलत तरीके से यात्रियों से 132 करोड़ रुपये वसूले; एचएएल पर विमान इंजन की डिजाइन-प्रोडक्शन में खामियों का गंभीर आरोप जिससे 159 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ; ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वृद्ध, विकलांग और विधवा पेंशन योजनाओं का पैसा अन्य योजनाओं के प्रचार में खर्च कर दिया; आदि कई मामले सामने आये हैं। जिस झूठी ईमानदार छवि का गला फाड़ फाड़ कर प्रधानमंत्री दंभ भरते हैं, वो ध्वस्त हो चुकी है। मोदी सरकार में घोटाले ही घोटाले हैं - और अब पूरा सच देश के सामने आ रहा है। लोग मोदी जी के भ्रष्टाचार के बारे में बात करने लगे हैं। किसी जमाने में कैग का नाम भर सुन लेने पर उछलने वाले मीडिया ने आज मौन व्रत धारण कर लिया है। लेकिन सरकार और अधिकांश मीडिया की चुप्पी से ना घोटाले बंद होंगे और ना हमारे सवाल, पर मोटे पैसे और प्रचार प्रसार से बनी और टिकी हुई छवि खत्म हो चुकी है - कमीशनखोरी, मुनाफाखोरी और जनता के पैसे की लूट पर से पर्दा तो अब खुद कैग उठा रहा है। पत्रकार सम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, रविंद्र राम, जितेंद्र कमलापुरी ,अरविंद पासवान, महिला जिला अध्यक्ष हिंदू भगत, मुकेश सिंह, प्रमोद यादव, अनिल सिंह, सुनील सिंह, सौरभ पांडे आदि उपस्थित थे।

## चिकित्सकों की लापरवाही पर धरना पर बैठे के. एन. त्रिपाठी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में हार्ट अटैक के एक मरीज के इलाज में लापरवाही बरतने को लेकर शुक्रवार को पूर्व मंत्री केऐन त्रिपाठी सदर अस्पताल पहुंचकर अपने समर्थकों के साथ लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर के खिलाफ धरना पर बैठ गए। धरना पर बैठने की सूचना मिलते ही सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह और डॉक्टर आरके रंजन सदर अस्पताल पहुंचकर पूर्व मंत्री केऐन त्रिपाठी से मुलाकात की। मंत्री के समस्याओं को सुनकर सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने उनसे मिलकर कहा कि लापरवाही बरतने वाले तीनों डॉक्टर नितेश, अंकित और कत्यानी को निलंबित किया जाएगा। इसके बाद धरना को समाप्त किया गया। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री केऐन त्रिपाठी ने अस्पताल और सीएस को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले बार से अस्पताल में लापरवाही की घटना सामने आती है तो फिर से धरना प्रदर्शन और चिकित्सको के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदो निवासी भूपेंद्र सिंह छाती के दर्द से परेशान थे। गुरुवार की रात उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर नितेश,अंकित और कत्यानी के द्वारा बिना मरीज को देखे ही रांची रेफर कर दिया गया। रांची रेफर करने के बाद मरीज के पुत्र मनीष कुमार के द्वारा एम्बुलेंस को फोन किया गया। परंतु शुक्रवार की सुबह तक उसे एंबुलेंस नहीं मिला और मरीज के इलाज में लापरवाही बरती गई।इस घटना की जानकारी मिलने पर शुक्रवार की सुबह केऐन त्रिपाठी अपने समर्थकों के साथ सदर अस्पताल पहुंचकर लापरवाह डॉक्टर के प्रति धरना पर बैठ गए।

प्रतिदिन बाजार में चल रहा अतिक्रमण अभियान

## डिवाइडर की वजह से प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझ रहे लोग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के सफल प्रयास से बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या से अब लोगों को निजात मिल चुका है। बताते चले की कुछ दिनों पहले पलामू एसपी के दिशा निर्देश पर सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग के द्वारा बाजार क्षेत्र में भ्रमण कर अतिक्रमण का जायजा लिया गया था। अतिक्रमण का जायजा लेने के दौरान बाजार में जाम की समस्या को देखते हुए डीएसपी ऋषभ गर्ग ने ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह को बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया था। एसपी और डीएसपी ऋषभ गर्ग के आदेश का पालन करते हुए ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के द्वारा अब प्रतिदिन बाजार से जाम को हटाया जा रहा



है और सड़क को जाम करने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई भी की जा रही है। फिलहाल ज्यादातर जाम की समस्या छह मुहान चौक से लेकर लाल कोठ बड़ा तालाब तक देखा जा रहा है। यहां पर नगर निगम के द्वारा बीचों-बीच डिवाइडर लगा दिया गया है। और यहां डिवाइडर के अगल-बगल ठेला खोमचा, फुटपाथ दुकान को लगाकर लोग सड़क को जाम किए हुए हैं। यदि इस रास्ते से एक स्कूल बस गुजरता है तो तुरंत जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिसकी वजह से प्रतिदिन लोगों को इस रास्ते पर जाम की समस्या से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले की ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा इन सभी ठेला ,खोमचा और फुटपाथ दुकानदारों को हटाने को कहा गया है इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। वहीं नगर निगम भी इस और ध्यान नहीं दे रहा है। यदि समय रहते इस रास्ते से अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो लोगों को प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

अनुसंधान | पुलिस को जांच में कई जानकारियां मिली

# सुजीत सिन्हा हथियारों के जखीरे कांड में नये खुलासे

**पिछले कुछ वर्षों में पलामू पुलिस को आपराधिक गिरोहों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है**

**पुलिस ने पहले भी अवैध हथियार को पकड़ा है जो तस्करी के लिए ले जाए जा रहे थे**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा पलामू के पार्किंग टेंडर के विवाद में हथियार को इकट्ठा कर रहा था। पुलिस को जांच में कई जानकारियां मिली हैं। जिसके बाद कई अपराधियों को रडार पर लिया गया और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की योजना तैयार की गई है। 21 अगस्त को पलामू में कुख्यात डॉन सुजीत सिन्हा गिरोह का हथियारों का जखीरा पकड़ा गया था। इस जखीरे में आठ पिस्टल और 20 गोली



शामिल हैं। हथियारों के जखीरे के साथ मयंक वर्मा को पकड़ा गया था, जो सुजीत सिन्हा का खास और उसकी पत्नी रिया सिन्हा का बॉडीगार्ड था। हथियारों के मामले में पुलिस को कई बिंदुओं पर जानकारी मिली है, जिस तरह से हथियारों को खरीदा गया और पलामू पहुंचाया गया, उसमें एक बड़ी साजिश है। इस साजिश में कई लोग शामिल हैं जो काफी शातिर हैं। पलामू पुलिस को इससे जुड़े हुए कई नाम मिले हैं जिस पर आगे की अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस को इस बात की भी जानकारी मिली है कि हथियार को एमपी के इंदौर में किस तरह खरीदा गया था और पलामू में किसके किसके खिलाफ इस्तेमाल होना था। पिछले कुछ वर्षों में पलामू पुलिस को आपराधिक गिरोहों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पलामू पुलिस ने पहले भी अवैध हथियार को पकड़ा है जो तस्करी के लिए ले जाए जा रहे थे, लेकिन ये पहली बार है कि किसी खास अपराधी गिरोह के पास जा रहे हथियारों के जखीरे को पकड़ा गया है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की योजना तैयार की है। हथियार और उसे तस्करों से जुड़े हुए मामले में पुलिस कड़ी नजर रखे हुए है। पुलिस को अपराध से जुड़े हुए कई मामलों की जानकारी मिली है जिस पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शोरूम में ग्लैमर सिंपली मैग्नेटिक लॉन्च

**हरिहरगंज।** शहर के पुरानी बस स्टैंड मेन रोड़ स्थित एम/एस जय दुर्गे ऑटो हीरो बाइक शोरूम में द ऑन न्यू ग्लैमर सिंपली मैग्नेटिक की मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी सह भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के द्वारा लॉन्चिंग की गयी। इसके साथ ही ग्राहक मो. जिलानी बाइक खरीदने वाले पहले ग्राहक बन गये जिन्हें मुख्य अतिथि राजीव रंजन ने चाबी सौपी। वहीं इससे पहले मुख्य अतिथि को संचालक नवीन कुमार दुबे द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रो. राकेश चौबे ने बताया कि एजेन्सी में हीरो मोटो कॉर्प के नये प्रोडक्ट ग्लैमर सिंपली मैग्नेटिक 125 सीसी, फुली डिजिटल कंसोल, रियल टाइम माइलेज इंडिकेटर, यूएसबी चार्जिंग पोर्ट आदि सुविधाएं दी गयी हैं। इसकी कीमत 83098 एक्स शोरूम दी है, इस मौके पर संचालक नवीन कुमार दुबे, अमित चौबे के अलावे, मनोज मेहता, दिनेश पासवान, विजय प्रजापति, अमीन खान, विपिन सिंह, मयंक शुक्ला, संतोषी कुमारी, अजमल अहमद व विपिन चौबे सहित कई लोग मौजूद थें।

### तस्करी के लिये ले जाये जा रहे थे पशु

# 100 गोवंशीय पशुओं को कराया गया मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**



चैनपुर थाना अंतर्गत टोंगो सेमला बरटोली गांव के पास से पुलिस ने गुरुवार की देर रात लगभग 1 बजे तस्करी कर ले जा रहे 100 से अधिक गोवंशीय पशु को जब्त किया। चैनपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पशु तस्करों द्वारा टोंगो के रास्ते गोवंश पशुओं को क्रूरता पूर्वक मारते-पीटते खदेरते हुए तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई आलोक कुमार सशस्त्र बल के जवानों के साथ छापेमारी करने पहुंचे। वहीं शेमला बरटोली गांव के समीप पुलिस वाहन को आता देख गौ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहे।

चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी जिसके आलोक में उक्त रास्ते पर छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी की गयी। सबसे अधिक का वंश पशुओं को गौ तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है। वहीं जब्त किए हुए सभी 100 से अधिक गोवंश पशुओं को चैनपुर थाना परिसर में रखा गया है। पुलिस द्वारा जब्त किए गए गाय बैल की सूचना ग्रामीणों को मिलते ही ग्रामीण आधार कार्ड लेकर थाना पहुंच रहे हैं और जब्त पशुओं की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि जब भी पुलिस द्वारा तस्करी के लिए ले जा रहे गोवंशों को जप्त किया गया है उन पशुओं को गरीब किसानों के बीच पुलिस द्वारा वितरण किया गया है। वहीं कार्रवाई पूरी करने के बाद ग्रामीणों के समक्ष जिम्मा नामा लेकर जब्त पशुओं को सौंप दिया जाएगा।

# रेलवे स्टेशन में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**लोहरदगा स्टेशन की घटना, मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के नदिया करचा टोली निवासी स्वर्गीय बुधवा उरांव के पुत्र दिलीप उरांव (40 वर्ष) के रूप में हुई है।**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा रेलवे स्टेशन में ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के नदिया करचा टोली निवासी स्वर्गीय बुधवा उरांव के पुत्र दिलीप उरांव (40 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म संख्या एक पर लोहरदगा से रांची जाने वाली यात्री रेल गाड़ी संख्या चार गुजर रही था। तभी आरपीएफ पोस्ट के ठीक सामने एक युवक अचानक से रेलवे ट्रैक पर लेट गया।

इस दौरान वहां से रेल गुजरी, जिससे युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि घटना की सूचना मिलने के बाद युवक के स्वजन मौके पर पहुंचे और दिलीप उरांव के रूप में उसकी पहचान की। हालांकि युवक ने ऐसा क्यों किया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। घर वाले भी इस बारे में कुछ नहीं बता पा रहे। रेलवे पुलिस फोर्स मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट होगी। घटना को लेकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। घटना के पीछे की वजह जानने की कोशिश की जा रही है। रेलवे पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर घटना के पीछे के कारणों की तलाश कर रही है। आरपीएफ थाना प्रभारी एनवी सिंह ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म संख्या एक पर शुक्रवार को लोहरदगा-रांची यात्री रेलगाड़ी से कटकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। कहा कि युवक का सिर उसके धड़ से अलग हो गया।

# दुर्भावना से ग्रसित होकर विद्यालय में नामांकन नहीं करने की शिकायत

**महिला ने राज्यपाल को आवेदन देकर पुत्री का नामांकन कराने की अपील की, प्रतिलिपि सांसद, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, प्रतिपक्ष नेता, सचिव व उपायुक्त को भी दी**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड के राज्यपाल को पत्र प्रेषित कर दुर्भावना से ग्रसित होकर विद्यालय में नामांकन नही करने की शिकायत एक अभिभावक ने किया है। शिकायत करने वाली महिला लोहरदगा के सेरेंगहातु निवासी किशोर प्रजापति की पत्नी निर्मला देवी है। उन्होंने राज्यपाल को पत्र लिखकर उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय की शिकायत की है। उनके द्वारा बताया गया है कि उनकी तीन पुत्रियां है, दिपशिखा प्रजापति, नैन्सी प्रजापति एवं शैली प्रजापति जो शुरूआत से उसुर्लाईन बालिका विद्यालय लोहरदगा में अध्यनरत है। बड़ी पुत्री जब मैट्रिक का रजिस्ट्रेशन करा रही थी। तो विद्यालय प्रबंधन के द्वारा एक हजार रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप मांगी गई जिसपर वो आपति जताई थी। इसको लेकर उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की सहायता से विद्यालय में लगने वाले शुल्क आदि की जानकारी मांग की गई थी। जिसका विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट रूप से कोई ठोस जवाब नहीं दिया। इस बात से विद्यालय प्रबंधन हमारे परिवार से दुर्भावना रखता है। इससे प्रेरित होकर दूसरी पुत्री नैन्सी प्रजापति जो वर्ग छः से उर्तीण हुई है प्रवेश परीक्षा में अनुर्तीण करके उसका नामांकन वर्ग सात में करने से इनकार कर दिया। इस बात की शिकायत उपायुक्त, डीईओ से करने पर भी न्याय नहीं मिला। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के एक कर्मी किरण कुमार के द्वारा मेरे साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। विद्यालय एवं शिक्षा कर्मियों के इस कृत्य से मेरी बच्ची पूरी तरह से हीन भावना एवं कुंठा से ग्रसित हो गई है। मुझे आशंका है कि विद्यालय प्रबंधन के द्वारा मेरी छोटी पुत्री के साथ भी इसी तरह का कृत्य किया जा सकता है। इसलिए विवश होकर न्याय का गुहार आपके समक्ष कर रही हूं। आप अपने माध्यम से इस बात की पुष्टि करते हुए उचित कारवाई करते हुए मेरी पुत्री का नामांकन सुनिश्चित कराने की कृपा करें। निर्मला देवी ने बताया कि आईटी के तहत उन्होंने दो साल पहले सूचना मांग की थी जिसका दो साल बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। विद्यालय प्रबंधन ने सिर्फ विद्यालय शुल्क 2000 रुपये वार्षिक शुल्क लेने की बात स्वीकारी थी जबकि सच्चाई कुछ अलग है। विद्यालय द्वारा सादे कागज पर मुहर लगाकर मनमाने ढंग से पैसे लिया जाता है जिसका जांच कभी भी किया जा सकता है। इसकी प्रतिलिपि लोकसभा सांसद, झारखंड के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, विधानसभा प्रतिपक्ष नेता, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव, उपायुक्त को भी दी गई है।

# अनियमितता बरतने वाले भेंडर पर कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कुडू के चिरी पंचायत भवन परिसर में मुखिया अमरनाथ महली की अध्यक्षता में जिला मुखिया के पदाधिकारीयों की बैठक हुई।

इस दौरान मनरेगा योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत चल रही योजनाओं में भारी अनियमितता बरती जा रही है, इसपर मुखियाओं ने परिचर्चा किया। वहीं खाद-बीज एवं रासायनिक दवा वितरण , पौधा वितरण में हो रहे अनियमितता के बारे चर्चा किया गया। बताया गया कि बिरसा हरित ग्राम योजना में बड़े पौधा वितरण हो रहे हैं जिसके कारण कुछ ही समय में पौधा सूख जा रहा है। कुल मिलाकर सभी सामग्री गुणवता पूर्ण नहीं है। इसलिए ऐसी भेण्डर को काली सूची में डालते हुए भेंडर को निरस्त करने हेतु लिखित शिकायत करने व बिल भुगतान नहीं करने की सहमती बनी। बैठक में मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष वासुदेव उरांव, जिला मुखिया संघ के सभी पदाधिकारीयों के साथ में कुडू प्रखंड के सभी मुखिया मौजूद थे।

# बिजली चोरी में छह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



बदला पंचायत के विभिन्न गांव में बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी को लेकर सघन छपेमारी अभियान चला कर 6 नामजद के विरुद्ध कराया प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत के विभिन्न गांवों में दंडधिकारी एवं पुलिस बल की मौजूदगी में बिजली विभाग द्वारा बदला, डूमर टोली, टंगरा टोली एवं बक्सीडीपा में विधुत ऊर्जा चोरी मामला में विभाग के राजस्व क्षति को लेकर सहायक विद्युत अभियंता अंजू कच्छप के नेतृत्व में गठित छपेमारी टीम द्वारा बदला पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर विधुत ऊर्जा चोरी के मामले में सघन छापामारी अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान बदला निवासी सत्यम कुमार पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपये का जुमार्ना लगाया गया, जबकि डूमर टोली निवासी सुरेश उरांव पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपये, डूमर टोली निवासी जगरनाथ उरांव पर 11 हजार 3 सौ 40 रुपये, टंगरा टोली निवासी रेणु देवी पर 18 हजार 3 सौ 96 रुपये, बक्सीडीपा निवासी दुर्गा लोहरा पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपये तथा विशेश्वर लाल श्रीवास्तव पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपये का जुमार्ना लगाते हुए सहायक विद्युत अभियंता ने छह नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी। छपेमारी अभियान में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह दंडधिकारी मनोज कुमार सिंह, सारणी पुरुष, सुबोध कुमार सिन्हा, फिरोज अख्तर, मानव दिवस कर्मी शिवशंकर उरांव, भोला साहू, अमित कुमार सहित सेन्हा थाना के सअनि बिरेंद्र बाखला दलबल के साथ शामिल थे।

# अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

डॉ. अनुग्रहनरयण प्लस टू हाई स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षकों को नेत्र विशेषज्ञों द्वारा बच्चों के आंखों में होने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया। कहा गया बहुत से ऐसे बच्चे हैं, जिनकी आखों में समस्या होती है। वे बोर्ड में लिखे अक्षरों को नहीं पढ़ पाते हैं, जिससे पठन-पाठन प्रभावित होती है। ऐसे बच्चों की पहचान कर प्रारंभिक नेत्र जांच कराना है। इस दौरान त्रुटि पाए जाने वाले बच्चों को सरकार के द्वारा मुफ्त इलाज व चश्मा दी जाएगी. इस कार्यक्रम में सदर अस्पताल लोहरदगा के नेत्र पदाधिकारी अजय कुमार, नेत्र सहायक अजित कुमार, रितु कुमारी उपस्थित थे।



# एचडीएफसी बैंक और बायफ संस्था से सोनमदुलारी को मिला सीआरपी अवार्ड

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**



समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक और बायफ संस्था के द्वारा विगत लगभग डेढ़ साल से सेन्हा प्रखंड के 4 पंचायत भड़गांव, अलौदी मुकीतोड़ार और बुटी में विकास का कार्य किया जा रहा है। वहीं भड़गांव पंचायत अंतर्गत कुंदगड़ी गांव निवासी सोनमदुलारी उरांव संस्था की ओर से सीआरपी के पद पर काम कर रही है, जिसे कार्य को गुणवत्तापूर्ण और हर काम को ससमय सफलतापूर्वक पूर्ण किया जाता रहा है। उत्साहपूर्वक कार्य कुशलता को देखते हुए संस्था द्वारा इनका नाम सीआरपी अवार्ड के लिए बायफ संस्था का मुख्यालय पुणे भेजा गया था, जहां पर पुरस्कार के लिये इनका चयन पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। बायफ संस्था का स्थापना दिवस के अवसर पर इनको पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। वहीं इस संदर्भ मे बायफ संस्था के पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया सोनमदुलारी को पुरस्कार मिलने से सेन्हा, लोहरदगा ही नहीं पूरे झारखंड का नाम रोशन हुआ है। संस्था के लोगों ने इन्हें बधाई देते हुए इनका उज्वल भविष्य के लिये कामना की है।

# पूर्व विधायक ने मोदी सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**




पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुखदेव भगत ने कैग रिपोर्ट का हवाला देकर कहा कि एनडीए की सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार को कांग्रेस कमिटी उजागर करने का कार्य कर रही है। कहा कि भ्रष्टाचार का यार मोदी सरकार है। उन्होंने कहा कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत 34 हजार 800 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 5 लाख 35 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी सीसीईए के द्वारा दी गयी थी जिसकी अध्यक्षता खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने की थी, लेकिन इसे धता बताते हुए सड़क की लंबाई 26 हजार 316 किलोमीटर कर दी गयी, जबकि इसकी राशि भी बढ़ाकर 8 लाख 46 हजार 5 सौ 88 करोड़ कर दी गई। साथ ही द्वारिका एक्सप्रेसवे जिसकी लागत 18 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर थी उसे बढ़ाकर 250 करोड़ प्रति किलोमीटर कर दी गई। इसमें 1400 प्रतिशत की बृद्धि की गई है। उन्होंने टोल लूट, आयुष्मान भारत योजना में हुए घोटाले को लेकर भी सवाल खड़ा किया। इन सवालों के जरिये उन्होंने मोदी सरकार के क्रियाकलापो पर सवाल खड़ा किया है। साथ ही इन घोटालों की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सूखैर भगत, नेसार अहमद, सकील अहमद, शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक, एनामुल अंसारी, आजाद खान, हाजी सिकंदर, हाजी शकील अहमद, बीरमत भगत आदि मौजूद थे।

## बीडीओ का नोटिस दिखावा तो नहीं, लाभुक पर कोई कार्रवाई नही

**डंडाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि वापसी को लेकर लाभुक रामदुलारी देवी के नाम बीडीओ की ओर से जारी किया गया दूसरा नोटिस का भी लाभुक पर कोई असर नहीं पड़ा। दूसरे नोटिस को जारी हुए महीनों से भी अधिक दिनों का समय बीत गया लेकिन अभी तक उनके द्वारा योजना मद की 125000 की राशि प्रखंड के नजारत खाता में जमा नहीं किया गया, जबकि दोनों नोटिस के माध्यम वीडियो सोमा उरांव की ओर से लाभुक को सख्त चेतावनी दिया गया था कि सप्ताह दिन के अंदर राशि जमा नहीं करने पर उनके खिलाफ प्राथमिक की दर्ज करा दी जाएगी, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ वीडियो की कथनी और करनी में अंतर होना शुरू हो गया। लाभुक के खिलाफ अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होना कई सवालों को जन्म देने लगा है। मामले की चर्चा गांव के चौक चौराहों पर सुनाई देने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि लाभुक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जारी किया गया दोनों नोटिस कहीं दिखावा तो नहीं है। अंदर से सांठ गांठ और ऊपर से कार्रवाई का दिखावा। अगर ऐसा नहीं होता तो अब तक निश्चित तौर पर लाभुक के खिलाफ कार्रवाई हो गया रहता। ग्रामीणों ने कहा कि दूसरों को बचाने के फिराक में बीडीओ कहीं स्वयं न फंस जाएं नहीं तो लेने के देने पड़ जाएंगे। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि दोनों नोटिस के बाद समाचार पत्रों में छपी खबर में उनके द्वारा स्पष्ट रूप से प्रतिक्रिया दिया गया था कि सप्ताह दिन के अंदर अगर लाभुक के द्वारा योजना मद की राशि को प्रखंड के नजारत खाता में जमा नहीं किया जाता है तो उनके खिलाफ प्राथमिक दर्ज करा दी जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए जो नियमावली बनी है उसमें भी बीडीओ के द्वारा भारी अनिमियता बरतने का काम किया गया है।

### निर्देश | मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर सीओ ने की बैठक

# निर्वाचन संबंधी कार्य में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बीएलओ तथा सुपरवाइजर के साथ बैठक की गई। इस अवसर पर अंचलाधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता ने सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मालूम हो कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में 2024 के निर्वाचन के मद्देनजर सभी बीएलओ को घर-घर सर्वेक्षण करते हुए अस्पष्ट मतदाता सूची में फोटो तथा नाम सुधार का निर्देश दिया गया।

इस नियमित बीएलओ तथा सुपरवाइजर के बीच पुअर इमेज चेक लिस्ट वितरण किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर को पारदर्शिता तथा निष्ठा पूर्वक समर्पित होकर गंभीरता से कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया इसके अलावा सभी बीएलओ को घर-घर सत्यापन कर छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में चढ़ाने का निर्देश दिया गया इसके अलावा प्रपत्र के माध्यम से 18 प्लस के युवक-युवतियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का भी निर्देश दिया गया वहीं पर्यवेक्षकों को पन्ना वेरीफाई करने का सख्त निर्देश दिए। इस अवसर पर सीआई अरुण प्रसाद,सुमित जसवाल, सहित सभी बीएलओ मौजूद थे।

# बढ़ सकता है चंदवा में क्राइम का ग्राफ

**अभिजीत पावर प्लांट के बंद होने के बाद से परिसर से लोहा चोरी निरंतर जारी**

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र में लोहा चोरी में हुये इजाफे की वजह से क्राइम का ग्राफ बढ़ सकता है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि आने वाले दिनों में लोहा चोर प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर सकते हैं। बताते चलें कि इन दिनों प्रखंड के चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट के बंद होने के बाद से प्लांट परिसर से लोहा चोरी निरंतर जारी है। नतीजतन चंदवा के भविष्य पर क्राइम का बढ़ना लाजिम है। प्लांट परिसर से भारी मात्रा में बाइक और चार पहिया वाहन से स्क्रैप की ढूलाई चोरो द्वारा की जा रही है। हालांकि चंदवा और बालुमाथ पुलिस के द्वारा समय समय पर लोहा चोरो की गिरफ्तारियां भी हुई हैं, लेकिन चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। लोहा चोर चंदवा और बालूमाथ के कबाड़ी दुकानों में प्रतिदिन 40 से 50 टन लोहा बेचकर लाखों रुपये की अवैध कमाई कर रहे हैं। चोर से लेकर कबाड़ी दुकानदार तक की इन दिनों चांदी है। रात के अंधेरे में ये लोग बेखौफ घटना को अंजाम दे रहे हैं। न किसी का डर न भय।

### कइयों के बीच बंटता है कमीशन का हिस्सा

रात भर में कोई हजार दो हजार तो कोई लाख दस लाख रुपये की काली कमाई कर रहा हैं। पता नहीं कितनो के बीच इस कमाई का हिस्सा बंटता है क्यूंकि इस धंधे में क्रमवार सबका कमीशन बंधा हुआ है। सबके बीच एक रूपए किलो से लेकर 8 रुपये किलो तक कमीशन बंधा हुआ है। कुछ लोगों को रेकी करने की तो कुछ लोग रंगदारी के रूप में लेते हैं कमीशन। बताया जाता है कि कबाड़ी दुकानदार माल पहुंचते ही उसका नगद पेमेंट कर देते हैं, जिससे इन लोगों का मनोबल भी बढ़ा रहता है। चर्चा है कि नगद की कमी होने पर कबाड़ी दुकानदार मार्केट से ब्याज पर पैसा उठाकर पेमेंट करने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं।

### भविष्य में बड़ी चुनौती बन सकते हैं लोहा चोर

साफ शब्दों में कहें तो चंदवा समेत लातेहार जिले वासियों के लिए उनका भविष्य एक बड़े खतरे की तरफ जा रहा है। इसमें कोई शक नहीं है कि आनेवाले दिनों में जब प्लांट परिसर का सारा स्क्रैप समाप्त हो जायेगा तो इनकी पैसों की लत वही रहेगी जिससे क्षेत्र में अपराध का ग्राफ काफी तेजी से बढ़ेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बंद पड़े प्लांट परिसर में लोहा चोरी करने रोज रात सौ-डेढ़ सौ की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इनके पास घातक हथियार होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। बीते दिनों चोरों के हमले में प्लांट की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मी भी कई बार घायल हो चुके हैं। अगर समय रहते इस धंधे पर रोक नहीं लगी तो लोहा चोर आने वाले समय में प्रसाशन के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं।

# डुमरी उपचुनाव के मायने

***झारखंड*** के डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए शतरंज की गोटी बिछनी शुरू हो गयी है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रचार अभियान की शुरूआत शुरू कर दी है। वहीं सीएम हेमंत सोरेन भी इस उपचुनाव को काफी गंभीरता से ले रहे हैं। वे अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी बेबी देवी के पक्ष में चार से पांच चुनावी सभाओं को संबोधित करने की योजना बना रहे हैं। मुख्यमंत्री के चुनावी कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जबकि चुनाव मैदान में डटे एआईएमआईएम प्रत्याशी मौलाना मोबिन रिजवी अपने समर्थकों के साथ मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में जुटे हैं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में नवाडीह और धावा टांड़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार के पिछले तीन साल से अधिक के कार्यकाल में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। वहीं राज्य में आज अपराधी बेलगाम हो गये हैं। हत्या, लूट, चोरी डकैती, अपहरण की घटनाएं आम हो गई हैं। राज्य के बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं। रोज बलात्कार की घटनाएं हो रही। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। ब्लॉक,थाना, कहीं भी जायें बिना पैसे के आवास ,जाति प्रमाण पत्र भी नहीं बनते। खान खनिज की लूट हो रही। लोहा,कोयला ,बालू ,पत्थर सब की तस्करी और अवैध खनन हो रहा है। राज्य के लोगों को घर बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास के लिए बालू नही मिल रहा। कोई गरीब अगर बालू निकाल ले तो पुलिस उसे पकड़कर जेल भेज देती है। लेकिन सत्ता के बिचौलिये ,दलाल,और तस्कर खनिजों को राज्य से बाहर बेहिचक भेज रहे हैं। राज्य के मुखिया अवैध कमाई केलिए अवैध खनन को बढ़ावा दे रहे हैं। राज्य की तकदीर और तस्वीर बदलने के लिए ऐसी भ्रष्ट और निकम्मी राज्य सरकार को बदलना जरूरी है। हेमंत सरकार के रहते राज्य में विकास की उम्मीद नहीं। उन्होंने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में वहां की जनता ने एनडीए प्रत्याशी को जीत दिलाकर हेमंत सरकार पर कड़ा चोट किया। उन्होंने डुमरी की जनता से रामगढ़ की तरह डुमरी में भी हेमंत सोरेन सरकार पर चोट करने का आह्वान किया। इस प्रकार आर-पार की स्थिति के बीच जनता की अदालत में जीत और हार की पटकथा तैयार हो रही है। इस उपचुनाव में एक बात महत्वपूर्ण यह कि जनता चुप है। उसकी चुप्पी सभी पार्टी को अखरनी शुरू हो गयी है। हालांकि यहां पांच सितम्बर को चुनाव होगें। नतीजे आठ को आयेगें। लेकिन शह और मात का खेल जारी है। अब देखना बाकी है कि उंट किस करवट बैठता है। यह सीएम के दौरे के बाद कुछ हद तक साफ होने की संभावना है। बहरहाल चुनाव है। इसका मजा सभी ले रहे हैं। लेकिन यह तय है कि यह चुनाव बहुत कुछ सरकार की स्थिति साफ करने में मददगार होगा।बहरहाल यह चुनाव बहुत हद तक यह बताने की कोशिश कर रहा है कि मतदाताओं के मूड को जानना समय से पहले मुश्किल है। फिर भी नेता मतदाताओं के दरवाजे पर जाकर उनके रहनुमा होने का दंभ भर रहे हैं।

**बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में नवाडीह और धावा टांड़ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार के पिछले तीन साल से अधिक के कार्यकाल में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। वहीं राज्य में आज अपराधी बेलगाम हो गये हैं।**

# चित्तौड़ की रानी पद्मावती का जौहर कैसे कोई भूल सकता है

***अपने*** स्वत्व और स्वाभिमान रक्षा के लिए क्षत्राणियों की अगुवाई में स्त्री-बच्चों द्वारा स्वयं को अग्नि में समर्पित कर देने का इतिहास केवल भारत में मिलता है। इनमें सबसे अधिक शौर्य और मार्मिक प्रसंग है चित्तौड़ की रानी पद्मावती के जौहर का। इसका उल्लेख प्रत्येक इतिहासकार ने किया है। इस इतिहास प्रसिद्ध जौहर पर सीरियल भी बने और फिल्में भी बनीं। राजस्थान की लोकगाथाओं में सर्वाधिक उल्लेख इसी जौहर का है। जौहर के विवरण भारत की अधिकांश रियासतों के इतिहास में मिलता है। जौहर की स्थिति तब बनती थी जब पराजय और समर्पण के अतिरिक्त सारे मार्ग बंद हो जाते थे। जौहर के सर्वाधिक प्रसंग राजस्थान के हैं। वहां कोई भी ऐसी रियासत नहीं जहां जौहर न हुआ हो । चित्तौड़ में सबसे पहला और सबसे बड़ा जौहर रानी पद्मावती का ही माना जाता है। रानी पद्मावती सिंहल द्वीप की राजकुमारी थीं। उनका मूल नाम पद्मिनी था जो विवाह के बाद पद्मावती हुआ। सिंहलद्वीप का नाम अब श्रीलंका है। उनके पिता राजा चन्द्रसेन सिंहलद्वीप के शासक थे। उन्होंने अपनी बेटी पद्मिनी के विवाह के लिये स्वयंवर का आयोजन किया। यह समाचार पूरे भारत में आया। चित्तौड़ के राजा रतन सिंह भी स्वयंवर में भाग लेने सिंहलद्वीप पहुंचे। वहां पद्मिनी से विवाह के इच्छुक राजाओं की बल बुद्धि और कौशल की परीक्षा के लिये वन में आखेट की एक स्पर्धा आयोजित की गई। जो राजा रतन सिंह ने जीती और राजकुमारी पद्मिनी से उनका विवाह हुआ । राजकुमारी पद्मिनी महारानी पद्मावती बनकर चितौड़ आ गईं। उनके रूप गुण और राजा रतनसिंह के कौशल की चर्चा दूर-दूर तक हुई। यह दिल्ली के शासक अलाउद्दीन खिलजी तक भी पहुंची। दिल्ली सल्तनत के दो हमले चित्तौड़ पर हो चुके थे पर सफलता नहीं मिली थी। बल्कि गुजरात जाती दिल्ली सल्तनत की फौज से अपने क्षेत्र से होकर निकलने के लिए कर भी वसूला था। किन्तु गागरौन की सहायता के लिये चित्तौड़ की सेना गई थी जिससे शक्ति में कुछ गिरावट आई



और दिल्ली ने तोपखाने की वृद्धि कर अपनी शक्ति बढ़ा ली थी। स्थिति का आकलन करके दिल्ली की फौजों ने चित्तौड़ पर हमला बोला। लगभग एक माह तक घेरा पड़ा रहा। किन्तु सफलता नहीं मिली। अंततः अलाउद्दीन खिलजी ने एक कुटिल चाल चली । कुछ भेंट के साथ समझौता प्रस्ताव भेजा और आग्रह किया कि रानी पद्मावती का चेहरा एक बार देखकर लौट जायेगा। राजा ने प्रस्ताव मान लिया। सुल्तान अपने कुछ विश्वस्त सहयोगियों के साथ भोजन पर आया । उसने आईने में रानी को देखा और चलने लगा। राजा शिष्टाचार के तहत किले के द्वार तक छोड़ने आए । सुल्तान अलाउद्दीन बहुत कुटिल था। वह किले में भीतर जाते समय द्वार पर कुछ सुरक्षा सैनिक छोड़ गया था। उसके इरादों की किसी को भनक तक न थी। जैसे ही राजा द्वार पर आये उनपर हमला हुआ और बंदी बना लिए गये । बंदी बनाकर सुल्तान अपने शिविर में ले आया। और रानी को समर्पण करने का प्रस्ताव भेजा ।

**जौहर के विवरण भारत की अधिकांश रियासतों के इतिहास में मिलता है। जौहर की स्थिति तब बनती थी जब पराजय और समर्पण के अतिरिक्त सारे मार्ग बंद हो जाते थे।**

**इन दिनों**

रानी ने सभासदों से परामर्श किया। गोरा और बादल जो रिश्ते में राजा भतीजे थे ने संघर्ष का बीड़ा उठाया। राजा को मुक्त कराने की योजना बनी। योजनानुसार सुल्तान को समाचार भेजा कि रानी अपनी सखी-सहेलियों और सेविकाओं के साथ समर्पण करने आना चाहतीं हैं। रानी पद्मावती को प्राप्त करने को आतुर अलाउद्दीन ने सहमति दे दी। तैयारी की सूचना भी सुल्तान को मिली। और रानी की ओर से यह आग्रह भी किया गया कि वह अंतिम बार राजा से मिलना चाहतीं है अतैव राजा के बंदी शिविर से होकर सुल्तान के दरबार में हाजिर होंगी। यह सहमति भी मिल गई। चित्तौड़ में दो सौ डोले तैयार हुए। कहीं-कहीं डोलों की यह संख्या 800 भी लिखी है । कुछ में तो दिखावे के लिए महालाएं थीं पर अधिकांश में लड़ाके नौजवान थे जो अपने राजा को कैद से छुड़ाने का संकल्प लेकर जा रहे थे। अंततः शिविर के कैदखाने के समीप जैसे ही ये डोले पहुंचे सभी सैनिक डोले पालकी से बाहर आए । यह छापामार लड़ाई थी जो गोरा बादल के नेतृत्व में लड़ी गई । किसी को अपने प्राणों का मोह न था बस राजा को मुक्त कराने का संकल्प था। इन सभी का बलिदान हो गया पर राजा मुक्त होकर सुरक्षित किले में पहुंच गए । यह 22 अगस्त, 1303 का दिन था। राजा मुक्त होकर किले में आ तो गये थे। पर किले में राशन और सैन्य शक्ति दोनों का संकट था। सेना के अधिकांश प्रमुख सरदार राजा को मुक्त कराने की छापामार लड़ाई में बलिदान हो गये थे । इस घटना से बौखलाए अलाउद्दीन खिलजी का तोपखाना गरजने लगा । अंततः रानी द्वारा जौहर और राजा रतनसिंह द्वारा शाका करने का निर्णय हुआ । 25 अगस्त, 1303 से जौहर की तैयारी आरंभ हुई और रात को ज्वाला धधक उठी। पूरी रात किले के भीतर की सभी स्त्रियों ने अपने छोटे बच्चों को गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश कर लिया । 26 अगस्त के सूर्योदय तक किले के भीतर सभी नारियां अपने छोटे बच्चों को लेकर अग्नि में समा गईं इनकी संख्या सोलह हजार बताई जाती है । 26 अगस्त को ही किले के द्वार खोल दिए गए । जितने सैनिक किले में थे, वे सब राजा रतनसिंह के नेतृत्व में केशरिया पगड़ी बांधकर निकल पड़े। भीषण युद्ध हुआ पर यह युद्ध दिन के तीसरे तक ही चल पाया। राजा रतनसिंह का बलिदान हो गया। इस प्रकार 26 अगस्त को राजा ने अपने स्वत्व और स्वाभिमान रक्षा के लिए अंतिम श्वांस तक युद्ध किया। वहीं रानी पद्मावती ने सोलह हजार स्त्री और बच्चों के साथ स्वयं को अग्नि में समर्पित कर दिया। इसके बाद अलाउद्दीन खिलजी किले में घुसा उसे चारों ओर जलती अग्नि और राख के ढेर मिले। उसने किले में कत्लेआम का आदेश दिया। अलाउद्दीन खिलजी के इस अभियान का वर्णन अमीर खुसरो की रचना 'खजाईन-उल-फुतूह' (तारीखे अलाई) में मिलता है। इस विवरण के अनुसार खिलजी की फौज ने एक ही दिन में लगभग 30,000 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। अलाउद्दीन खिलजी ने अपने बेटे खिज्र खां को चित्तौड़ का शासक नियुक्त किया और चित्तौड़ नाम ह्यखिज्राबादह्ण कर दिया था। रानी पद्मावती का जौहर स्थल आज भी चित्तौड़ में स्थित है। वहां लोग जाते हैं। श्रद्धा से शीश झुकाते हैं तथा रानी को सती देवी मानकर अपनी इच्छापूर्ति की प्रार्थना करते हैं। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**बोधि वृक्ष**

## *आइये सुने कथा कृष्ण भक्त मीरा की*

***पति*** के मरने के बाद मीरा पर व्यभिचार का आरोप लगाया गया। उन दिनों व्यभिचार के लिए मत्यु दंड दिया जाता था। इसलिए शाही दरबार में उन्हें जहर पीने को दिया गया। उन्होंने कृष्ण को याद किया और जहर पीकर वहां से चल दीं। लोग उनके मरने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन वह स्वस्थ्य और प्रसन्न बनी रहीं। इस तरह की कई घटनाएं हुईं। दरअसल भक्ति ऐसी चीज है, जो व्यक्ति को खुद से भी खाली कर देती है। जब मैं भक्ति कहता हूं तो मैं किसी मत या धारणा में विश्वास की बात नहीं कर रहा हूं। मेरा मतलब पूरे भरोसे और आस्था के साथ आगे बढ़ने से है। तो सवाल उठता है, कि मैं भरोसा कैसे करूं? आप इस धरती पर आराम से बैठे हैं, यह भी भरोसा ही है। यह गोल धरती बड़ी तेजी से अपनी धुरी पर और सूरज के चारों ओर घूम रही है। मान लीजिए अचानक यह धरती माता उल्टी दिशा में घूमने का फैसला कर लें, तो हो सकता है कि आप जहां बैठे हैं, वहां से छिटक कर कहीं और चले जाएं। आप नहीं जानते आप कहां पहुंचेंगे। तो आप आराम से बैठें, मुस्कराएं, दूसरों से बातें करें, इन सबके लिए आपको बहुत ज्यादा भरोसे की जरूरत है। लेकिन यह सब आप अनजाने में और बिना प्रेम-भाव के कर रहे हैं। इस भरोसे को पूरी जागरुकता और प्रेम के साथ करना सीखिए। यही भक्ति है। यह सृष्टि जैसी है, उस पर वैसे ही भरोसा करते हुए अगर आपने जागरुकता और प्रेम के साथ यहां बैठना सीख लिया, तो यही भक्ति है। भक्ति कोई मत या मान्यता नहीं है। भक्ति इस अस्तित्व में होने का सबसे खूबसूरत तरीका है। जीव गोसाईं वृंदावन में वैष्णव-संप्रदाय के मुखिया थे। मीरा जीव गोसाईं के दर्शन करना चाहती थीं, लेकिन उन्होंने मीरा से मिलने से मना कर दिया।

*(क्रमशः)*

# 'चंद्र'यान-3... अब शोध हो महीन

***भारत*** के चंद्रयान-3 की सफलता ने दुनिया के वैज्ञानिकों को अचंभित कर दिया है। सारे देश में खुशी का माहौल है। होना भी चाहिए। यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है। मेरा मानना है कि अब इस पर विशद शोध शुरू होना चाहिए कि आमजन के जीवन पर इसका प्रभाव कैसा, क्या और कितना पड़ेगा? यह महत्वपूर्ण खगोलीय घटनाक्रम है। यूं चंद्र उपग्रह है, मगर उसे ज्योतिष में पूर्णग्रह माना जाता है। संतोषजनक रहा कि यह यान चांद पर विशाखा नक्षत्र में स्थापित हुआ था, जो सर्वाधिक शुभ माना जाता है। चंद्रमा तो मन का कारक भी है। यह शोध इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि यूपी के पुलिस महानिदेशक विजय कुमार (आईपीएस-1988) ने गत सप्ताह (21 अगस्त 2023) ने चंद्रकलाओं के आधार पर पुलिस की तैनाती का उल्लेख किया था। पंचांग के महत्व को उकेरा था। उनके शब्दों में-'अधीनस्थ अधिकारियों को हिंदू पंचांग के आधार पर चंद्रमा की गतिविधि के हिसाब से तैनाती का आदेश दिया है। साथ ही लोगों को भी इसी आधार पर सतर्क रहने की सलाह दी है।' चंद्रमा के प्रभाव की चर्चा पहले इस्लाम और चांद पर कर लें। रेडियो खबर के अनुसार यूपी के सभी विद्यालयों को निर्देश था कि चंद्रयान को छात्रों को दिखाया जाए। उनका ज्ञानवर्धन हो सके। इसमें करीब दस हजार मदरसा के तालिबे-इल्म भी शरीक थे। आम धारणा यह है कि इन मदरसों से ज्यादा ध्यान मजहबी शिक्षा को दी जाती है। अतः उन सबको चांद के भिन्न आकारों का भी सम्यक ज्ञान भी मिले। मसलन हिलाल अर्थात धनुषाकार चंद्र। इस्लाम के अनुसार चंद्रमा को पैगंबर ने विभाजित किया था। इस पर भी अन्य नये सिलेबस में विस्तार से अध्ययन हो। हिंदू छात्रों को चंद्रयान पर खास विश्लेषण करना होगा। चंद्रयान ने नया आयाम ही जोड़ दिया। अर्थात ग्रहण कब, कैसे और क्यों पड़ता है ? इस पर अधिक अध्ययन हो। अब केवल चांद पर झंडा गाड़ने अथवा झंडे पर चांद फहराने मात्र से अध्ययन खत्म नहीं होगा। पंडितों को तो खास कर तार्किकता सिद्ध करनी ही है कि चंद्रमा नहीं दिखता है (कृष्ण पक्ष)। अतः उस दौरान कोई भी शुभ कार्य करना उचित क्यों नहीं होता है। दरअसल इसके पीछे ज्योतिष में चंद्रमा की घटती हुई कलाएं होती हैं। इसी भांति शुक्ल पक्ष है जो अमावस्या और पूर्णिमा के दरम्यान आता है। चांद तब चमकने लगता है। पूर्णिमा के दिन बहुत बड़ा होता है। बलशाली होकर अपने पूरे आकार में रहता है। यही कारण है कि शुभ काम करने के लिए इस पक्ष को उपयुक्त माना जाता है। सनातनी हिन्दू तो प्रत्येक खगोलीय घटना का पौराणिक कारण खोज लेता है। जैसे कृष्ण और शुक्ल पक्ष क्यों पड़ते हैं ? एक कथा के अनुसार उन आदित्य वर्ग के देवता दक्ष प्रजापति के बारे में स्वयं पुराण में एक प्रसंग है। उनकी 27 बेटियां थीं। इन सभी का विवाह चंद्रमा से किया गया। ये वास्तव में 27 नक्षत्र थी। चंद्रमा सभी में सबसे ज्यादा रोहिणी से प्रेम करते थे। बाकी सभी से हमेशा रूखा व्यवहार करते थे। ऐसे में बाकी सभी ने चंद्रमा की शिकायत अपने पिता से की। राजा दक्ष ने चंद्रमा को डांटा और कहा कि सभी के साथ समान व्यवहार करें। इसके बाद भी चंद्रमा का रोहिणी के प्रति प्यार कम नहीं हुआ। इस बात को लेकर दक्ष प्रजापति गुस्से में आकर चंद्रमा को क्षय रोग का शाप दे देते हैं। इसी शाप के चलते चंद्रमा का तेज धीरे-धीरे मध्यम होता गया। तभी से कृष्ण पक्ष की शुरूआत मानी गई। दक्ष प्रजापति के शाप के कारण क्षय रोग से चंद्रमा का तेज कम होता गया और उनका अंत करीब आने लगा। तब चंद्रमा ने भगवान शिव की आराधना की और शिवजी प्रसन्न होकर चंद्रमा को अपनी जटा में धारण कर लिया। शिवजी के प्रताप से चंद्रमा का तेज फिर से लौटने लगा और उन्हें जीवनदान मिला। दक्ष के शाप को रोका नहीं जा सकता था।



के. विक्रम राव


**यूं चंद्र उपग्रह है, मगर उसे ज्योतिष में पूर्णग्रह माना जाता है। संतोषजनक रहा कि यह यान चांद पर विशाखा नक्षत्र में स्थापित हुआ था, जो सर्वाधिक शुभ माना जाता है। चंद्रमा तो मन का कारक भी है।**

**शोध**

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से




# वैश्वीकरण व 21वीं सदी का भारत

***पुरातनकाल*** से भारत का समस्त विश्व के लिए कुटुंब भाव के सामने वैश्वीकरण कोई भिन्न विषय नहीं है। तथापि भारत में वसुधैव कुटुंबकम की धारणा सर्वदा आदरणीय रही है। वैश्वीकरण के तमाम फायदों के बावजूद इसके अपनाने को लेकर प्रश्नचिह्न लगते आए हैं। अंतर यह कि वसुधैव कुटुंब में परिवार व विनय का भाव है, लेकिन वैश्वीकरण व्यापार और विनिमय की परिधि में घिर जाता है। फिर प्रश्न उठता है कि हम किस सीमा तक वैश्वीकरण से आच्छादित रहें और वैश्वीकरण के प्रवाह में बहें। इस संदर्भ में संयुक्त अरब अमीरात का उदाहरण प्रासंगिक है। यहां लगभग 200 देशों के लोग रहते हैं। वे यहां विश्वभर में आई नई तकनीक, वस्तुओं और सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं, इसके बाद भी वे अपनी मौलिकता, पहनावा और भाषा इत्यादि को अक्षुण्ण बनाकर रखते हैं, यह अनुकरणीय हो सकता है। वैश्वीकरण का पर्याय भौगोलिक सीमाओं से बिना छेड़छाड़ किए अन्य सभी दीवारों को ध्वस्त होना है। अतः इसका प्रभाव हमारे जीवन के हरेक क्षेत्रों में होना स्वाभाविक है। कुछ अच्छे और कुछ बुरे, जो भी हों, यह तय है कि यह हमारी मानसिकता पर निर्भर है कि हम अपने में क्या बदलाव लाते हैं। भारत जैसे देश में वैश्वीकरण के घोर निंदक भी इसके आर्थिक लाभ की प्रशंसा ही करेंगे, जो प्रतिवर्ष करोड़ों लोगों को समृद्धि के मार्ग पर आगे ले जा रहा है। भारत की युवा जनसंख्या, पढ़ने लिखने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि, कंपिटिटिव वेज जहां विकसित देशों से उन्नत तकनीक को अपने यहां आमंत्रित करता है, वहीं इसके विकास और प्रसार के लिए अपना बाजार उसे एक आधार के रूप में भेंट देता है। इससे और अधिक प्रगति होती है तथा उपभोक्ता बाजार और बड़ा होता जाता है। विकसित देशों का स्किल भारत जैसे के विकासशील देशों में स्केल का स्वरूप ले लेता है। भारत का विश्व अर्थव्यवस्था से इंटीग्रेट करने का जो दौर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय नरसिम्हा राव के काल में प्रारंभ हुआ था, वह आज भी अच्छी गति में अनवरत चल रहा है। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी पिछले दिनों अमेरिका के दौरे पर वहां किन-किन व्यापारिक हस्तियों से मिले या स्वदेश लौटने के बाद किनसे मिले हैं, हमें इसका आभास देता है। परिणाम हमारे सामने है। भारत की आर्थिक दर में निरंतर वृद्धि, विदेशी निवेश में प्रतिवर्ष नया कीर्तमान और भारत का एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उदय होना, इस सबसे संकेत मिलता है कि अल्प समय में ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। सकल घरेलू उत्पाद में अगले कुछ वर्षों में सात ट्रिलियन डॉलर का हो जाएगा। अगले 25 से 30 वर्षों तक यह क्रम चलता रहेगा। संभव है कि उसके बाद पर्यावरण की चुनौती और प्रबल होगी तथा पूरा विश्व अधिक जोर से एकजुट होगा। सतत विकास एक नारा नहीं बल्कि विवशता होगी। प्रकृति के दोहन को न्यूनतम करने की मांग बढ़ेगी और उपभोक्तावाद से आवश्यकतावाद पर बल दिया जाएगा। 21वीं सदी के उत्तरार्द्ध में अर्थव्यवस्था को ही नहीं पूरी व्यवस्था को मापने के नये मापदंड होंगे। वैश्वीकरण के अगले दौर में योग और प्रिय होगा। अभी योग का प्रसार कहीं न कहीं शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के उद्देश्य से ही अभ्यास होता है। हम एक सोपान और चढ़ेंगे। विश्व को योगेश्वर के संदेश व्यवाहारिक लगेंगे। जहां इंद्रियों का शमन व मन का दमन पर जोर दिया गया है। एक ओर विश्व में भौतिकतावाद में ह्रास की शुरूआत होगी तो दूसरी उपभोक्तावाद से आवश्यकतावाद की ओर ट्रांसफारमेशन की शुरूआत होगी। शाकाहारिता प्रबल होगी, उसके महत्व को लोग समझेंगे। सबसे बड़े गोमांस निर्यात देशों में से एक ब्राजील में शाकाहारियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।



धैर्य नारायण झा

**वैश्वीकरण का पर्याय भौगोलिक सीमाओं से बिना छेड़छाड़ किए अन्य सभी दीवारों को ध्वस्त होना है। अतः इसका प्रभाव हमारे जीवन के हरेक क्षेत्रों में होना स्वाभाविक है।**

**वैश्वीकरण**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### करकरा व सरगांव के ग्रामीण पगडंडियों के सहारे आवागमन करने को मजबूर

# आज भी समस्याओं से जूझ रहा है आदर्श ग्राम हुसिया

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड(चतरा)**

चतरा संसदीय क्षेत्र के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हुसिया को सांसद डॉ. सुनील कुमार सिंह ने सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत 2019-24 अवधी के लिए वर्ष 2020 में गोद लिया था। पर आजतक संबंधित अधिकारी व सांसद द्वारा केवल विकास का खाका कागजों पर ही तैयार किया गया है। जमीनी हकीकत है कि आज भी सांसद आदर्श ग्राम पंचायत हुसिया समस्याओं से जूझ रहा है। पंचायत क्षेत्र में हुसिया, चोरहा, करकरा, हडाही, पिपरा, सिंघरावां, गणेशपूर, महुवरी, सरगांव, पुरैनी, बम्हंडी आदी गांव आदर्श गांव में शामिल हैं। इसमें निवास करने वाली आबादी अधिकांश अनुसूचित जाति की है। लेकिन आजादी के सत्तहतर वर्ष बाद भी पंचायत क्षेत्र के करकरा व सरगांव जाने के लिए समुचित सड़क नहीं रहने से ग्रामीण आज भी पगडंडीयों के भरोसे प्रखंड मुख्यालय व पंचायत सचिवालय पहुंचते हैं। जब आवागमन का समुचित विकास नहीं हो पाया तो अन्य क्षेत्रों में विकास की परिकल्पना करना मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखने के बराबर होगा। गांवों के विकास में जोर देने के लिए सांसद आदर्श ग्राम योजना की शुरुआत वर्ष 2014 में की गई थी ताकि अगल बगल के पंचायत आदर्श ग्राम पंचायत का अनुसरण कर विकास की ओर अग्रसर हो सके, परंतु आजतक सांसद व जिला प्रशासन द्वारा एक भी कार्य जमीन पर उतार नहीं जा सका। आज भी आदर्श ग्राम पंचायत हुसिया में अधिकांश आबादी खुले में शौच करने को मजबूर हैं और समस्याओं से जूझ रही है।



# पोस्टमास्टर के नहीं आने से महीनों से बंद पड़ा है हामी डाकघर, लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**

हामी स्थित डाकघर शाखा में पदस्थापित शाखा पोस्ट मास्टर अमन कुमार के नहीं आने से महीनों से हामी स्थित डाकघर शाखा बंद पड़ा हुआ है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हामी ग्राम के दिलीप कुमार, शाखा ग्वाला, गुलशन कुस्मा, कुलदीप बडाईक, सुन्दर शाह बडाईक, सुनील नगेसिया, बिसमत कुम्हार, अजय बडाईक, इंद्रमुनी नगेसिया, ललिता देवी, फुलो नगेसिया आदि ग्रामीणों ने बताया कि पोस्ट ऑफिस लगभग एक- दो माह से बंद है। शाखा पोस्ट मास्टर कौन है हम कभी देखे भी नहीं है और न ही पहचानते हैं। हमें महुआडांड प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में जाकर पोस्ट ऑफिस से संबंधित कार्य करना पड़ रहा है। इस संबंध में डाक अधिदर्शक सेंट्रल डिविजन मुकेश कुमार मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें जानकारी नहीं है। जांच की जायेगी। यदि वो गलत पाये जाते हैं तो नियमानुसार कारवाई की जायेगी। वहीं इस संबंध में संपर्क नही हो पाने के कारण शाखा पोस्टमास्टर अमन कुमार से बात नहीं हो पाई।



### अवैध हथियार से छेड़छाड़ के दौरान हुई थी फायरिंग

# महेंद्र गंझू गोलीकांड का खुलासा, आरोपी दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

विगत 21 अगस्त को सदर थाना क्षेत्र के राजगुरुवा गांव में घटित महेंद्र गंझू गोली कांड का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी राकेश रंजन द्वारा एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस की स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अवैध हथियार रखने वाले गणेश गंझू को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। साथ ही गिरफ्तार युवक के पास से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा और घायल युवक के शरीर से निकला बुलेट भी बरामद किया है।

इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि विगत 28 अगस्त को सूचना प्राप्त हुई थी कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा राजगुरुवा गांव निवासी महेंद्र गंझू को गोली मारी गई है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो घायल युवक ने बताया की गांव के ही गणेश गंझू नामक युवक ने उसे गोली मारी है। इसके बाद घायल युवक को इलाज के लिए मौके से उठाकर सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसके पैर में लगी गोली को निकाल दिया। एसडीपीओ ने बताया कि घायल युवक के फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए छापेमारी अभियान चलाकर आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार युवक ने अवैध हथियार से छेड़छाड़ के दौरान फायरिंग की बात स्वीकार कर ली है। अभियान में सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली व एसआई सिकंदर सिंकू समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



# लेदगाई की डॉ. किरण को मिली महिला महामंडलेश्वर की उपाधि

### पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 51 शक्तिपीठ महामिशन की ओर से सम्मानित किया गया

**नवीन मेल सेवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के उकामाड पंचायत अंतर्गत लेदगाई निवासी डॉ. किरण त्रिपाठी को पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 51 शक्तिपीठ महामिशन की ओर से 51 शक्तिपीठ धाम महामंदिर की प्रथम महिला महामंडलेश्वर की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस दौरान डॉ. किरण त्रिपाठी को कार्यकारिणी की पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा मनोनयन पत्र दिया गा। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि उनके द्वारा लंबे समय से बिहार और झारखंड में कार्य किया जा रहा है जहां उन्हें यह उपाधि मिलना उनके जीवन के लिए सबसे बड़े गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरे जन्मस्थली बरवाडीह के साथ-साथ झारखंड, बिहार और पूरे देश के महिला सशक्तिकरण के सम्मान में शामिल है। वहीं दूसरी ओर डॉ. त्रिपाठी को मिली इस उपलब्धि पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद कन्हाई सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद, राजद अध्यक्ष आदित्य यादव, प्रज्ञा प्रियम, अजित कुमार बिबेक अग्रवाल समेत काफी संख्या में लोगों ने बधाई दी है।



# बरवाडीह थाने में ऑनलाइन मोड में एफआईआर की सुविधा देने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के खुरा पंचायत निवासी शशिकांत रंजन पत्राचार कर के पुलिस महानिदेशक झारखंड सरकार से बरवाडीह थाना में ऑनलाइन एफआईआर की सुविधा देने की मांग की है।

इस संबंध में पुलिस महानिदेशक को हस्ताक्षर युक्त पत्र भेजकर शशिकांत रंजन ने कहा कि लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अनुमंडलीय पुलिस मुख्यालय हैं। इसमें एक और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत सभी थानों में ऑनलाइन एफआईआर पोर्टल सिस्टम लागू है जिससे शिक्षित वर्ग के लोग बिना थाना पहुंचे अपनी शिकायत( प्राथमिकी) दर्ज कर सकते हैं, लेकिन यह सुविधा बरवाडीह थाना में नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

युवा शशिकांत रंजन ने डीजीपी का ध्यान आकर्षित करते हुए बरवाडीह थाना को डिजिटल करते हुए ऑनलाइन एफआईआर पोर्टल सिस्टम लागू करने की मांग की है, ताकि डिजिटल इंडिया के तहत बरवाड़ीह के लोगों को भी ऑनलाइन एफआईआर की सुविधा प्राप्त हो सके। यही नहीं डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा मिल सके।



## संक्षिप्त

### बिना कार्यकारिणी की बैठक के योजनाएं चयनित

**महुआंडाड़।** परहाटोली पंचायत के वार्ड नंबर 2, 4, 5 के वार्ड सदस्य ग्राम प्रधान व ग्रामीणों के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर कहा गया है कि मोक्स राम के घर से लेकर शैलेन्द्र राम के घर तक पीसीसी पर का निर्माण कराया जाना है जिसे लेकर कार्यकारिणी की बैठक कर सहमति होनी चाहिए थी, परंतु इस योजना का चयन बिना कार्यकारिणी के बैठक के बगैर ही कर दिया गया है। साथ ही सचिव अध्यक्ष का चुनाव भी कर लिया गया है। आवेदन में आगे लिखा गया है कि यह जो कार्य है जिसे परहाटोली उप मुखिया के पति विनोद राम के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य को लेकर पंचायत के मुखिया को विनोद राम के द्वारा जाति व संख्या बल का धौंस देकर हस्ताक्षर कराया जाता है। इस कार्य को वहा के वार्ड सदस्य व ग्रामीण भी करने को तैयार हैं। इसे लेकर अनुमंडल पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर जांचोपरांत कारवाई करने की मांग की है। आवेदन देने वालो में वार्ड सदस्य सुलेश्वरी नगेसिया,सुमनी नगेसिया,सुनिता देवी ग्राम प्रधान दिनेश नगेसिया,व ग्रामीण रिंदेश घांसी,रुचा घांसी जयराम घांसी नगेश नायक नरेंद्र राम सुजाता देवी सोनी देवी समेत अन्य दर्जनों लोगों का नाम शामिल है।

### बीडीओ ने बीएलओ रजिस्टर का किया सत्यापन

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का जायजा बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने शुक्रवार गंगा स्मारक उच्च विद्यालय पहुंच कर लिया। साथ ही उन्होंने गिद्धौर में पर्यवेक्षक के साथ घर-घर जाकर बीएलओ रजिस्टर का सत्यापन किया। उन्होंने इस क्रम में बीएलओ द्वारा भरे गए फार्म 6, 7 व 8 की जानकारी ली और ऑन द स्पॉट आवेदकों से मिलकर भरे गये फॉर्म का सत्यापन किया। साथ ही 18 वर्ष की आहर्ता पूरी करने वाले युवाओं से मुलाकात कर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की। उन्होंने बीएलओ को कार्य में तेजी लाने तथा सभी फॉर्म को बीएलओ एप पर भरने का निर्देश दिया। मौके पर पंचायती राज प्रखंड पदाधिकारी दिगम्बर पांडेय सहित बीएलओ मौजूद थे।

### बीडीओ ने मनरेगा कार्यों का स्थल निरीक्षण किया

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के करमा पंचायत में संचालित मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण शुक्रवार को बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने किया।इस दौरान बीडीओ ने करमा, ढोढी व मंझौली गांव में संचालित टीसीबी, मेढबंदी, आमबागवानी, डोभा सहित अन्य योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित कर्मियों को दिया। बीडीओ ने रोजगार सेवक को पूर्ण हुए योजनाओं को अतिशीघ्र जीओटैग कर बंद करने का निर्देश दिया।वहीं बीरसा आम बागवानी में मिश्रित खेती कर किसानों को आय में वृद्धि हेतू जागरुक करने का निर्देश दिया। ताकि किसान अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। इस दौरान बीपीओ नीरज कुमार, मुखिया रामनाथ यादव, रोजगार सेवक सुनिल कुमार, बीएफटी उमेश कुमार के अलावा मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

### भूख मुक्त पंचायत बनाने को लेकर निकाली रैली



**बारियातु।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा में संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र पलामू के तत्वावधान में नागरिक सहायता केंद्र के कर्मियों ने भूख मुक्त पंचायत बनाने को लेकर जागरूकता रैली निकाली। नागरिक सहायता केंद्र के श्रवण उरांव, रामशंकर कुमार रविदास ने सिबला पंचायत के भाटचतरा, झलकीटोला सहित अन्य गली मुहल्ले में साइकिल रैली निकाल कर एवं दीवार लेखन कर भूख मुक्त पंचायत बनाने और राशन कार्ड, मनरेगा योजना को लेकर जागरूक किया गया। वहीं उपस्थित ग्रामीणों का बताया गया कि मनरेगा योजना के तहत जिनको जॉब कार्ड है उन्हें सौ दिन की रोजगार की गारंटी है। किसी भी प्रकार के जॉब कार्ड, राशन व पेंशन से संबंधित समस्या हो वैसे लोग आवेदन के लिए नागरिक सहायता केंद्र का सहयोग लें। हर संभव मदद की जाएगी। मौके पर काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

# पंचायत स्वयंसेवक संघ घेरेगा मुख्यमंत्री आवास



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के द्वारा झारखंड सरकार के समक्ष अपनी मांगों को लेकर लगातार अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है।

वहीं प्रदर्शन कार्यक्रम के बीच आगामी 26 अगस्त को पूरे राज्य के स्वयंसेवक संघ के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव करने की घोषणा की गई है जिसकी जानकारी स्वयं सेवक संघ के महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव ने दी। मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर बैठक करते हुए शंकर यादव ने बताया कि राज्य सरकार से नाराज चल रहे स्वयंसेवक संघ के द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। बैठक में स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष शंकर यादव, संगीता गिद्ध, राजमणि नगेसिया, गुलशन परवीन,अशोक सिंह समुदवार, सुभाष नगेसिया, राजू कुमार गुप्ता,रविंद्र प्रसाद, शमीम अंसारी समेत प्रखंड के सभी पंचायत के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अनुशासन ही संत जेवियर्स की है पहचान'

### सात सदस्यीय प्रोफेसरों के दल ने किया कॉलेज का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**

संत तुलसी दास महाविद्यालय, रेहला, गढ़वा के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को सात सदस्यीय प्रोफेसरों के दल ने संत जेवियर्स कॉलेज महुआडाड़ का दौरा किया। संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एम के जोस ने सभी सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन किया।

इस दौरान दोनों महाविद्यालय के बीच एसएसआर रिपोर्ट की तैयारी, आपसी सहयोग और विचार आदान- प्रदान करने के विषय पर चचाएँ हुई। भविष्य में संबंध बना रहे इसके लिए दोनों महाविद्यालय एमओयू करने पर भी सहमत हुए। टीम के सदस्यों ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओ का भी दौरा किया। इस दौरान प्राचार्य और आईक्यूएसी की कोऑर्डिनेटर सिस्टर कैसलिन जूलियट के नेतृत्व और मार्गदर्शन में एसएसआर रिपोर्ट की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

संत तुलसीदास महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने महाविद्यालय के अनुशासन और शिक्षा की गुणवत्ता की सराहना की साथ ही उन्होंने आज के कार्यक्रम में सहयोग और समय देने के लिए संत जेवियर्स महाविद्यालय प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. समीर टोप्पो, के के चौबे, एस के शुक्ला, साधना कुमारी, शशि शेखर, शेफाली प्रकाश, रश्मी सुमन, शालिनी बाडा, सुबोध मिंज,अंजना एक्का, रोनित मार्शल आदि लोग उपस्थित थे।



# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**मनिका।** थाना अंतर्गत बूढ़ा खैर के समीप एनएच 39 परे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार हुए गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील कुमार सिंह पिता जानकी सिंह आईआरबी के जवान है जो डिप्टी कर चंदवा से चियाकी अपने घर जा रहे थे घर जाने के क्रम में बूढ़ा खैर एनएच 39 में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घायल होगा। आसपास के ग्रामीणों ने मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को घटना की सूचना दिया। सूचना मिलते ही एएसआई मिश्रा मांझी दलबल के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। और घायल को ग्रामीण और प्रशासन की मदद से मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर दिव्य क्षितिज कुजूर ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं डॉक्टर बोले कि सुनील का बाया हाथ फ्रैक्चर हो गया है बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### आरोप | एकदिनी दौरे पर पहुंचे पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा

# आयुष्मान भारत ने पार की घपलों की हदें

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

मोदी सरकार की आयुष्मान भारत हेल्थ स्कीम ने घपलों की सारी हदें पार कर दी है। 7.5 लाख लाभुक फर्जी नंबर से निबंधित पाए गए हैं। कैग ने इसका खुलासा किया है।

उक्त बातें एक दिवसीय दौरे पर चतरा पहुंचे कांग्रेस के पूर्व कृषि मंत्री सह इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष के एन त्रिपाठी ने परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे सड़क निर्माण के लिए 18 करोड़ रुपये प्रति किलो मीटर की स्वीकृति कैबिनेट द्वारा दी गई थी, जिसे बढ़ाकर 250 करोड़ कर दिया गया। आयुष्मान भारत हेल्थ योजना में मृत व्यक्तियों के नाम पर ईलाज दिखाकर निकासी कर ली गई। सिर्फ 5 टोल प्लाजा की रैंडम ऑडिट पर कैग ने पाया कि सड़क उपयोग करने वाली जनता से 132 करोड़ रुपये की ज्यादा वसूली कर ली गई है। कोयला खदानों की नीलामी में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स द्वारा इंजन के डिजाइन में गलती के कारण 159 करोड़ का नुकसान सरकार को हुआ है। भारत माला परियोजना में निर्माण लागत 15.37 करोड़ रुपये प्रति किमी थी जिसे बढ़ाकर 32 करोड़ रुपये कर दिया गया। अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के राम सर्किट मे भी भारी अनियमितता बरती गई। 19.73 करोड़ का अनुचित लाभ ठेकेदारों को 6 प्रॉजेक्ट में दिया गया। मध्यप्रदेश में मृत मरीजों के इलाज के नाम पर 1 करोड़ दस लाख की निकासी कर लो गई। त्रिपाठी ने आगे कहा कि कोयला खदानों की नीलामी में भारी अनियमितताएं बरती गयी।कोयला खदानों की नीलामी प्रक्रिया की ऑडिट करने पर कैग ने पाया कि इसमें पब्लिक मनी की लूट और बंदरबाट हुई है। कोयला खदानों की नीलामी में प्रतिस्पर्धा होना चाहिये था वह नहीं हुआ। ऐसा कारपोरेट्स और उनकी सहायक कम्पनियों के घालमेल से मैनेज हुआ। नीलामी की गयी खदानों के मूल्यांकन (मूल्य असेसमेंट) में त्रुटियां और विसंगतियां थी, जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हुआ। पहले दो चरण में नीलाम की गयी 11 कोयला खदानों की नीलामी बोली में कम्पटीशन का संभावित स्तर हासिल नहीं पाया गया। कैग ने एचएएल हिन्दुस्तान ऐरोनाटिक्स द्वारा इंजन की डिजाईन में की गयी त्रुटियों के कारण 159 करोड़ रुपये का नुकसान सरकार को हुआ। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला अध्यक्ष प्रमोद दुबे, हाजी खय्याम कौसर, राघवीर कुमार समेत दर्जनों कांग्रेस के नेता एंव कार्यकर्ता मौजूद थे।



# जल नल में अनियमिता पर कारवाई करने की मांग की

### प्रखंड प्रमुख व सांसद प्रतिनिधि ने उपायुक्त व सांसद का ध्यान दिलाया

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी के गृह पंचायत लात में जल नल योजना के तहत संबंधित संवेदक द्वारा भारी अनियमिता बरती जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत पर सुशीला देवी एवं सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने लात पंचायत के पांच गांवों का दौरा कर जल नल योजना में बरती जा रही अनियमिता को उजागर किया है। प्रखंड प्रमुख, सांसद प्रतिनिधि ने लातेहार उपायुक्त समेत चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह का ध्यान इस ओर आकर्षित करवाते हुए उचित कदम उठाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार हर घर जल नल योजना के तहत पंचायत के हरेक गांव में आबादी के आनुसार जलमीनर बनाकर अगल-बगल के घरों को योजना का लाभ देना है लेकिन इस योजना के तहत संबंधित संवेदक द्वारा खानापूर्ति करते हुए दिखावा मात्र के लिए योजना का संरचना खड़ा किया जा रहा है। सुनील सिंह, भुनेश्वर सिंह, लालू यादव, सतीश प्रसाद, अशोक यादव समेत अन्य ग्रामीणों की शिकायत पर प्रखंड प्रमुख लात पंचायत के हरहे ग्राम के गांवाटोला में बोरिंग की जांच की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि 200 फीट बोरिंग करने की जगह मात्र 70 फीट बोरिंग की गयी, जबकि जलमीनर लगाने के लिये बनाए गए संरचना में निम्न स्तर की सामग्रियों का उपयोग करते हुए घटिया स्तर का पाइलिंथ बनाया गया जिसमें बनने के साथ कई जगह से दरार पड़ गयी है। इसी तरह कजरहट्वा टोला में भी 200 फीट की जगह मात्र 90 फीट बोरिंग की गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि बोरिंग मशीन रात के अंधेरे में बिना ग्रामीणों की उपस्थिति में कम बोरिंग कर चली जा रही है।





## NEWS इन ब्रीफ

### केरल के वायनाड में सड़क दुर्घटना में नौ महिलाओं की मौत

**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड के मननथवाड़ी में चाय बागान श्रमिकों को ले जा रही एक जीप पलटने से 9 महिलाओं की मौत हो गई। हादसा दोपहर 3.30 बजे मननथवाड़ी थलापुझा कन्नोथ हिल के पास हुआ। हादसे की शिकार ये सभी महिलाएं वायनाड की रहने वाली बताई गई हैं। हादसे में ड्राइवर समेत तीन घायलों की हालत बेहद गंभीर है। जिला कलेक्टर ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। घायलों का मननथवाड़ी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। जिस जीप में मजदूर यात्रा कर रहे थे, वह अनियंत्रित होकर पलट गई। जीप 30 मीटर की गहरे खड्ड में जा गिरी। जीप में 12 लोग सवार थे।

### बिहार के सारण में स्कॉर्पियो पलटने से पांच की मौत

**पटना।** बिहार के सारण जिले में मशरक प्रखंड के बसंतपुर बगही में गुरुवार देरात स्कॉर्पियो के अनियंत्रित होकर कर्कुदरिया नहर में गिर जाने से पांच लोगों की मौके पर मौत हो गई। यह लोग श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी के शव बाहर निकाले। पुलिस के मुताबिक यह स्कॉर्पियो नहर में पुल से 20 फीट नीचे पानी में समा गई थी। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अशरफ अली की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

### सत्येन्द्र जैन की अंतरिम जमानत 1 सितंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनके खिलाफ दर्ज धन शोधन मामले में चिकित्सा कारणों के मद्देनजर आम आदमी पार्टी के नेता एवं दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन की अंतरिम जमानत 1 सितंबर तक बढ़ा दी। एक संक्षिप्त सुनवाई में, न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने यह आदेश दिया। हालांकि, जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए अदालत से उनकी अंतरिम जमानत बढ़ाने का अनुरोध किया।

### भारत-पाकिस्तान सीमा पर मिली एंटी पर्सनल माइन्स

**जैसलमेर।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर राजस्थान के सीमांत जिले जैसलमेर के म्याजलार क्षेत्र में केरला के पास एक जिंदा एंटी पर्सनल माइन्स मिला है। सीमा सुरक्षा बल के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिंदा एंटी पर्सनल माइंस मिलने के बाद सीमावर्ती इलाके तथा सिविल क्षेत्र में सुरक्षा के साथ सावधानी बरती जा रही है। बीएसएफ, पुलिस एवं अन्य एजेंसियों के मौके पर पहुंचने की जानकारी है। विस्तृत ब्यौरे की प्रतीक्षा है।

### जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने भारत नहीं आएंगे पुतिन : क्रेमलिन

**नई दिल्ली।** क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगले महीने दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत नहीं आएंगे। पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मॉस्को में मीडिया से कहा कि रूसी राष्ट्रपति जी20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा की योजना नहीं बना रहे हैं। पेसकोव ने कहा, अब मुख्य जोर यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान पर है।

# नौसेना के लिए 19 हजार करोड़ रुपये से खरीदे जाएंगे 5 फ्लीट सपोर्ट जहाज

**रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन देने के लिए एचएसएल से हुआ करार**

**मध्य समुद्र में जहाजों को ईंधन, भोजन और हथियार देने के लिए होंगे तैनात**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के लिए पांच फ्लीट सपोर्ट शिप (एफएसएस) खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) के साथ 19,000 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रत्येक जहाज का वजन 40 हजार टन से अधिक होगा और यह मध्य समुद्र में नौसेना को ईंधन, भोजन और हथियार प्रदान करेगा। इन जहाजों को स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया जाएगा।

मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने 16 अगस्त को अपनी बैठक में भारतीय नौसेना के लिए इन जहाजों के अधिग्रहण को मंजूरी दी थी। यह सौदा रक्षा मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में बड़ा प्रोत्साहन होगा, क्योंकि इन जहाजों को स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया जाएगा। एफएसएस को मध्य समुद्र में जहाजों को ईंधन, भोजन और हथियार की आपूर्ति करने के लिए तैनात किया जाएगा, जिससे भारतीय नौसेना के बेड़े को बंदरगाह पर लौटे बिना लंबे समय तक संचालित करने में सक्षम बनाया जा सके। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये जहाज नौसेना के बेड़े की रणनीतिक पहुंच और गतिशीलता को बढ़ाएंगे। इन जहाजों को बेड़े में शामिल किए जाने से भारतीय नौसेना की समुद्री क्षमता में काफी वृद्धि होगी। इन जहाजों को समुद्र में मानव सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों के लिए भी तैनात किया जा सकता है। विशाखापत्तनम स्थित हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड में निर्मित होने वाले 44 हजार टन के फ्लीट स्पोर्ट जहाज अपनी तरह के पहले होंगे। मंत्रालय के मुताबिक यह परियोजना आठ वर्षों में लगभग 168.8 लाख मानव दिवसों का रोजगार सृजन करेगी। इन जहाजों का निर्माण भारतीय जहाज निर्माण उद्योग को एक नया आयाम प्रदान करेगा और एमएसएमई सहित संबद्ध उद्योगों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा। अधिकांश उपकरण और प्रणालियां स्वदेशी निमार्ताओं से हासिल की जाएंगी, जिससे ये जहाज सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप 'आत्मनिर्भर भारत' के गौरवशाली ध्वजवाहक होंगे।

**सेवा कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार**

# चुनौती देने की दी अनुमति

**एजेंसी। नई दिल्ली**



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार को याचिका में संशोधन कर राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित अध्यादेश के बजाय संसद द्वारा हाल में पारित कानून को चुनौती देने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर ध्यान दिया कि पहले याचिका में अध्यादेश को चुनौती दी गई थी जो अब संसद से मंजूरी के बाद कानून बन गया है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका में संशोधन की अनुमति दे दी। वहीं, केंद्र ने कहा कि उसे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। पीठ ने संशोधित याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र को चार सप्ताह का समय दिया। संसद में तीखी बहस और विपक्षी दलों द्वारा इसे पारित होने से रोकने के प्रयास के बावजूद सदन ने हाल में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी, जिसे दिल्ली सेवा विधेयक के रूप में भी जाना जाता है। इससे राष्ट्रीय राजधानी में नौकरशाहों की तैनाती और स्थानांतरण को लेकर केंद्र के प्रस्तावित कानून का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इससे पहले सेवाओं संबंधी अध्यादेश को चुनौती देने संबंधी याचिका पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को सौंपी गई थी।

# राष्ट्रपति ने दादी प्रकाशमणि की स्मृति में डाक टिकट जारी किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**




राष्ट्रपति ने शुक्रवार 25 अगस्त को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में ब्रह्माकुमारीज की पूर्व प्रमुख दादी प्रकाशमणि की स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया। डाक टिकट दादी प्रकाशमणि की 16वीं पुण्य तिथि के अवसर पर संचार मंत्रालय के डाक विभाग की 'माई स्टैम्प' पहल के अंतर्गत जारी किया गया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि दादी प्रकाशमणि ने आध्यात्मिकता के माध्यम से भारतीय मूल्यों और संस्कृति को भारत और विदेशों में फैलाया। उनके नेतृत्व में ब्रह्माकुमारीज विश्व में महिलाओं के नेतृत्व वाला सबसे बड़ा आध्यात्मिक संगठन बना। वह एक सच्चे नेता की तरह चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी विश्वास और साहस के साथ ब्रह्माकुमारीज परिवार के साथ खड़ी रहीं और हमेशा उनका मार्गदर्शन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व का यह सबसे बड़ा सत्य है कि जीवन अस्थायी है और व्यक्ति को उसके कर्मों के कारण ही याद किया जाता है। व्यक्ति को लोक कल्याण की भावना से नेक कार्य करना चाहिए। दादी जी भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आध्यात्मिक और मिलनसार व्यक्तित्व और मानव कल्याण के उनके संदेश की यादें हमेशा हमारे बीच जीवित रहेंगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

राष्ट्रपति ने हाल ही में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बारे में कहा कि हम सभी ने भारत के वैज्ञानिकों की अभूतपूर्व सफलता देखी है। भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चंद्रयान-3 मिशन के माध्यम से चंद्रमा की सतह से नई जानकारी मिलेगी जिससे पूरे विश्व को लाभ होगा।

### 40 साल में ग्रीस की यात्रा करने वाले मोदी बने पहले भारतीय प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को एथेंस पहुंचते ही नरेंद्र मोदी 40 वर्षों में ग्रीस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए। यह मोदी की ग्रीस की पहली यात्रा भी है। एक्स पर प्रधान मंत्री ने कहाः एथेंस पहुंचा हूं। भारत-ग्रीस मित्रता को गहरा करने के मकसद से यह एक उपयोगी ग्रीस यात्रा होगी। मैं प्रधानमंत्री कैरियाकोस मितसोताकिस के साथ बातचीत करूंगा। साथ ही भारतीय समुदाय के लोगों के साथ भी बातचीत करूंगा। साथ ही एक ट्वीट में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि मोदी ने ग्रीस की अपनी पहली यात्रा के लिए ऐतिहासिक शहर एथेंस में कदम रखा है। हवाई अड्डे पर वित्त मंत्री जॉर्ज गेरापेत्रिटिस ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान व्यापारिक समुदाय, भारतीय प्रवासियों और प्रमुख हस्तियों के साथ भी बातचीत

**आईआईटी को अज्ञात शख्स ने दिया 160 करोड़ का दान**

# जलवायु चुनौतियों पर खर्च होंगे

**एजेंसी। मुंबई**




भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई (आईआईटी) को अज्ञात शख्स ने 160 करोड़ रुपये का दान दिया है। इस दान राशि का उपयोग ग्रीन एनर्जी एंड सस्टेनेबिलिटी रिसर्च हब की स्थापना के लिए किया जाएगा। इससे आधुनिक तकनीकों की मदद से जलवायु चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी।

आईआईटी मुंबई के निदेशक सुभाशिष चौधरी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यह दान देने वाले शख्स ने अपनी पहचान सार्वजनिक नहीं की है। अज्ञात दानदाता इसी आईआईटी का पूर्व छात्र है। चौधरी ने बताया कि आईआईटी, मुंबई भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों की सूची में तीसरे स्थान पर है। वैश्विक प्रदर्शन के मामले में क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023-24 में 149वां स्थान मिला है। कैंपस प्लेसमेंट और फैकल्टी के लिए आईआईटी मुंबई को शीर्ष पर माना जाता है। इसी वजह से इस संस्था के पूर्व छात्र संस्थान को समय-समय पर दान देकर मदद करते रहते हैं। इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि भी आईआईटी, मुंबई को अब तक दो बार में 400 करोड़ रुपये दान दे चुके हैं। उन्होंने पिछले साल जून महीने में आईआईटी, मुंबई को 315 करोड़ रुपये का दान दिया था। इससे पहले उन्होंने आईआईटी, मुंबई को 85 करोड़ रुपये का दान दिया था। नंदन नीलेकणि ने 1973 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री के लिए आईआईटी बॉम्बे में प्रवेश लिया था। आज शीर्ष स्थान पर पहुंचने के बाद भी नंदन नीलेकणि कहते हैं कि आईआईटी नामक संस्था उनके जीवन का आधार है। इसी वजह से वह आईआईटी, मुंबई को हर तरह की मदद करने के लिए तत्पर रहते हैं।

**शरद पवार ने राकांपा में फूट से किया इनकार, बोले-**

# अजित पवार पार्टी के नेता बने रहेंगे

**एजेंसी। पुणे (महाराष्ट्र)**



राकांपा प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी में कोई फूट नहीं है और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार पार्टी के नेता बने रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ नेताओं ने 'अलग राजनीतिक रुख' अपनाकर राकांपा छोड़ दी है, लेकिन इसे पार्टी में फूट नहीं कहा जा सकता। पवार ने पुणे जिले में अपने गृहनगर बारामती में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात की। शरद पवार की बेटी और पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने एक दिन पहले कहा था कि अजित पवार पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक हैं। बारामती से लोकसभा सदस्य सुले ने अजित पवार के बारे में कहा था, अब, उन्होंने एक ऐसा रुख अपनाया है जो पार्टी के खिलाफ है और हमने विधानसभा अध्यक्ष को शिकायत दी है और उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं। राकांपा में कोई फूट नहीं होने और अजित पवार के पार्टी नेता होने संबंधी सुले के बयान के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, हां, इसमें कोई संशय नहीं है। उन्होंने कहा, कोई कैसे कह सकता है कि राकांपा में फूट है। इसमें कोई संशय नहीं है कि अजित पवार हमारी पार्टी के नेता हैं। उन्होंने कहा, किसी राजनीतिक दल में फूट का मतलब क्या है? फूट तब होती है जब किसी पार्टी का एक बड़ा समूह राष्ट्रीय स्तर पर अलग हो जाता है, लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं हुआ है। कुछ लोगों ने पार्टी छोड़ दी, कुछ ने अलग रुख अपना लिया... लोकतंत्र में निर्णय लेना उनका अधिकार है।

**ब्रिक्स सम्मेलन** **जोहान्सबर्ग में पीएम मोदी ने जिनपिंग से कहा**

# एलएसी पर शांति से सुधरेंगे रिश्ते

**दोनों पक्ष एलएसी के सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर शांति बनाए रखने पर हुए सहमत**



नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका में तीन दिन चले ब्रिक्स सम्मेलन के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सीधी बातचीत हुई। इधर, पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर तनाव घटाने के लिए भारत और चीन ने लगातार 6 दिन तक मेजर जनरल स्तर की मैराथन वार्ता करके गुरुवार देर रात खत्म की है। दोनों पक्ष सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं।

भारत और चीन के बीच 19 वें दौर की सैन्य वार्ता 13-14 अगस्त को भारतीय सीमा पर चुशुल-मोल्डो में हुई थी। साढ़े तीन साल से चल रहे गतिरोध के बीच यह बैठक सबसे ज्यादा 70 घंटे तक चली, जिसमें कई मुद्दों पर सहमति बनती नजर आई थीं। उस समय विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा था कि दोनों पक्षों के बीच पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर शेष मुद्दों के समाधान पर सकारात्मक, रचनात्मक और गहन चर्चा हुई। दोनों पक्ष शेष मुद्दों को शीघ्रता से हल करने और सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत की गति को बनाए रखने पर सहमत हुए। बयान में यह भी कहा गया था कि दोनों पक्ष सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। इसके बाद भारतीय और चीनी सेना ने दौलत बेग ओल्डी और चुशूल सेक्टर में एक बार फिर मेजर जनरल स्तर की वार्ता 19 अगस्त को शुरू की। इस सैन्य बैठक को इतना गोपनीय रखा गया कि किसी को इस मैराथन कवायद की भनक तक नहीं लग सकी। दोनों देशों के बीच लगातार हुई बैठक का खुलासा गुरुवार देर रात को तब हुआ, जब भारत और चीन के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने डेप्सांग और डेमचोक क्षेत्र में लंबे समय से लंबित मुद्दों को हल करने के लिए अपनी छह दिवसीय मैराथन वार्ता समाप्त कर ली। दोनों देशों के बीच मेजर जनरल स्तर की वार्ता उस दिन संपन्न हुई, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स के आखिरी दिन शिखर सम्मेलन से इतर दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ सीमा मुद्दों पर वार्ता की। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने जोहान्सबर्ग में मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत में भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर अनसुलझे मुद्दों पर भारत की चिंताओं पर प्रकाश डाला।

चीनी राष्ट्रपति के सामने प्रधानमंत्री मोदी ने रेखांकित किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखना और एलएसी का सम्मान करना भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए आवश्यक है। विदेश सचिव ने कहा कि इस संबंध में दोनों नेता अपने-अपने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र विघटन और तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने का निर्देश देने पर सहमत हुए। दोनों सेनाएं अब बातचीत पर अपने वरिष्ठ नेतृत्व से निर्देश मांगेंगी और जल्द ही अंतिम निर्णय लेंगी।




### राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अल्लू अर्जुन के घर में खुशी का माहौल



**साउथ** सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के लिए फिल्म "पुष्पा" बेहद खास बन गई है। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता मिली थी। इसके बाद इस फिल्म के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है, जो अब तक किसी भी साउथ फिल्म ने नहीं किया था। कई तेलुगु फिल्मों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। हालाँकि, आज तक किसी भी तेलुगु अभिनेता ने राष्ट्रीय पुरस्कार नहीं जीता। अब अल्लू अर्जुन को उनकी फिल्म "पुष्पा" के लिए नेशनल अवॉर्ड दिया गया है। इस अवॉर्ड के बाद एक्टर के घर में खुशी का माहौल बन गया है। सोशल मीडिया पर इस समय कई वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें लोग अल्लू अर्जुन को बधाई देने के लिए उनके घर पहुंचते दिख रहे हैं। इस खास मौके पर लोग उन्हें गले लगाकर बधाई दे रहे हैं। अल्लू अर्जुन के घर के बाहर भी कई फैंस जमा हो गए हैं। इस खास मौके पर करीबी दोस्त भी उनके घर पहुंचे। अल्लू के पिता अल्लू अरविंद को भी अपने बेटे पर गर्व है। अल्लू अरविंद ने अपने बेटे को गले लगाकर खुशी जाहिर की।

### अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग पर कुशा कपिला ने दी सफाई



**बॉलीवुड** अभिनेता अर्जुन कपूर और मलायका अरोरा इस समय अपने ब्रेकअप की खबरों के कारण सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों के बीच इस वक्त कई विवाद चल रहे हैं। अब दोनों को लेकर तरह-तरह की बातें कही जा रही हैं। इतना ही नहीं अर्जुन कपूर का नाम एक्ट्रेस कुशा कपिला के साथ भी जोड़ा जा रहा है। कुशा और अर्जुन के रिश्ते में होने की अफवाह पर कुशा कपिला ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और सभी को सफाई दी है। कुशा कपिला ने अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। इस बारे में बात करते हुए कुशा ने कहा, "हर रोज मेरे बारे में इतनी सारी बेवकूफी भरी खबरें पढ़ने के बाद अब मैं आगे आकर अपनी सफाई देना चाहती हूं।

### मैंने अपनी फिल्मों से महिलाओं को बहुत अलग ढंग से पेश किया : रानी



**फिल्म** 'मदार्नी' के हिंदी सिनेमा में नौ साल पूरे होने पर अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने फ्रेंचाइजी के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से हमेशा महिलाओं को बहुत अलग तरीके से पेश करने की कोशिश की है। 'मदार्नी' फ्रेंचाइजी में रानी एक पुलिसकर्मी शिवानी शिवाजी रॉय का किरदार निभाती हैं। अभिनेत्री दिल्ली के बाल तस्करी गिरोह को उजागर करने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं। रानी ने कहा, मुझे मदार्नी फ्रेंचाइजी पर बहुत गर्व है। एक अभिनेत्री के रूप में मैंने अपनी फिल्मों के माध्यम से महिलाओं को बहुत अलग ढंग से पेश करने की कोशिश की है। मुझे एहसास हुआ कि मैं महिलाओं को समाज में वास्तविक रूप से प्रदर्शित करने में योगदान दे सकती हूं।" उन्होंने आगे कहा, मैंने महिलाओं को महत्वाकांक्षी, आत्मनिर्भर, साहसी, आगे बढ़ने वाली, समझौता न करने वाली, साहसी और ईमानदार व्यक्ति के रूप में दिखाने की कोशिश की है। 'मदार्नी' सिनेमा में महिलाओं के लिए मेरे दृष्टिकोण में बिल्कुल फिट बैठती है और इस तालमेल के कारण मुझे लगता है कि मैं इस किरदार को 200 प्रतिशत देने में सक्षम हूं। रानी को लगता है कि उनके 'मदार्नी' किरदार शिवानी शिवाजी रॉय और असल जिंदगी में वह एक जैसी हैं। रानी ने कहा, शिवानी और मैं एक ही हैं। इसमें कोई फर्क नहीं है। मैंने कभी किसी को यह बताने नहीं दिया कि मुझे अपना जीवन कैसे जीना है और मैंने अपनी सारी लड़ाईयां खुद ही लड़ी हैं। शिवानी शिवाजी रॉय बिल्कुल वैसी ही हैं।

NEWS इन ब्रीफ

### संस्कृत जनपद सम्मेलन का आज राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) और संस्कृत भारती, रांची की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी और जनपद संस्कृत सम्मेलन का आयोजन 26-27 अगस्त को किया जा रहा है। इसका विषय है- भारतीय ज्ञान परंपराः सिद्धांत और अनुप्रयोग। संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन करेंगे। इसमें विभिन्न राज्यों से लगभग 200 प्रतिभागियों के सम्मिलित होने की संभावना है। उद्घाटन समारोह में दो पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा। जनपद संस्कृत सम्मेलन के अंतर्गत संस्कृत में गीत, संभाषण, नाट्य व नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। इसी के साथ ही सप्ताह भर चलनेवाले संस्कृत सप्ताह के कार्यक्रमों की शुरूआत भी हो जाएगी।

### आईआईएम में जनजातीय फिल्म महोत्सव आज से

**रांची।** आईआईएम, रांची में दो दिवसीय जनजातीय फिल्म महोत्सव की शुरूआत शनिवार को होगी। टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित फिल्म महोत्सव दिन के 3 से शाम 7 बजे तक चलेगा। इसमें निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है। पहले दिन फिल्म निर्देशक मेघनाथ और बीजू की फिल्में प्रदर्शित होंगी। इनमें- गाड़ी लोहरदगा मेल, सृष्टिकथा और नाची से बाची, शामिल हैं। दूसरे दिन रविवार को फिल्म निर्देशक रूपेश कुमार साहू की फिल्म रैट ट्रैप, अभिजीत पात्रो की जोहार और पुरुषोत्तम कुमार की बंधा खेत, प्रदर्शित की जाएंगी।

### एसएसबी के जवानों ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर

**रांची।** एसएसबी 26वीं बटालियन ए कंपनी के इंस्पेक्टर मंटू कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। शिविर में 40 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवा दी गई। कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देश पर सेवा सुरक्षा बंधुत्व के उद्देश्य को लेकर बटालियन के जवानों द्वारा सताकी पंचायत के हल्दीबेड़ा गांव में नागरिक जन कल्याण कार्यक्रम के तहत चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। कमांडेंट चिकित्सा एएफ खान ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। मौके पर सहायक उपनिरीक्षक हरदीप सिंह, मुख्य आरक्षी जगन्नाथ रावत सहित एसएसबी के जवान मौजूद थे।

### सफाईकर्मी की छात्र जदयू ने की आर्थिक मदद

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में सफाईकर्मी का काम करने वाली सुनीला देवी रिम्स में भर्ती है। उनका इलाज स्त्री रोग विभाग में डॉ. किरण त्रिवेदी की देखरेख में चल रहा है। सुनीला की मदद के लिए डीएसपीएमयू छात्र जदयू कमेटी ने आगे आकर चार हजार रुपए की आर्थिक मदद की है। बता दें कि छात्रों ने चंदा कर पैसे जमा किये। वहीं रिम्स प्रशासन से बात कर शीघ्र ऑपरेशन भी सुनिश्चित कराया है। छात्र जदयू के राज्य प्रभारी डॉ। विनय भारत ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ राजनीति करना नहीं है, बल्कि जमीनी कर्मचारियों के सुख-दुख में भागीदार बनना भी है। वहीं छात्र जदयू के राज्य सचिव मोहम्मद आसिफ ने कहा कि युवा छात्रों के हक की रक्षा के साथ सामाजिक सरोकार का काम करना भी हमारा मकसद है।

रक्षाबंधन को लेकर बाजार सज-धज कर तैयार

# राखियों से बाजार हुआ गुलजार, लगी भीड़

**शशि भूषण शर्मा**

रांची। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में अभी से ही रौनक दिखाई देने लगी है। एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियां दुकानों में सज गई है। बाजार में राखी खरीदने को चहल पहल बढ़ गई है। बहनें भी जहां अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने को लेकर काफी उत्सुक है, वहीं भाई भी इसे लेकर खासा उत्साहित है। जो बहनें किसी कारणवश अपने भाइयों के पास नहीं पहुंच पा रही है वे पोस्ट, कुरियर अथवा ऑनलाइन के माध्यम से भाइयों को राखी भेज रही है। जिससे भाई-बहन के बीच अटूट बंधन, स्नेह और विश्वास के प्रतीक, रक्षा बंधन का उत्साह व आनंद और भी दोगुना हो गया है।



**रक्षाबंधन कब मनाएं 30 या 31 को :** इस साल रक्षाबंधन पर राखी कब बांधी जाएगी, इसको लेकर लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कुछ लोगों का मानना है कि रक्षाबंधन 30 अगस्त को मनाया जाएगा तो कुछ लोग कह रहे हैं कि रक्षाबंधन 31 अगस्त को मनाया जाएगा। क्योंकि इस साल रक्षाबंधन पर भद्रा का साया है। इसी वजह से लोगों में भ्रम की स्थिति बनी है। हिंदू पंचांग में इस बार तिथियों को लेकर मतभेद है। चूंकि रक्षाबंधन का पर्व हर साल पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस साल पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 30 अगस्त 2023 दिन बुधवार को हो रही है। लेकिन इसके साथ ही भद्रा काल भी लग जा रहा है। भद्रा काल 30 अगस्त को रात्रि 9 बजकर 5 मिनट पर खत्म होगा। पंडितों का मानना है कि 30 अगस्त को राखी बांधना सैद्धांतिक दृष्टि से ठीक हो सकता है, मगर व्यावहारिक दृष्टि से बिल्कुल ठीक नहीं होगा। इसलिए 31 अगस्त 2023 दिन गुरुवार को रक्षाबंधन मनाना राज-समाज के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा। जबकी रक्षाबंधन पूर्णिमा तिथि का शुभ मुहूर्त एवं सावन माह की पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ 30 अगस्त सुबह 10 बजकर 58 मिनट से शुरू होकर अगले दिन 31 अगस्त दिन गुरुवार को सुबह 7 बजकर 05 मिनट पर समाप्त होगा। चूंकि इस बार सावन की पूर्णिमा की तिथि 2 दिन है। ऐसे में व्रत और स्नान दान का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। किंतु इस दौरान भद्रा काल का साया रहने पर उस समय राखी बांधना अशुभ माना गया है।

### राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में अनगड़ा के दो खिलाड़ियों का अव्वल प्रदर्शन

**अनगड़ा।** लोहरदगा जिला तैराकी संघ द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय लंबी दूरी तैराकी प्रतियोगिता में जनकल्याण समर्पण संस्थान के खिलाड़ियों ने कुल छह स्पधाओं में पदक जीते। 30 मीटर ट्यूब रेस में सूरज जायसवाल ने स्वर्ण पदक, अमन जायसवाल ने 300 मीटर फ्री स्टाइल में रजत, 100 मीटर बटर फ्लाई में रजत, 100 मीटर बैक स्ट्रोक में कांस्य, 50 मीटर आईएम स्ट्रोक में कांस्य सहित कुल पांच पदक जीते। वाटर पोलो में संस्थान की टीम तीसरे स्थान पर रहते हुए में कांस्य पदक जीता। वाटर पोलो टीम के कप्तान अमन जायसवाल, उपकप्तान रोहित क्षेत्री, राजेश मुंडा, प्रकाश गंझू, अमर गंझू, सौरव कुमार, गोपाल बेदिया, जगदीश बेदिया, राजू बेदिया, अक्षय रजवार, मुकेश बेदिया ने अच्छा खेल दिखाते हुए कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। सभी खिलाड़ियों को राज्यसभा सांसद धीरज साहू, लोहरदगा डीसी डॉ बाघमारे कृष्णा, एसपी आर रामकुमार ने ट्रॉफी, पदक, सर्टिफिकेट और नगद राशि देकर पुरुस्कृत किया।

### खेल कूद व युवा कार्य विभाग के निदेशक से मिले हॉकी झारखंड के पदाधिकारी



**रांची।** खेल कूद और कृषि से झारखंड की दशा और दिशा बदल सकती है इसे भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी श्री सुशांत गौरव सर ने सिमडेगा और गुमला जिला में उपायुक्त के रूप में कार्य करते हुए चरितार्थ कर चुके है,अभी इसी सप्ताह उनका पदस्थापन निदेशक,खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड में हुआ है।उनके खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड में पदभार ग्रहण करने के बाद आज हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह और रजनीस कुमार मिले और उन्हें बुके देकर स्वागत किया तथा 27अक्तूबर 2023से रांची में पहली बार आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता झारखंड महिला हॉकी एशियन चैंपियनश 2023 एवम कल से रांची में आयोजित 6वी सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप 2023महिला और पुरुष के आयोजन से संबंधित सारी जानकारी दी।यह है कि सिमडेगा के उपायुक्त के रूप में श्री सुशांत गौरव सर की मार्ग दर्शन में सिमडेगा में महिला वर्ग का दो दो नेशनल हॉकी चैंपियनशिप का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ था,जो अब तक हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित सब्जुनियर और जूनियर महिला हॉकी का सर्वश्रेष्ठ आयोजन माना जाता है।

### रांची में करंट से एक व्यक्ति की हुई मौत

**रांची।** जिले के सोनाहातू थाना क्षेत्र के तिलाईपीडी में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गयी। उसकी पहचान प्रहलाद महतो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रहलाद पेड़ पर चढ़कर डाली काट रहा था। पेड़ के ऊपर से बिजली का तार गुजरा था, जिसके संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई। वह बंगाल भकुवाडीह का रहने वाला था और तिलाईपीड़ी में घर जवाई के तौर पर रह रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि करंट से एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

### हथियार के बल पर लूट की घटना सीसीटीवी में हुआ कैद



**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के कोकर चुन्ना भट्टा में शुक्रवार सुबह एक लाल रंग की स्कूटी पर सवार चार अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर एक व्यक्ति के साथ लूट की। अपराधियों ने व्यक्ति से पर्स और मोबाइल फोन लूट लिया। पर्स मे पांच हजार रुपये और कुछ जरूरी कागजात थे। जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यक्ति का नाम प्रवीण प्रसाद चौरसिया है, जो नवादा से कोकर भाभा नगर अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी मे कैद हो गयी है। थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### बिहार क्लब में 27 को होगी दुर्गा पूजा समिति की बैठक

**रांची।** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति से संबंधित सभी पूजा समितियों की बैठक 27 अगस्त को बिहार क्लब में होगी। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू ने शुक्रवार को बताया कि सभी समितियों से अपील की गयी है कि वह स- समय बैठक में दुर्गा पूजा के आयोजन की चर्चा में भाग ले।

### रांची के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह के तहत कई कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** शहर के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह (21 से 26 अगस्त) के तहत शुक्रवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ उप प्रधानाचार्य उज्ज्वल कुमार नायक एवं मुख्य समन्वयक आशा राज ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में बच्चों ने श्रीमद्भगवद्गीता के चतुर्थ अध्याय का पाठ "मृदपि च चंदनमस्मिन् देशे" संस्कृत गीत एवं शिव तांडव स्तोत्र पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा दसवीं की छात्रा शुभांगी पटेल ने संस्कृत भाषा में संभाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय में संस्कृत में श्लोक एवं गीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही छात्रों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया। मौके पर उप प्रधानाचार्य ने कहा कि संस्कृत भाषा के उच्चारण मात्र से कई प्रकार के प्राणायाम हो जाते हैं। इससे मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और बच्चों के उच्चारण दोष का निवारण किया जा सकता है। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक अभय नाथ मिश्र ने कहा कि संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है। केवल भौतिक उन्नति से मानव का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। इसके लिए आध्यात्मिक उन्नति अत्यंत आवश्यक है। इसकी पूर्ति संस्कृत भाषा के द्वारा की जा सकती है। मुख्य समन्वयक आशा राज ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कृत और संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ती है। यह भाषा हमारे देश की पहचान और हमारा स्वाभिमान है। कार्यक्रम में इभा रानी, सुचित्रा सिन्हा एवं सुषमा तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन दसवीं की छात्रा सौम्या सृष्टि ने किया।

### हाथियों के झुंड ने बारेन्दा और तेतला गांव में मचाया उत्पात

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेन्दा और तेतला गांव में 20 हाथियों के झुंड ने गुरुवार की रात जमकर उत्पात मचाया। हाथी बारेन्दा गांव के धान व्यापारी बलराज मछुआ के धान गोदाम का दरवाजा और शटर तोड़कर 10 क्विंटल से अधिक धान खा गए। हाथियों ने किसान बसंती देवी, लक्ष्मीकांत साहू, कपूर देवी के खेत में लगे धान की फसल को रौंद दिया। वहीं तेतला गांव के किसान कांतो कोइरी, अंगद कोइरी, बलराम कोइरी, हरिहर कोइरी की मकई और धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। शुक्रवार की सुबह हाथी मित्र तापस कर्मकार ने गांव में किसानों से मुआवजा के लिए फॉर्म भरवाया। ग्रामीणों ने बताया कि बारेन्दा पहाड़ी में 20 और तेतला टुंगरी में 15 से 20 की संख्या में हाथियों का झुंड पहुंचा है। सोनाहातू पूर्वी में कुल 35 से 40 की संख्या में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इन्हीं में से लगभग 20 हाथियों का झुंड बारेन्दा और तेतला गांव पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया।

हाई कोर्ट ने रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना की मांगी जानकारी

# डीपीआर बनकर तैयार, आगे की प्रक्रिया जारी: राज्य सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने का आग्रह करने वाली अरविंदर सिंह देओल की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के तीन फेज का निर्माण कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाना है। इसको पूरा करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दायर करे। इससे पूर्व राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के फेज टू, फेज थ्री और फेज फोर के कार्य के लिए डीपीआर बनाने का काम पूरा हो गया है, अब आगे की प्रक्रिया की जाएगी। रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शहदेव ने बताया कि जोन-वन का कार्य रांची नगर निगम कर रहा है, जिसका लगभग 78 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा कुछ और फंड रिलीज किया गया है। रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट और एनएचएआई से अभी एनओसी नहीं मिला है। एनओसी मिलते ही कार्य तेज किया जाएगा। अभी बरसात के कारण काम में देरी हो रही है। केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार अब रांची शहर में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना के लिए कोई राशि नहीं देगी। केंद्र ने स्कीम के तहत राज्य सरकार को 60 करोड़ रुपये दिए थे लेकिन राज्य सरकार ने यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया था। शहरी विकास के मद में झारखंड को फंड देने वाली स्कीम वर्ष 2015 बंद हो चुकी है। जवाहरलाल नेहरू अर्बन मिशन स्कीम के तहत शहरी विकास के लिए केंद्र सरकार का अंशदान 60 प्रतिशत फीसदी तथा राज्य सरकार का अंशदान 40 प्रतिशत था।



रंग लाई सांसद संजय सेठ की पहल

## खलारी में दो और चांडिल में चार ट्रेनों के ठहराव की मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेल मंत्रालय के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र को 6 ट्रेनों के ठहराव की सौगात मिली है। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने सूचना भी जारी कर दी है। बहुत जल्द इन ट्रेनों का ठहराव आरंभ हो जाएगा। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक विवेक कुमार सिंह के हवाले से जारी पत्र में यह बताया गया है कि रांची लोकसभा क्षेत्र में 6 ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति दी गई है। जिन क्षेत्रों में ट्रेनों की ठहराव की स्वीकृति मिली है, उनमें खलारी रेलवे स्टेशन पर दो ट्रेनों और चांडिल रेलवे स्टेशन पर चार ट्रेनों का ठहराव शामिल है। खलारी रेलवे स्टेशन पर हटिया आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस और संबलपुर बनारस एक्सप्रेस का ठहराव शामिल है। वहीं ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल रेलवे स्टेशन पर दुर्ग राजेंद्र नगर साउथ बिहार एक्सप्रेस, आसनसोल टाटानगर एक्सप्रेस, रांची हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस और टाटा कटिहार एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया गया है। सांसद संजय सेठ ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। सांसद ने कहा है कि रांची लोकसभा क्षेत्र में रेल यात्री सुविधाओं का विस्तार हो, इस दिशा में उन्होंने लगातार काम किया है। जिसके सुखद परिणाम अब सामने आ रहे हैं। लंबे समय से चांडिल और खलारी क्षेत्र के लोग इन ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे थे, जो अब पूर्ण हो गई है। बहुत जल्द यहां और भी कई यात्री सुविधाओं का विस्तार देखने को मिलेगा।



## रांची में 26 व 27 अगस्त को योगासन स्पोर्ट्स का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 26 और 27 अगस्त को बूटी के जुमार नदी के समीप स्थित मनन विद्या स्कूल में किया जायेगा। इस संबंध में संगठन के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रांची योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन चौथी बार जिला स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है। इस चैंपियनशिप में रांची जिले के कई स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 500 बच्चे शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, मनरखन महतो, मनोज महतो, रेखा नायडू, पतंजलि से ईश्वर चंद शामिल होंगे। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद आदित्य साहू , भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, भाजपा स्टेट कन्वेनर अमित चरण, डॉ मधुलिका वर्मा, डॉ परिणीता सिंह शामिल होंगी। इस अवसर पर सचिव संतोषी कुमारी ने बताया कि इस चैंपियनशिप में कई तरह के इवेंट करवाया जा रहा है। इसमें सब जूनियर में उम्र नौ वर्ष से लेकर 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसी प्रकार जूनियर में उम्र 14 वर्ष से 18 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सीनियर में 18 से 28 वर्ष, सीनियर ए झ 28 से 35 वर्ष तक, सीनियर बी- 35 से 45 वर्ष तक, सीनियर झ 45 से 55 वर्ष तक को इस प्रतियोगिता में शामिल किया जा रहा है। इसमें आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, आर्टिस्टिक योगासन पेयर, राइथिमक योगासन पेयर, ट्रेडिशनल इंडिविजुअल योगासन किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को अपना आधार कार्ड, बर्थ सर्टिफिकेट और पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य होगा।



बचने का तरीका | पार्थेनियम उन्मूलन पर जागरूकता अभियान का आयोजन

# पौधों से होने वाले नुकसान की दी गयी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीएयू के शस्य विभाग एवं पौधा संरक्षण विभाग, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में विगत गुरुवार को बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय, रांची में पार्थेनियम (गाजर घास) के उन्मूलन पर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण के साथ करीब 300 छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर शस्य वैज्ञानिक डॉ. शीला बारला ने बताया कि हूबहू गाजर घास जैसी दिखने वाली पार्थेनियम पौध एक प्रकार का खरपतवार है। पार्थेनियम हिस्टोफोर जिसे आम भाषा में कांग्रेस घास, गाजर घास, चटक चांदनी और कड़वी घास के नाम से जाना जाता है। यह बहुत अधिक रूप से खाली स्थानों, बेकार पड़ी भूमियों, औद्योगिक क्षेत्रों, सड़क के किनारों, रेलवे लाइनों आदि पर पाई जाती है। इसका प्रकोप फसलों जैसे धान, ज्वार, मक्का, सोयाबीन, मटर, तिल, अरण्डी, गन्ना, बाजरा, मूंगफली, सब्जियों एवं उद्यान फसलों में भी देखा जा सकता है। इस खरपतवार से फसलों की पैदावार में लगभग 40 प्रतिशत तक की कमी हो जाती है। इस खरपतवार के सम्पर्क में आने से मनुष्य को डरमेटाईटिस एल्जिमा, एलर्जी, बुखार, दमा जैसी गंभीर रोग हो जाती हैं। इसके खाने से पशुओं में अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं और दुधारू पशुओं के दुग्ध में कड़वाहट एवं गंध आने लगती है। बताया कि पार्थेनियम उन्मूलन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन झारखंड राय विश्वविद्यालय में विगत दिनों किया गया। कार्यक्रम में छात्रों एवं शिक्षकों को पार्थेनियम के दुष्परिणाम एवं उन्मूलन की जानकारी दी गयी। मौके पर कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी कालेन खलखो ने गाजर घास के उन्मूलन में इसके फैलाव को रोकने के लिए जैविक, रासायनिक एवं यांत्रिक तरीकों की जानकारी दी। बताया कि पौधे के शुरूआती दौर में ही हाथ से उखाड़ने से शाकनाशी के प्रयोग से एवं यांत्रिक विधि से इस खरपतवार पर आसानी से नियंत्रण किया जा सकता है। कहा कि शाकनाशी रसायनों में एट्राजिन, डाययूरान, मेट्रीव्यूजिन, 2,4-डी, ग्लाइफोसेट, प्रमुख है। साथ ही कृषित तथा अकृषित क्षेत्रों में गाजर घास के उन्मूलन के लिए उपयोगी खरपतवारनाशी रसायनों के प्रयोग की भी जानकारी दी। कुलपति डा. ओंकार नाथ सिंह बताते है कि पार्थेनियम घास के प्रकोप से झारखंड, उत्तरप्रदेश व बिहार जैसे राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।



**इसका प्रकोप फसलों जैसे धान, ज्वार, मक्का, सोयाबीन, मटर, तिल, अरण्डी, गन्ना, बाजरा, मूंगफली, सब्जियों एवं उद्यान फसलों में भी देखा जा सकता है।**


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/06/2023-24/RE-1

डी०एम०एफ०टी० मद अंतर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-Procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | हण्टरगंज | तिलहेत | ग्राम–तिलहेत में लंगुरवा नाला से पंचायत सचिवालय होते हुए भलुवाहा देवी मण्डप तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2208300.00 | 44200.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 22 | हण्टरगंज | तिलहेत | ग्राम–कसहावर में किशोरी यादव के घर से प्रभु गंझू के घर होते हुए हटवरिया सिमाना तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1229400.00 | 24600.00 | 2500.00 | 03 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –02.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –08.09.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति को जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 09.09.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 11.09.2023 के अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई–निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम से निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के पदनाम से भुगतेय होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।

PR 305551 (Rural Development) 23-24 (D)

# विश्व कप : संजय बांगर ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ ने 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक देश में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए अपनी पसंदीदा 15 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान किया। बांगड़ ने अपनी टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह देकर एक अलग और हैरान करने वाला निर्णय लिया, क्योंकि अर्शदीप ने अब तक केवल तीन वनडे खेले हैं। लेकिन अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। इसके अलावा, एशिया कप टीम में भी उनका नाम नहीं है। वनडे वर्ल्ड कप-2019 में बांगर भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच थे। तब भारत ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था और मैनचेस्टर में नॉकआउट मैच में न्यूजीलैंड से हार गई थी। बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, विश्व कप के लिए, जिस तरह से मैंने अपनी टीम चुनी है वह कॉम्बिनेशन पर केंद्रित है।

### टीम कॉम्बिनेशन इस प्रकार होगा

पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज, दो विकेटकीपर-बल्लेबाज, दो स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर, एक तेज-गेंदबाजी ऑलराउंडर, एक विशेषज्ञ स्पिनर और चार तेज गेंदबाज।

पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज में, रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव होंगे। दो विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन और केएल राहुल होंगे। एशिया कप टीम की तरह, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को वनडे विश्व कप के लिए बांगड़ की टीम में भी जगह नहीं मिली है। दो स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर में उन्होंने रवींद्र जड़ेजा और अक्षर पटेल को रखा। वहीं, बांगर की टीम में गेंदबाजों में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या होंगे। एक विशेषज्ञ स्पिनर-कुलदीप यादव और चार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह का नाम शामिल है। भारत अब सीधे एशिया कप-2023 में खेलते हुए नजर आएगा जिसमें वह 2 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।

# एशियाई खेलों के लिए पाक टीम घोषित, इन खिलाड़ियों को मौका

**एजेंसी। लाहौर**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चीन के हांगझू में होने वाले 19वें एशियाई खेल के लिए पाकिस्तान शाहीन्स टीम की घोषणा कर दी है। ऑलराउंडर कासिम अकरम पाकिस्तान टीम का नेतृत्व करेंगे। आयोजन 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। 20 वर्षीय कासिम ने अब तक 20 प्रथम श्रेणी मैचों और 40 टी20 मैचों में भाग लिया है और 2022 में आईसीसी व19 विश्व कप में पाकिस्तान अंडर-19 की कप्तानी भी की है। 15 सदस्यीय टीम में आठ खिलाड़ी पहले ही टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। पीसीबी की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी आमिर जमाल (2 टी20आई), अरशद इकबाल (एक टी20आई), आसिफ अली (21 वनडे, 55 टी20आई), हैदर अली (2 वनडे, 33 टी20आई), खुशदिल शाह (10 वनडे, 24 टी20आई), मोहम्मद हसनैन (9 वनडे, 27 टी20आई), शाहनवाज दहानी (2 वनडे, 11 टी20आई) और उस्मान कादिर (एक वनडे, 23 टी20आई) हैं। 15 सदस्यीय टीम में 8 खिलाड़ी आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, अरशद इकबाल, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, रोहेल नजीर, शाहनवाज दहानी और सुफियान मुकीम हाल ही में टीम से जुड़े हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### सरकार ने एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए 634 एथलीटों को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए 38 खेलों में 634 एथलीटों को मंजूरी दे दी है। जो भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा अनुशंसित 850 एथलीटों के मुकाबले निर्धारित चयन मानदंडों को पूरा करते हैं। 2018 में एशियाई खेलों के पिछले संस्करण में कुल 572 एथलीटों ने भाग लिया था, जहां भारत 16 स्वर्ण सहित 70 पदक लेकर देश लौटा था।

### पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन ब्रे वायट का हार्ट अटैक से निधन



**नई दिल्ली।** तीन बार के डब्ल्यूडब्ल्यूई विश्व चैंपियन विंडहैम रोटुंडा, जो ब्रे वायट के नाम से मशहूर हैं, का 36 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक से निधन हो गया। डब्ल्यूडब्ल्यूई अधिकारी ट्रिपल एच ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। ट्रिपल एच ने एक्स पर लिखा, अभी डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेम माइक रोटुंडा का फोन आया, जिन्होंने हमें दुखद खबर दी कि हमारे डब्ल्यूडब्ल्यूई परिवार के आजीवन सदस्य विंडहैम रोटुंडा - जिन्हें ब्रे वायट के नाम से भी जाना जाता है। उनका आज अप्रत्याशित रूप से निधन हो गया। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं और हम चाहते हैं कि इस समय हर कोई उनकी निजता का सम्मान करे। हालांकि, उनकी मौत का मुख्य कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### बीबीएल-13 : टिम पेन बतौर कोच शुरू करेंगे नई पारी



**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया)।** बिग बैश लीग (बीबीएल-13) के अगले सीजन से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और विकेटकीपर टिम पेन बतौर सहायक कोच के रूप में एडिलेड स्ट्राइकर्स टीम के साथ जुड़ गए हैं।


### सितंबर में क्लब विश्व कप 2023 का ड्रा आयोजित करेगा फीफा

**जिनेवा।** फीफा क्लब विश्व कप सऊदी अरब 2023 के लिए ड्रा 7 सितंबर को होगा। फीफा ने गुरुवार को उक्त घोषणा की। विश्व फुटबॉल संचालन संस्था अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जेद्दा, सऊदी अरब से होने वाले ड्रा का सीधा प्रसारण करेगी। टूर्नामेंट में सात टीमें प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। लाइनअप में जापान से उरावा रेड्स, मिस्र से अल अहली, मैक्सिको से क्लब लियोन, न्यूजीलैंड से ऑकलैंड सिटी, इंग्लैंड से मैनचेस्टर सिटी और सऊदी अरब से अल इत्तिहाद शामिल हैं। कोनमेबोल लिबटार्डोरेस 2023 के विजेताओं का निर्धारण अभी किया जाना बाकी है। अल इत्तिहाद और ऑकलैंड सिटी 12 दिसंबर को पहले दौर में आमने-सामने होंगे।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023

# नीरज चोपड़ा ने फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

### नीरज ने अपने पहले ही प्रयास में 88.77 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया




**एजेंसी। बुडापेस्ट**

भारत के 'गोल्डन बॉय' नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को हंगरी के बुडापेस्ट में प्रतिष्ठित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

ग्रुप ए क्वालीफायर में रखे गए, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज ने अपने पहले प्रयास में 88.77 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया, जो 83.00 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क को पार कर गया। इस जबरदस्त थ्रो के साथ, नीरज ने 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। विश्व के शीर्ष क्रम के भाला फेंक खिलाड़ी के रूप में चैंपियनशिप में जाने वाले नीरज ने अपना दूसरा और तीसरा प्रयास नहीं किया। बुडापेस्ट 2023, विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 19वें संस्करण, में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता फाइनल का क्वालीफाइंग कट 83.00 मीटर निर्धारित किया गया है। पिछले साल, 25 वर्षीय टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता ने यूजीन में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। नीरज पहले ही ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

### डीपी मनु-किशोर जेना भी फाइनल में पहुंचे



**विश्व** एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा के साथ, डीपी मनु और किशोर जेना भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में पहुंच गए हैं। अब भारत के तीनों खिलाड़ी रविवार, 27 अगस्त को होने वाले फाइनल राउंड में हिस्सा लेंगे। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पहले ही प्रयास में अपने सीजन की और करियर की चौथी सर्वश्रेष्ठ दूरी 88.77 मीटर तक भाला फेंका और क्वालिफिकेशन ग्रुप ए में शीर्ष पर रहे। इस प्रक्रिया में उन्होंने पेरिस ओलंपिक-2024 क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर को पार कर लिया। वहीं, इस साल एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले 23 वर्षीय मनु दोनों समूहों में कुल मिलाकर छठे स्थान पर रहे और 81.31 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ग्रुप बी में प्रतिस्पर्धा कर रहे एक अन्य भारतीय किशोर ने 80.55 मीटर थ्रो के साथ स्टैंडिंग में नौवें स्थान पर रहे।

# बाकू शूटिंग : भारत ने 6 स्वर्ण पदकों के साथ किया समापन




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने अपने बाकू विश्व चैंपियनशिप अभियान का समापन छठे स्वर्ण और तीन और कांस्य पदकों के साथ किया, जिससे उसकी संख्या छह स्वर्ण और आठ कांस्य पदकों तक पहुंच गई, और वह वर्तमान में पदक तालिका में दूसरे स्थान पर है। तियाना, साक्षी सूर्यवंशी और किरणदीप कौर ने मिलकर महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता, जबकि तियाना ने इस स्पर्धा में व्यक्तिगत कांस्य भी जीता।

तियाना ने व्यक्तिगत कांस्य पदक के लिए 533 का स्कोर किया, जबकि साक्षी सूर्यवंशी ने 531 का स्कोर करके महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पांचवां स्थान हासिल किया। किरणदीप कौर 509 के साथ 11वें स्थान पर रहीं। हालांकि, तीनों ने कुल 1573 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि चीन 1567 और मंगोलिया 1566 के साथ समाप्त हुआ।

# मैंने कुछ ऐसे शॉट खेले जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता : प्रणय



**एजेंसी। कोपेनहेगन (डेनमार्क)**

भारत के शीर्ष रैंक के शटलर एचएस प्रणय, जो अपने पहले विश्व चैंपियनशिप पदक की तलाश में हैं, ने स्वीकार किया कि बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू के खिलाफ एक मुश्किल मैच था और उन्हें लगा कि वह कई क्षेत्रों में सटीक नहीं थे। लेकिन उन्होंने कुछ ऐसे शॉट खेले जो वह आमतौर पर नहीं खेलते हैं। पिछले साल थॉमस कप में भारत की जीत के नायक प्रणय ने गुरुवार को सिंगापुर के 2021 चैंपियन को कड़े मुकाबले में 21-18, 15-21, 21-19 से हराया। अपनी जबरदस्त जीत के बाद बीडब्ल्यूएफ वेबसाइट से बात करते हुए, नौवीं वरीयता प्राप्त भारतीय ने कहा कि उन्होंने ऐसे शॉट्स लगाए जो आम तौर पर उनके सामान्य प्रदर्शन से बाहर थे, जो खेल में एकमात्र अंतर था। प्रणय ने कहा, मैं कई क्षेत्रों में उतना परफेक्ट नहीं था, लेकिन अंत में मैंने खुद को आश्वस्त किया कि हारना ठीक है, लेकिन प्रयास न करना ठीक नहीं है, इसलिए अंत में मैंने कुछ ऐसे शॉट खेले जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता और शायद यही एकमात्र अंतर था। कोचों के साथ बहुत सारी बातें हुईं। वे मुझसे कुछ चीजें करने के लिए कह रहे थे लेकिन मैं उन चीजों को करने में सक्षम नहीं था। मैं सोच रहा था कि क्या करूं और मैं निराश हो रहा था क्योंकि मैं उस तरह से नहीं खेल पा रहा था। वे चाहते थे कि मैं खेलूं, और वे निराश हो रहे थे क्योंकि मैं उस तरह के शॉट नहीं लगा पा रहा था।" उन्होंने कहा, दबाव वाले मैच में उन शॉट्स को खेलना मुश्किल होता है। लेकिन यहीं पर कोच काम आते हैं, वे आपको खेलने का आत्मविश्वास देते हैं, कि हारना ठीक है।

प्रणय ने पहले गेम में शुरूआती बढ़त गंवा दी और फिर संघर्ष करते हुए स्कोर 8-8 से बराबर कर लिया। लोह ने 12-9 से फिर बढ़त बना ली, लेकिन भारतीय शटलर ने 16-16 से बराबरी कर ली और फिर पहला गेम 21-18 से जीत लिया। यह सिलसिला दूसरे गेम में भी जारी रहा और हालांकि प्रणय ने लोह को 13-13 पर जा पकड़ा, लेकिन सिंगापुर के शटलर ने तुरंत बाकी अंक हासिल कर दूसरा गेम 21-15 से अपने नाम कर लिया। रोमांचक निर्णायक गेम में, प्रणय 11-4 की बढ़त पर थे, लेकिन लोह ने वापसी की और अंतर को 11-10 तक कम कर दिया। सिंगापुर के खिलाड़ी ने लगातार पांच अंक जीतकर 16-14 की बढ़त ले ली, लेकिन प्रणय को नकारा नहीं जा सका और उन्होंने 19-19 पर अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ दिया और गेम और मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। तीसरे गेम में 4-11 से पिछड़ने के बाद लोह को लगातार छह अंक मिलने के बाद भावनाएं चरमरा गई थीं। प्रणय ने कहा कि वह भावनाओं को दबा रहे थे और उन्हें अपने सिर में बढ़ते दबाव को दूर करने के लिए उन्हें जोर से व्यक्त करने की जरूरत महसूस हुई।

यह तीव्र था, यह भावनात्मक था। 11-4 तक यह अच्छा था, फिर अचानक आप लोह को एक नया गियर इंजेक्ट करते हुए और उन कठिन स्मैश मारते हुए देख सकते थे, और यह वास्तव में कठिन हो रहा था।

## यूएस ओपन 2023

### पहला ग्रैंड स्लैम जिसमें होगा वीडियो समीक्षा प्रणाली का उपयोग

**नई दिल्ली।** स्पोर्ट्स डेस्क : यूएस ओपन ने निर्णय लेने में चेयर अंपायरों की सहायता के लिए वीडियो रिव्यू (वीआर) तकनीक लागू करने वाला पहला ग्रैंड स्लैम बनकर इतिहास रच दिया है। यह प्रणाली जिसे कई एटीपी आयोजनों में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी, का उपयोग 2023 यूएस ओपन टूनामेंट के लिए किया जाएगा। यह वीआर प्रणाली खिलाड़ियों को डबल बाउंस और फाउल शॉट्स सहित विभिन्न निर्णयों को चुनौती देने में मदद करेगी। यूएस ओपन मीडिया साइट पर दी गई जानकारी के अनुसार कई कैमरा कोणों का उपयोग करते हुए सिस्टम चेयर अंपायरों को संबंधित घटना का सटीक दृश्य प्रदान करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'वीआर अधिकारी और वीआर ऑपरेटर वीडियो को अंपायर की कुर्सी की स्क्रीन के साथ-साथ उपलब्ध होने सहित स्टेडियम स्क्रीन पर भी भेजेंगे।' वीडियो की समीक्षा करने के बाद चेयर अंपायर तय करेगा कि मूल फैसले को पलट दिया जाए या नहीं। यदि साक्ष्य परिवर्तन का समर्थन करने में विफल रहता है, तो प्रारंभिक निर्णय बना रहेगा। एटीपी हाल के दिनों में अपने फाइनल, नेक्स्ट जेन फाइनल और एटीपी कप के लिए वीआर तकनीक का उपयोग कर रहा है।

# बच्चों को प्रेरित कर रही है प्रो कबड्डी लीग



**एजेंसी। मुंबई**

प्रो कबड्डी इतिहास में कुछ सबसे खतरनाक और बेस्ट रेड देखे गए हैं। हर गुजरते सीजन के साथ इसकी गुणवत्ता और बढ़ती जा रही है। किसी भी डिफेंडर के लिए लीग के कुछ सबसे खतरनाक रेडरों का सामना करना एक बड़ी चुनौती है। लेकिन पिंक पैंथर्स के अंकुश सीजन-9 में चुनौती के लिए तैयार थे। उन्होंने सीजन के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार जीता और जयपुर पिंक पैंथर्स को पीकेएल-2022 का खिताब दिलाने में मदद की। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने लीग के सभी युवा सुपरस्टार्स के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया और भविष्य की झलक दिखाई।

अंकुश ने अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए कहा, बड़े होते हुए, मैंने राजेश नरवाल, रोहित छिल्लर और उनके जैसे कई खिलाड़ियों को देखा। यहां तक कि मेरा बड़ा भाई अमित भी शुरूआती प्रो कबड्डी लीग सीजन का हिस्सा था और फिर मैंने भी पेशेवर खिलाड़ी बनने का सपना देखा।

रोहतक जिले के एक गांव लाखन माजरा के रहने वाले अंकुश ने आगे कहा, ₹जब मैंने इस खेल को अपनाया तब मैं महज 6-7 साल का था। मुझे लगता है कि छोटे बच्चों के लिए, पीकेएल एक शानदार लीग है जो उन्हें खेल को पेशेवर रूप से अपनाने के लिए प्रेरित करती है और मेरे जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए अपने कौशल में सुधार करने के लिए एक मंच प्रदान करती है।

इसके बाद युवा डिफेंडर सीजन-7 में जयपुर पिंक पैंथर्स के साथ आगे बढ़े और टीम के सीनियर खिलाड़ियों के बीच खेलना सीखा। उन्होंने आगे कहा, "लीग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण का अवसर पाकर मैं काफी खुश था। हमारे मुख्य कोच संजीव कुमार बलियान ने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया और मुझे मैट पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। यहां तक ??कि कप्तान सुनील कुमार सहित टीम के अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भी दबाव कम किया और मुझे अपनी ताकत के अनुसार खेलने के लिए प्रेरित किया।

बेंगलुरु बुल्स के साथ एक सीजन बिताने के बाद, अंकुश को पिछले साल एक बार फिर जयपुर पिंक पैंथर्स द्वारा नए युवा खिलाड़ी के रूप में चुना गया था। उन्होंने 89 टैकल पॉइंट हासिल करते हुए किसी युवा खिलाड़ी द्वारा दिए गए बेस्ट प्रदर्शन में अपना नाम दर्ज कराया।

उन्होंने अपने सिग्नेचर एंकल-होल्ड डिफेंसिव मूव पर भी चर्चा की, जो सीजन-9 में सुर्खियों में था। अंकुश ने कहा, ॒एक डिफेंडर के रूप में, मैं अपनी जमीनी स्थिति बनाए रखने की कोशिश करता हूं और रेडर के टखने या जांघ को लॉक करने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। यह एक ऐसा कौशल है जिसे सुधारने के लिए मैं नियमित रूप से प्रशिक्षण लेता हूं।

प्रो कबड्डी लीग सीजन-10 के खिलाड़ियों की नीलामी 8-9 सितंबर को मुंबई में होगी और पीकेएल का दसवां सीजन 2 दिसंबर 2023 से शुरू होगा।

## टूर्नामेंट : अरुणाचल प्रीमियर लीग सीजन-1 का दिल्ली में शुभारंभ

# पहला मैच 12 सितंबर को खेला जाएगा




**एजेंसी। नई दिल्ली**

अरुणाचल प्रीमियर लीग (एपीएल) सीजन एक 12 से 18 सितंबर 2023 तक क्रिकेट प्रेमियों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। अरुणाचल क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) के सचिव नबाम विवेक ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम अरुणाचल प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र को लाने के लिए रोमांचित हैं। यह लीग न केवल असाधारण क्रिकेट एक्शन का वादा करती है बल्कि क्षेत्र में क्रिकेट प्रतिभाओं का पोषण करने के लिए एक मंच के रूप में भी काम करती है।

एपीएल टूर्नामेंट कमिश्नर एचएस राणा ने कहा, लीग को अरुणाचल प्रदेश की अपार क्रिकेट क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है। पांच प्रतिस्पर्धी टीमों की भागीदारी के साथ, यह टी - 20 प्रारूप टूर्नामेंट प्रशंसकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा।

तवांग टाइगर के मालिक अभय सिंह ने अपना आशावाद साझा करते हुए कहा, हमें अरुणाचल प्रीमियर लीग का हिस्सा होने पर गर्व है और हम इन प्रतिभाशाली टीमों के बीच शीर्ष स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता देखने के लिए उत्सुक हैं। एपीएल सीजन 1 के बैनर तले, नागालैंड का सोविना स्टेडियम रोमांचक मैचों की एक श्रृंखला की मेजबानी करेगा, जिसमें पांच टीमें - तवांग टाइगर्स, सियांग शार्क्स, पारे वॉरियर्स, कामले कोबरा और कामेंग स्ट्राइकर्स शामिल हैं। लीग में शामिल हर टीम को 4 मैच मिलेंगे।

लीग चरण के बाद, शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 18 सितंबर को ग्रैंड फिनाले तक पहुंचेंगी।

जेएच स्पोर्ट इंडस्ट्रीज के जय कांत झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, अरुणाचल क्रिकेट एसोसिएशन के साथ हमारा सहयोग देश में खेल प्रतिभाओं को पोषित करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। एपीएल सीजन-1 एक उल्लेखनीय आयोजन होने का वादा करता है जो क्षेत्र में क्रिकेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

